4 | रायपुर संभाग
धमतरी शहर विकास को मिली नई गति, 123 विकास कार्यों...

6 | अभिमत
सेवानिवृति या अवसाद

09 | शिक्षा एवं स्वास्थ्य
विद्यार्थी निरंतर सीखने की भावना जागृत रखें : राज्यपाल

10 | संस्कारधानी
डॉ. रमन ने दिव्यांग बच्चों के साथ केक काटकर...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 16 अक्टूबर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-56 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### महाराष्ट्र चुनाव की कमान संभालेंगे भूपेश-सिंहदेव



**रायपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने महाराष्ट्र चुनाव के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। सूची में छत्तीसगढ़ से पूर्व सीएम भूपेश बघेल एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव को वरिष्ठ पर्यवेक्षक बनाया गया हैं। बघेल को विदर्भ अमरावती/नागपुर और सिंहदेव को पश्चिमी महाराष्ट्र की जिम्मेदारी दी गई है।

### परमेश शिवमणि ने भारतीय तटरक्षक के महानिदेशक का पदभार संभाला

**नयी दिल्ली।** परमेश शिवमणि ने भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) के 26वें महानिदेशक के रूप में पदभार संभाला। फ्लैग ऑफिसर ने अपने साढ़े तीन दशक से अधिक के शानदार करियर के दौरान तट और जलपोत नियुक्तियों में विभिन्न पदों पर कार्य किया है। परमेश शिवमणि नेविगेशन और डायरेक्शन क्षेत्र के विशेषज्ञ हैं और उनकी समुद्री कमान में आईसीजी के सभी प्रमुख जहाज हैं, जिनमें उन्नत ऑफ शोर पेट्रोल वेसल 'समर' और ऑफ शोर पेट्रोल वेसल 'विश्वस्त' शामिल हैं। ध्वज अधिकारी तटरक्षक क्षेत्र (पूर्व), तटरक्षक क्षेत्र (पश्चिम), तटरक्षक कमांडर पूर्वी समुद्री तट के प्रमुख रहे हैं।

### सीतारमण मैक्सिको और अमेरिका की यात्रा पर होंगी रवाना

**नयी दिल्ली।** वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण



16 अक्टूबर से मैक्सिको और अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगी। सीतारमण 17 से 20 अक्टूबर 2024 तक मैक्सिको की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा के दौरान अधिकारियों के एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगी, जो दोनों देशों के बीच बढ़ते द्विपक्षीय आर्थिक और व्यापार संबंधों पर चर्चा करेंगी। ग्वाडलजारा में अपनी यात्रा की शुरुआत करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री टेक लीडर्स राउंडटेबल की अध्यक्षता करेंगी, जो ग्वाडलजारा में मौजूद प्रमुख भारतीय आईटी दिग्गजों सहित वैश्विक प्रौद्योगिकी नेताओं को एक साथ लाएगी। बाद में, सीतारमण ग्वाडलजारा में टीसीएस मुख्यालय का भी दौरा करेंगी जो मैक्सिकन आईटी पारिस्थितिकी तंत्र में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता है।

# सूरजपुर कांडः दोहरे हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

## जांबाज पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर रमनलाल ने खुद ही आरोपी को धर दबोचा

पायनियर संवाददाता ∢ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

यह पहली घटना होगी जब किसी जिले के कप्तान ने खुद ही मोर्चा संभालते हुए मैदान में कूदने का साहस दिखाया। जिले के जांबाज पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर रमनलाल ने खुद ही आरोपी को धर दबोचा। सूरजपुर जिले के पिढ़ा गांव में हुए दोहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपी से प्रारंभिक पूछताछ के उपरांत उसे सूरजपुर जिले के लिए रवाना किया गया। सूरजपुर में हेड कॉन्स्टेबल तालिब शेख की पत्नि और बेटी की हत्या मामले में फरार आरोपी कुलदीप साहू को बलरामपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है। वह झारखंड के गोदरमाना से बस में सवार होकर अंबिकापुर आ रहा था। इसके बाद आरोपी को सूरजपुर पुलिस को सौंप दिया गया है। मामले को लेकर पुलिस अधिक्षक वैभव ने तत्परता दिखाई। वह खुद ही मोर्चा संभालते हुए आरोपी को लगातार ट्रेस कर रहे थे। जिसके बदौलत चंद घंटों में ही अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं जगदलपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि, लोगों को कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए। इसके लिए शासन-प्रशासन और कानून है।




### बलरामपुर कोतवाली के सामने बस में पकड़ा गया आरोपी कुलदीप साहू

पहले कुलदीप साहू से बलरामपुर साइबर सेल में पूछताछ और शिनाख्त की गई है। कुलदीप वारदात के बाद झारखंड भाग गया था। बताया जा रहा है कि बलरामपुर पुलिस अधीक्षक ने उसे वहीं ट्रेस किया। इसके बाद लगातार उसकी लोकेशन मॉनिटर कर रहे थे। बलरामपुर एसपी बैंकर वैभव रमनलाल के साथ पुलिस अधिकारियों ने बलरामपुर कोतवाली के सामने बस रुकवा कर गिरफ्तार किया है। आरोपी कुलदीप के साथ इस वारदात में अन्य लोगों के भी शामिल होने की आशंका है। शक के आधार पर पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। शहर को पुलिस ने छावनी में तब्दील कर दिया गया है। दूसरी ओर तालिब शेख की पत्नि और बेटी के शवों को गृहग्राम मनेंद्रगढ़ लाया गया था। टीवी टावर रोड स्थित निवास से उनका जनाजा निकाला गया। एसपी ने भी जनाजे को कंधा दिया, फिर मौहारपारा कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। संयुक्त पुलिस परिवार ने कुछ देर पहले ही आरोपी कुलदीप पर इनाम की घोषणा की थी। आरोपी को पकड़ने वाले को 50 हजार और एनकाउंटर पर 1 लाख रुपए का इनाम देने का ऐलान किया गया था। संयुक्त पुलिस परिवार के संयोजक उज्जवल दीवान ने वीडियो जारी कर कहा- जब पुलिस और पुलिस का परिवार ही सुरक्षित नही है तो जनता कैसे सुरक्षित रहेगी। सूरजपुर में हवलदार की पत्नि और बेटी के हत्यारों को किसी स्थिति में बख्शा नही जाएगा।

### घर से 5 किमी. दूर खेत में मिले थे शव

पुलिस को मां-बेटी का शव पांच किलोमीटर दूर खेत में पड़े होने की सूचना सोमवार को ग्रामीणों ने दी। उनके घर में शवों को घसीटे जाने के निशान मिले हैं। आसपास के सीसीटीवी कैमरों को भी आरोपियों ने फोड़ दिया था। घटना की परिस्थितियों को देखते हुए हत्याकांड में एक से अधिक आरोपियों के शामिल होने की आशंका है।

### बवाल के बाद छावनी बना सूरजपुर

घटना से आक्रोशित लोगों ने कुलदीप साहू के घर और मानपुर में स्थित गोदाम में आग लगा दी। आगजनी से कुलदीप साहू के गोदाम और घर में लाखों का सामान जल गया है। आगजनी रोकने पहुंचे सूरजपुर एसडीएम जगन्नाथ वर्मा को भी लोगों ने पीट दिया। नगर बंद कराने के साथ ही थाने के सामने लोगों ने घंटों प्रदर्शन किया। तीन माह के अंतराल में राज्य में इस तरह की यह तीसरी घटना है। जिसमें पब्लिक ने स्वयं मोर्चा खोलकर सड़क में उतरना उचित समझा।

## महाराष्ट्र में 20 नवम्बर , झारखंड में 13 और 20 नवम्बर को चुनाव

### रायपुर दक्षिण विस उपचुनाव 13 नवंबर को, परिणाम 23 को

पायनियर संवाददाता ∢ नई दिल्ली/ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने 15 अक्टूबर को महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव का ऐलान कर दिया। महाराष्ट्र में चुनाव एक चरण में संपन्न होगा और 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। नामांकन के लिए 20 अक्टूबर को नोटिफिकेशन जारी होगा। इसके अलावा 47 विधानसभा क्षेत्रों और 2 संसदीय क्षेत्र (वायनाड) के लिए 13 नवंबर को उपचुनाव होंगे। इसमें छत्तीसगढ़ में रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट के 13 नवंबर को मतदान होंगे। उत्तराखंड में 1 विधानसभा क्षेत्र के लिए 20 नवंबर को उपचुनाव होंगे। महाराष्ट्र में 1 संसदीय क्षेत्र (नांदेड़) के लिए 20 नवंबर को उपचुनाव होंगे। मतगणना 23 नवंबर को होगी।

## सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर विशेष अदालत ने सुरक्षित रखा फैसला

**नयी दिल्ली/वार्ता।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने धन



शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत दर्ज मामले में कथित रूप से शामिल दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन की नियमित जमानत याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। प्रथम लिंक विशेष न्यायाधीश कावेरी बानेगा ने दलीलें पूरी होने के बाद मामले को 18 अक्टूबर को आदेश सुनाने के लिए स्थगित कर दिया।

## पीएम मोदी ने किया डिजिटल टेक्नोलॉजी के लिए ग्लोबल गाइडलाइंस बनाने का आह्वान

पायनियर संवाददाता ∢ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंटरनेशनल टेलीकॉम यूनियन (आईटीयू) की विश्व टेलीकॉम मानकीकरण सभा (डब्ल्यूटीएसए) 2024 में डिजिटल टेक्नोलॉजी के ग्लोबल फ्रेमवर्क का ग्लोबल गाइडलाइंस बनाने का मंगलवार को आह्वान करते हुये कहा कि अब समय आ गया है कि वैश्विक संस्थान को ग्लोबल गवर्नेंस के लिए इसके महत्व को स्वीकारना होगा और टेक्नोलॉजी के लिए वैश्विक स्तर पर क्या करें और क्या न करें की सूची बनानी होगी। मोदी ने यहां आईटीयू डब्ल्यूटीएसए 2024 और इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) के आठवें संस्करण का शुभारंभ करते हुये कहा आज जितने भी डिजिटल टूल्स और एप्लीकेशंस हैं, वो बंधनों से परे हैं, किसी भी देश की सीमा से परे हैं। इसलिए कोई भी देश अकेले साइबर खतरों से अपने नागरिकों की रक्षा नहीं कर सकता।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर दसराहा पसरा के विकास कार्य का किया लोकार्पण



### सीएम ने मां दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने एक दिवसीय बस्तर प्रवास के दौरान जगदलपुर राजवाड़ा परिसर स्थित मंदिर में मां दंतेश्वरी के दर्शन और पूजा-अर्चना कर प्रदेश वासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री साय के साथ इस मौके पर बस्तर दशहरा के माटीपुजारी कमल चंद, वन मंत्री केदार कश्यप ने भी मां दन्तेश्वरी की पूजा-अर्चना की।




पायनियर संवाददाता ∢ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर जिले के एक दिवसीय प्रवास के दौरान 2 करोड़ 99 लाख 78 हजार से अधिक की लागत के बस्तर दसराहा पसरा के विकास कार्य का लोकार्पण किया। यहां दंतेश्वरी मंदिर के समीप स्थित पुराने तहसील कार्यालय का जीर्णोद्धार कर बस्तर दशहरा के लिए समर्पित किया गया है। इसका नाम बस्तर दसराहा पसरा (बस्तर दशहरा हेतु स्थल) दिया गया है। मुख्यमंत्री ने पसरा में बस्तर दशहरा के विभिन्न रस्मों की फोटो प्रदर्शनी, प्रतीकात्मक रथ, देवी देवताओं के प्रतिकों अवलोकन कर उनकी सराहना की। उन्होंने प्रतीकात्मक रथ के समीप फोटो भी खिंचवाई। दसराहा पसरा में 75 दिवसीय दशहरा उत्सव में होने वाले मुख्य विधि विधान जिनमें पाट जात्रा, डेरी गढ़ाई, काछन गादी, रैला देवी पूजा, जोगी बिठाई, रथ परिक्रमा, बेल पूजा, निशा जात्रा, मावली परघाव, भीतर रैनी-बाहर रैनी काछन जात्रा, कुटुम्ब जात्रा एवं डोली विदाई की जीवन्त प्रतिकृति स्थापित कर जन सामान्य एवं पर्यटकों को सुलभ जानकारी देने का प्रयास किया गया है। प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व छत्तीसगढ़ की अनुठी सांस्कृतिक विशेषतापूर्ण एवं बस्तर के जन-जातियों की आराध्य देवी दन्तेश्वरी तथा स्थानीय देवी-देवताओं की पूजा विधान के रूप में मनाया जाता है। तहसील कार्यालय में पहले से चली आ रही परंपरा अनुसार दशहरा पर्व में शामिल होने वाले क्षेत्र के सभी देवी देवता, आंगादेव, देवी की छत्र की उपस्थिति का दर्ज इसी स्थल पर किया जाता रहा है। इसलिए प्रशासन द्वारा तहसील कार्यालय को अन्य स्थल पर स्थांनातरित कर पुराने तहसील कार्यालय को दसराहा पसरा के लिए चिन्हांकित कर दिया गया है।

# राजनाथ सिंह ने तेलंगाना में नौसेना के नये स्टेशन की आधारशिला रखी

पायनियर संवाददाता ∢ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तेलंगाना के विकाराबाद में दमगुंडम रिजर्व फॉरेस्ट साइट पर 3,200 करोड़ रुपये की लागत से नौसेना के एक नए 'वेरी लो फ्रीक्वेंसी' (वीएलएफ) स्टेशन की आधारशिला रखी जो 2,900 एकड़ में फैला होगा। यह चुनौतीपूर्ण समुद्री परिदृश्य में प्रभावी कमान और नियंत्रण क्षमताओं को सुनिश्चित करते हुए नौसेना की परिचालन तत्परता को बढ़ाएगा। यह नौसेना संचार बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, लंबी दूरी पर विश्वसनीय और सुरक्षित प्रसारण को सक्षम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। रक्षा मंत्री ने इस अवसर पर विश्वास जताया कि वीएलएफ स्टेशन देश की सैन्य क्षमताओं का विस्तार करेगा, जो सशस्त्र बलों के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि हाई-टेक वीएलएफ स्टेशन सिर्फ एक सैन्य प्रतिष्ठान नहीं बल्कि राष्ट्रीय महत्व की एक रणनीतिक संपत्ति होगी। सिंह ने कहा, युद्ध के उभरते तरीकों को देखते हुए मनुष्य और मशीनों के बीच प्रभावी समन्वय बेहद महत्वपूर्ण होता जा रहा है। यह वीएलएफ स्टेशन हमारे समुद्री हितों को सुरक्षित करने की दृष्टि से बनाया जा रहा है। यह सशस्त्र बलों के कमांड सेंटरों के साथ हमारे जहाजों और पनडुब्बियों के बीच सुरक्षित और वास्तविक समय संचार सुनिश्चित करेगा। अचूक संचार प्रणाली जीत और हार के बीच निर्णायक कारक साबित होता है। वास्तविक समय संचार के बिना, हम पर्याप्त उपकरण या जनशक्ति होने के बावजूद बढ़त हासिल नहीं कर सकते, मजबूत संचार प्रणाली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, रक्षा मंत्री ने इसे किसी भी जटिल ऑपरेशन में समन्वय के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक स्पष्ट और सुरक्षित संचार चैनल न केवल समय पर और प्रभावी निर्णय लेने में मदद करता है, बल्कि कमांड के आदेशों को फील्ड संरचनाओं तक पहुंचाने और फीडबैक प्राप्त करने का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम है। सिंह ने कहा कि यदि सैनिकों को युद्ध के मैदान या ऑपरेशनल माहौल में पूरी जानकारी दी जाती है, तो उनके मनोबल और एकता को बड़ा बढ़ावा मिलता है, जिससे सुरक्षा और रणनीति दोनों में वृद्धि होती है। रक्षा मंत्री ने हिंद महासागर क्षेत्र में लगातार बढ़ती वैश्विक रुचि के मद्देनजर भारतीय नौसेना को लगातार सशक्त बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, हमारी रुचि पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में फैली हुई है। हम इस क्षेत्र में प्रथम प्रत्युत्तरकर्ता और पसंदीदा सुरक्षा भागीदार के रूप में भी उभरे हैं। आज, कई देशों ने अपना ध्यान इस क्षेत्र में समुद्री संसाधनों की ओर स्थानांतरित कर दिया है। यदि भारत को अपने वाणिज्यिक और सुरक्षा हितों को सुरक्षित रखना है।

## ग्रामीण हुए आगबबूला, विधानसभा में भी उठ चुका है मामला

# भवन और शिक्षको की मांग को लेकर स्कूल में तालाबंदी, प्रदर्शन कर रहे सरपंच और ग्रामीणों को एसडीएम ने कहा : कौन से पार्टी से हो, अगर भाजपा के हो तो चुप रहो

पायनियर संवाददाता ∢ बालोद
www.dailypioneer.com




ग्राम पीपरछेड़ी में नए स्कूल भवन और शिक्षकों की मांग को लेकर ग्रामवासियों व छात्र-छात्राओं ने प्रायमरी, मिडिल और हाईस्कूल में तालाबन्दी कर धरना प्रदर्शन किया। स्कूल गेट पर ताला जड़ गेट के बाहर कर जमकर प्रदर्शन किया और जिला शिक्षा अधिकारी हाय हाय के नारे भी लगाए। बकायदा शामियाना टेंट लगाकर प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीण, शाला समिति प्रबंधन, पालक और छात्रगण करीबन 200 से अधिक लोग मौजूद रहें। तालाबन्दी की सूचना मिलते ही एसडीएम प्रतिमा ठाकरे, डीईओ पीसी मरकले, तहसीलदार आशुतोष शर्मा, बीईओ बसन्त बाघ सहित पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची। और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण और छात्र अपनी मांगों को लेकर अड़े रहे। करीबन साढ़े 4 घँटे से अधिक समय तक प्रदर्शन चला। फिर अधिकारियों के भवन निर्माण की कार्यवाही आगे बढ़ाने, 2 शिक्षक की व्यवस्था के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया। वहीं भवन निर्माण की मांग दीपावली तक पूरा नहीं होने पर ग्रामीणों ने उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी। बता दें कि बीते माह 26 सितंबर को ग्रामीणों ने नए हायर सेकेंडरी भवन निर्माण और व्याख्यता, भृत्य सहित रिक्त 13 पदों को भर्ती करने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौपा था और मांग पूरी नही होने पर तालाबंदी की चेतावनी दी थी। इसके बाद भी जिला शिक्षा विभाग के द्वारा इस दिशा में ध्यान नहीं दिया गया। आखिरकार ग्रामीणों ने गांव के तीनो स्कूल प्राथमिक, मिडिल और हाईस्कूल में तालाबन्दी कर स्कूल गेट के बाहर धरना प्रदर्शन में बैठ गए। उनके साथ स्कूली बच्चे भी धरना प्रदर्शन में सम्मिलित हुए।

### जनप्रतिनिधि का आरोप, एसडीएम ने की गलत बात

ग्रामीणों को समझाने पहुची एसडीएम प्रतिमा ठाकरे द्वारा ग्रामीणों को समझाने के दौरान कांग्रेस भाजपा किस पार्टी से हो पूछे जाने से ग्रामीण भड़क उठे। एसडीएम ने उप सरपंच और शाला समिति के पदाधिकारियों से पूछा कि कौन से पार्टी के हो कांग्रेस या भाजपा..? एसडीएम के इस बोल से ग्रामीण आक्रोशित ग्रामीण हो उठे। दरअसल ग्रामीणों को समझाईश के दौरान ग्रामीणों को समझाने एसडीएम, तहसीलदार, डीईओ, बीइओ पहुंचे थे। जहां ग्रामीणों को समझाने के दौरान एसडीएम ने ग्रामीणों से पूछा कि कौन से पार्टी के हो, अगर भाजपा के हो तो सरकार आपकी है। ऐसे तालाबन्दी मत करो। एसडीएम द्वारा कहे गए इस शब्द से ग्रामीण भड़क उठे और एसडीएम को जवाब देते हुए कहा कि वे किसी पार्टी के नही है, वे बच्चों के हित और भविष्य के लिए प्रदर्शन कर रहे है। उपसरपंच खेमराज पूरी गोस्वामी ने बताया कि एक सक्षम अधिकारी को ऐसा बोलना शोभा नही देता। एसडीएम ने गलत शब्द का प्रयोग किया। हमारा गांव कभी भी विवादित गांव नहीं रहा। हम सभी ग्रामीण आपसी भाईचारे से रहते है, लेकिन एसडीएम द्वारा फूट डालने का प्रयास किया।

### यह है मामला

ग्राम पीपरछेड़ी में स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल सन 1984 से संचालित है। जिसमें पूर्व माध्यमिक शाला भी संलग्न है। शाला भवन माध्यमिक शाला के कमरों एवं कुछ अतिरिक्त कमरों में संचालित हो रही है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीपरछेड़ी में सत्र 2023 में तत्कालिक मुख्यमन्त्री भूपेश बघेल ने हायर सेकेण्डरी भवन निर्माण हेतु एक करोड़ इक्कीस लाख रूपये की राशि स्वीकृत किया था। जिसका टेंडर भी हो गया था। किन्तु वित्त विभाग की स्वीकृति नहीं होने के कारण भवन निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया। विधानसभा सत्र के दौरान प्रश्नकाल में क्षेत्रीय विधायक द्वारा यह मुद्दा उठाया भी गया था, किंतु आज पर्यन्त इस समस्या का निराकरण नहीं हो पाया है।

विषय अनुसार व्याख्यता की मांग है, लेकिन जो सेटअप स्वीकृत है, उसके अनुसार कही न कही कुछ कमी है। यहां व्यवसायिक और अर्थशास्त्र शिक्षक की कमी बता रहे थे, तो उसकी तात्कालिक व्यवस्था किये है, भवन निर्माण का प्रपोजल भी शासन स्तर पर चला गया है, उसकी कार्यवाही भी प्रक्रियाधीन है।

**पीसी मरकले**
**जिला शिक्षा अधिकारी**

# पुलिस से बोले शाह, नागरिकों की सुरक्षा ही राष्ट्र की सुरक्षा

एजेंसी ∢ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने युवा पुलिस अधिकारियों से नागरिकों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा पर विशेष ध्यान देने का आह्वान करते हुए कहा है कि नागरिकों की सुरक्षा ही राष्ट्र की सुरक्षा का मूल बिंदु है। शाह ने भारतीय पुलिस सेवा के 2023 बैच के प्रोबेशनर्स से संवाद किया। इस दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों ने ट्रेनिंग से जुड़े अपने अनुभव केन्द्रीय गृह मंत्री से साझा किए। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि 2047 में विकसित भारत आतंकवाद मुक्त, नशा मुक्त, आंतरिक सुरक्षा से युक्त, मानवाधिकारों व नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने वाला होगा। गृह मंत्री ने कहा कि भारत ने सीमाओं की चाक चौबंद सुरक्षा करने के लिए बहुत कुछ कर लिया है और बाकी किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि पहले कश्मीर, नार्थ ईस्ट और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र तीन नासूर थे, लेकिन अब हमें इन तीनों जगहों पर हिंसा में 70 प्रतिशत तक की कमी लाने में सफलता प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि आज इन तीनों जगहों पर भारतीय एजेंसियों का संपूर्ण वर्चस्व है। शाह ने कहा कि अब समय आ गया है कि हमारे नागरिकों के मूलभूत अधिकारों की सुरक्षा के लिए पुलिस तंत्र आगे आए। साथ ही देश की सीमाओं के अंदर हो रहे कअपराधों को कम करने के लिए पुलिस तंत्र मुस्तैदी बरते और हम अपने नागरिकों को कम से कम समय में न्याय दे पाएं। शाह ने कहा कि नए कानूनों में न्यायिक प्रक्रिया को समयबद्ध किया गया है। 5 साल में पूरे देश के हर थाने में टेक्नोलॉजी के इंस्टॉलेशन, सॉफ्टवेयर के निर्माण और ट्रेनिंग सहित नए कानूनों को पूरी तरह लागू कर दिया जाएगा।

### सूरजपुर जिले में लगातार आपराधिक घटनायें बढ़ रही है

# जिला बदर बदमाश कैसे जिले में खुला घूम रहा था ? : टीएस सिंहदेव

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com




पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव ने राजीव भवन में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुये कहा कि पूरे प्रदेश के जैसे सूरजपुर जिले में लगातार आपराधिक घटनायें बढ़ गयी है। महिलायें बच्चियां सुरक्षित नहीं है। कुछ दिन पहले ही एक आदिवासी बच्ची को कुछ युवक अपने मोटरसाइकिल में बैठाकर ले जाते हैं दुष्कर्म की संभावना है। बच्ची को गंभीर चोटें हैं, बाएं आंख में सूजन है बच्ची के बयान अनुसार काफी मारपीट भी उसके साथ की गई। उसने बताया कि कुछ पदार्थ या तो पिलाया गया या सुंघाया गया और बेहोशी की हालत में उसको अगवा किया गया। पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखी मुख्यमंत्री का संभावित दौरा था बावजूद उसकी रिपोर्ट नहीं लिखी जाती है एफआईआर नहीं होता है, एमएलसी नहीं होती है। सूरजपुर जिला अस्पताल से जब मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर रेफर किया जाता है फिर भी कार्रवाई नहीं होती है। परिवार बुजुर्गों से बच्ची के पिता से मैंने फोन से भी बात की और उन्हें एक ही बात कही कि हमें न्याय चाहिए। पता करने पर कि एमएलसी नहीं हो रही है बच्ची की देखरेख भी ठीक से नहीं हो रही है ऐसा सुनने में आया था। आईजी से बात किया। आईजी साहब से बात के उपरांत मुझे बताया गया कि लगभग आठ बजे के आसपास पुलिस वाले पहुंचे और शायद बयान इत्यादि लिया। बच्ची अभी भी अस्पताल में है। स्थिति स्टेबल दिख रही है बच्ची स्वस्थ हो सकती है। शेष कार्रवाई जांच के तथ्यों के आधार पर की जाएगी। बच्ची ने कुछ बयान दिए हैं लेकिन वो जांच उपरांत मेरे ख्याल से तथ्यों की पुष्टि के बाद कार्रवाई धाराएं सम्पूर्ण लगेगी। सूरजपुर में अत्यधिक वीभत्स घटना परसों रात की है, जहां एक जिलाबदर व्यक्ति ने पुलिसकर्मी हवलदार हैं, उनके घर में घुस कर उनकी पत्नी और उनकी लगभग 12-13 साल उम्र की बच्ची की नृशंस हत्या की। बताते हैं कि बड़ी मात्रा में खून वहां जमा पाया गया। सीढ़ी से घसीट कर संभवतः लाश को नीचे लाया गया, गाड़ी में डाला गया। कम से कम 15 से 20 वार एक शरीर के ऊपर उनकी पत्नी के शरीर पर भी, पुत्री के भी शरीर में गले में चाहे तलवार की नोक से चाहे किसी धारदार औजार से हमले किए गए। ऐसी निर्ममता से हत्या की गई। बच्ची के साथ भी जब वहां पर हमला हो रहा था। मेरी जानकारी अनुसार मां ने बच्ची को कहा कि तुम भाग जाओ, चली जाओ। लेकिन बच्ची ने अपनी मां के बचाव के लिए भरपूर संघर्ष किया और उस समय जब मां बोलती रही की तुम चली जाओ, भाग जाओ और उसने देखा होगा की मां की स्थिति बहुत ही अब गंभीर हो चुकी है बच्ची भागती है दरवाजे की ओर। इसमें दो बातें फिलहाल आ रहे हैं पूरी जांच होगी तो वह जानकारी आएगी। भरगवा गांव है रिंग रोड के ऊपर जहां सूरजपुर और भरगवा की सीमा लगती है किराए पर लिया था नीचे का दूसरे के पास था पुलिस रेलवे विभाग की कोई कर्मी है उनके पास था वह छुट्टी पर थे और इस घटना को अंजाम देकर शरीर को गाड़ी में डालकर अभी जो मुझे जानकारी मिली है डिजायर गाड़ी में शरीर को डालकर पीढ़ा गांव है वहां से कुछ किलोमीटर दूर सूरजपुर वहां पर जाकर जो ट्रेड्स बने रहते हैं या तो गौठान इत्यादि में फेंक दिया जाता है। जिलाबदर व्यक्ति के बारे में लोगों ने बताया दुर्गा पूजा के कार्यक्रम के दरमियान तलवार भांजते हुए भी देखा गया। दुर्गा विसर्जन में रेंड नदी में जाकर दुर्गा विसर्जन ने भी खुलेआम भाग लेते देखे गए। उस रात की घटना जिस रात की घटना हुई उस रात के वह क्या है वहां से लौटकर आते हैं जो हवलदार हैं उनको फोन करके वो बोलता है कि मैं थाने के पास खड़ा हूं तुम आ जाओ। हवलदार वहां पहुंचते हैं उसके ऊपर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास करता है और पुलिस पीछा करती है। वो पृथक हो जाता है पुलिस पकड़ नहीं पाती है। किसी ने कहा है फायर भी किया। थाने वाले लोग बताते हैं कि करीब 9.40 के आसपास की यह घटना है। इसके बाद वो रात को घर पहुंचता है, संभवतः साढ़े 11 बजे के आसपास और यह इस विभत्स घटना को अंजाम देता है। जिला बदर व्यक्ति घटना के दिन इस स्थिति में देखा और पाया जाता है कानून व्यवस्था को लागू करने वालों की स्थिति के बारे में आप स्वयं सब जागरुक हैं अंदाजा लगा सकते हैं। इतना ही नहीं दुर्गा सप्तमी के दिन एक कार्यक्रम हो रहा था जिसमें शहनाज अख्तर का कार्यक्रम था लोग एकत्रित थे कुछ लोग घरों के ऊपर से कार्यक्रम को देख रहे थे। ये जो हत्यारा है कुलदीप साहू और इसका बड़ा भाई संदीप साहू यह भी कार्यक्रम को ऊपर से देख रहे थे। एक व्यक्ति के साथ वाद-विवाद होता है। ये लोग उसको ऊपर से फेंक देते हैं नीचे। छत से नीचे फेंक देते हैं यह जिलाबदर व्यक्ति की गतिविधियां दुर्गा सप्तमी के दिन कि मैं आपको बता रहा हूँ जिस दिन यह वीभत्स कांड हुआ उस दिन की घटना मैंने आपको पहले ही बताया। कुलदीप और संदीप दोनों वहां पर मौजूद रहते हैं जहां की छत से नीचे फेंका जाता है। कुलदीप भाग जाता है, संदीप हिरासत में आता है। पुलिस संभवतः कुछ कार्रवाई करती होगी। हत्या के दिन यह कुलदीप दुर्गा पूजा इत्यादि के कार्यक्रम के बाद पुराना बस स्टैंड है सूरजपुर का अभी शिफ्ट हो गया है रिंग रोड में यहां पर नगर पालिका की दुकानें हैं, कई लोगों के घर हैं उन नगर पालिका की दुकानों के पीछे साहू परिवार का घर है। वहां एक होटल मोनू बिरयानी सेंटर इसमें ये व्यक्ति पहुंचता है। आरक्षक घनश्याम सोनवानी और जो प्रधान आरक्षक मृतका के पति और बच्ची के पिता थे। ये वो दो लोग हैं।

## गबन के आरोप में नगर निगम लुधियाना के अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज

वार्ता ✓ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

पंजाब के सतर्कता विभाग ने नगर निगम, लुधियाना में तैनात अधीक्षण अभियंता राजिंदर सिंह (अब सेवानिवृत्त), कार्यकारी अभियंता रणबीर सिंह और उप नियंत्रक वित्त एवं लेखा (डी.सी.एफए.) पंकज गर्ग के खिलाफ 3,16,58,421 रुपये के गबन के आरोप में भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में रणबीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। सतर्कता ब्यूरो के प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि उपरोक्त अपराधियों के खिलाफ यह केस जसपिंदर सिंह, इलेक्ट्रिक पंप ड्राइवर, जोन सी, नगर निगम लुधियाना द्वारा दर्ज करायी गयी शिकायत की पड़ताल उपरांत दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि संचालन और रखरखाव शाखा में तैनात कार्यकारी इंजीनियर रणबीर सिंह ने विभिन्न ट्यूबवेलों संबंधी कार्यों के लिये पंजाब राज्य पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पी.एस.पी.सी.एल.) को अदायगी करने के लिये एम.सी. खातों में से मई 2021 से सितंबर 2022 तक 3,16,58,421 रुपये अग्रिम राशि के रूप में प्राप्त किये, लेकिन अधिकारियों द्वारा आपसी मिलीभगत के साथ इन फंडों का गबन किया गया। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान सतर्कता ब्यूरो को लुधियाना शहर में ट्यूबवेल संबंधी कार्यों के लिये पी.एस.पी.सी.एल. द्वारा अग्रिम राशि के भुगतान के बारे में किसी प्रस्ताव या मांग संबंधी कोई दस्तावेज नहीं मिला, लेकिन कार्यकारी अभियंता रणबीर सिंह ने यह धन प्राप्त किये थे।
उन्होंने कहा कि सरकारी प्रक्रिया के अनुसार संबंधित जूनियर इंजीनियर (जे.ई.) या उप मंडल अधिकारी (एस.डी.ओ.) द्वारा आवश्यक प्रस्ताव तैयार किया जाना चाहिये था और इसे योग प्रणाली के माध्यम से संबंधित कार्यकारी अभियंता के सामने पेश किया जाना था, लेकिन उपरोक्त मुल्जिमों द्वारा अपने निजी हितों के लिये सरकारी धन के गबन करने के उद्देश्य से ऐसी कोई प्रक्रिया अमल में नहीं लायी गयी।

## एक नया फोटोकैटे लिस्ट ब्रॉड-स्पेक्ट्रम एंटीबायोटिक्स को कुशलतापूर्वक नष्ट कर सकता है

**नई दिल्ली।** वैज्ञानिकों ने एक प्रभावी फोटोकैटेलिस्ट विकसित किया है, जो सल्फामेथोक्साजोल (एक व्यापक स्पेक्ट्रम एंटीबायोटिक) को कम खतरनाक रसायनों में विघटित कर सकता है, तथा एंटीबायोटिक संदूषण से जुड़ी स्वास्थ्य और पर्यावरण संबंधी चिंताओं को कम कर सकता है।

एंटीबायोटिक संदूषण के कई प्रतिकूल प्रभाव होते हैं, जिनमें एंटीबायोटिक प्रतिरोध, पारिस्थितिक प्रभाव, मानव स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं आदि शामिल हैं। इसलिए, इस पर्यावरणीय समस्या को कम करने के उपाय खोजने की आवश्यकता है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के स्वायत्त संस्थान, गुवाहाटी के इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडी इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी (आईएएसएसटी) के वैज्ञानिकों की एक टीम ने कॉपर जिंक टिन सल्फाइड नैनोपार्टिकल्स और कॉपर जिंक टिन सल्फाइड-टंगस्टन डाइसल्फ़ाइड CZTS-WS2 कंपोजिट को संश्लेषित किया है। प्रोफ़ेसर देवाशीष चौधरी के नेतृत्व वाली टीम ने जिंक क्लोराइड, कॉपर क्लोराइड, टिन क्लोराइड और टंगस्टन डाइसल्फ़ाइड की हाइड्रोथर्मल प्रतिक्रिया का उपयोग करके एक कंपोजिट बनाया जो सल्फामेथोक्साज़ोल, एक एंटीबायोटिक को विघटित करने में कुशल फोटोकैटलिस्ट है।

## डॉ. रंगा बने हरियाणा पशु चिकित्सा परिषद के अध्यक्ष

एजेंसी ✓ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

हरियाणा के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के महानिदेशक डॉ. एल.सी. रंगा को राज्य पशु चिकित्सा परिषद का अध्यक्ष चुना गया। परिषद के प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा पशु चिकित्सा परिषद में चार चयनित सदस्य, तीन नामित सदस्य और तीन पदेन सदस्य शामिल होते हैं। वर्तमान में परिषद के चयनित सदस्य डॉ. सुखदेव राठी, डॉ. राजीव बांगड़, डॉ शेखर यादव, और डॉ विवेक हैं। सरकार द्वारा नामित सदस्य डॉ. सतेंद्र भारती, डॉ. मोनिका, और डॉ राजेश मलिक हैं। पदेन सदस्य के रूप में डॉ. एल.सी. रंगा (महानिदेशक, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, हरियाणा), डॉ. गुलशन नारंग (डीन, लुवास), और डॉ. सुदेश कुमार (रजिस्ट्रार, हरियाणा पशुचिकित्सा परिषद) परिषद का हिस्सा हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा पशु चिकित्सा परिषद का प्रमुख कार्य राज्य में पशु चिकित्सकों का पंजीकरण करना और उनके पंजीकरण को बनाये रखना है। साथ ही, यह संस्था राज्य में पशु चिकित्सा व्यवसाय को विनियमित करती है और इस क्षेत्र में उच्च नैतिक मानकों को स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## भाजपा विधानसभा उपचुनाव में नहीं जीत पायेगी एक भी सीट : डोटासरा

एजेंसी ✓ जयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने राज्य की भाजपा सरकार पर उसके पिछले दस महीनों के कार्यकाल में लोगों के पूरी तरह निराश एवं परेशान हो जाने का आरोप लगाते हुए दावा किया है कि इस कारण आगामी विधानसभा उपचुनाव में भाजपा एक भी सीट हासिल नहीं कर पायेगी। डोटासरा ने उपचुनाव की घोषणा पर मीडिया से बात करते हुए अपनी प्रतिक्रिया में यह बात कही। उन्होंने कहा कि उपचुनाव के लिए कांग्रेस के कार्यकर्ता पूरी तरह तैयार है। उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार को पर्ची सरकार बताते हुए कहा कि उसका पिछले नौ-दस महीनों का जो कार्यकाल गया है उससे लोग पूरी तरह निराश एवं परेशान हैं। उन्होंने कहा कि लोग कह रहे है कि बनाई थी सरकार बन गया सर्कस। आये दिन हर आर्डर यू टर्न ले रहा है। आपस में झगड़ें, मंत्रियों का पता नहीं हैं, सरकार चल रही है या नहीं, कोई पता नहीं है, ब्यूरोक्रेट सरकार चला रहे है। उसमें भी दो-तीन ग्रुप बने हुए हैं और जनता की कोई परवाह नहीं है। डोटासरा ने कहा कि अकेले शिक्षा विभाग में पिछले नौ महीनों में नौ आर्डर ऐसे हुए जो नौ बार यू टर्न हुए।

## उपराष्ट्रपति 16-17 अक्टूबर को गुवाहाटी और शिलांग का दौरा करेंगे



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और डॉ. सुदेश धनखड़ 16 और 17 अक्टूबर, 2024 को गुवाहाटी (असम) और शिलांग (मेघालय) के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। अपनी यात्रा के दौरान, उपराष्ट्रपति मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्षता करेंगे और न्यू शिलांग के मावडियांगडियांग में मेघालय कौशल एवं नवाचार केंद्र की आधारशिला रखेंगे। उपराष्ट्रपति शिलांग में आईटी पार्क और राजभवन का दौरा करेंगे। वे वहां के मुख्यमंत्री और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से भी मुलाकात करेंगे।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर के निर्माण पर 'लिंक्डइन' पर पोस्ट लिखा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लिंक्डइन पर एक पोस्ट लिखकर गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर विकसित करने के लाभों के बारे में विस्तार से बताया। इस पोस्ट का शीर्षक है- 'आइए, पर्यटन पर ध्यान केंद्रित करें'। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर विकसित करने का एक बहुत ही दिलचस्प निर्णय लिया। इस तरह की अवधारणा संस्कृति और पर्यटन की दुनिया में नए अवसर पैदा करेगी। भारत संस्कृति और पर्यटन क्षेत्रों में अधिक भागीदारी को आमंत्रित करता है।

## प्रधानमंत्री ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रसिद्ध वैज्ञानिक और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जी को उनकी जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। उनका विजन और चिंतन विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में देश के बहुत काम आने वाला है। सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जी को उनकी जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। उनका विजन और चिंतन विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में देश के बहुत काम आने वाला है।



## पिछड़ा वर्ग की छात्रवृत्ति की केन्द्र की राशि शीघ्र मिलेगी

**भोपाल।** राज्य के पिछड़ा वर्ग के छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति एवं छात्रावास के केन्द्र के अंश की राशि शीघ्र मिलेगी। यह जानकारी मंत्रालय में अपर मुख्य सचिव, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त घुमन्तु और अर्द्ध-घुमन्तु जनजाति कल्याण अजीत केशरी और केन्द्र सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में अतिरिक्त सचिव कैरलिन खोंगवार देशमुख के साथ विगत दिवस हुई बैठक में दी गई। बैठक में अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग, विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्ध-घुमन्तु जनजाति कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं पर भी चर्चा हुई। बैठक में केसरी ने छात्रवृत्ति एवं छात्रावास के लिए मिलने वाली केन्द्रांश की राशि को शीघ्र जारी करने की बात कही। उन्होंने छात्रवृत्ति के संबंध में केन्द्र और राज्य में आय एवं राशि के संबंध में एकरूपता लाने के संबंध में भी चर्चा की।

## हमारे द्वारा स्थापित मानक केवल तकनीकी मानक नहीं हैं, वे नैतिक दिशानिर्देश हैं : मंत्री डॉ. पेम्मासानी चंद्रशेखर


एजेंसी ✓ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



पांचवीं वैश्विक मानक संगोष्ठी (जीएसएस-24) नई दिल्ली में संपन्न हुई। यह संगोष्ठी हिंद-प्रशांत क्षेत्र में पहली बार आयोजित की गई। अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) द्वारा आयोजित और भारत सरकार के दूरसंचार विभाग की मेजबानी में हुई इस ऐतिहासिक संगोष्ठी में दुनिया भर के रिकॉर्ड 1500 अग्रणी नीति-निर्माता, नवोन्मेषक और विशेषज्ञ, डिजिटल परिवर्तन के भविष्य और उभरती प्रौद्योगिकी के अगले स्तर को सक्षम करने में अंतर्राष्ट्रीय मानकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा करने के लिए एकत्रित हुए। समापन समारोह को संबोधित करते हुए संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अभूतपूर्व परिवर्तन हासिल किया है जिसे अब वैश्विक स्वीकृति मिली है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मानकों का विकास समावेशी और लोकतांत्रिक होना चाहिए जो सभी क्षेत्रों की आवश्यकताओं को प्रतिबिंबित करे और विकासशील देशों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करे। डॉ. पेम्मासानी ने कहा कि इस उल्लेखनीय संगोष्ठी के समापन पर उन्हें विश्वास है कि हम जो मानक स्थापित करते हैं, वे केवल तकनीकी मानक नहीं हैं, वे नैतिक दिशा-निर्देश भी हैं जो हमें साझा वैश्विक प्रगति के भविष्य की ओर ले जाते हैं। उन्होंने कहा कि भारत इस यात्रा को अकेले नहीं, बल्कि सभी के साथ भागीदार के रूप में आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। इस संगोष्ठी का विषय 'अगली डिजिटल लहर की रूपरेखा तैयार करना: उभरती हुई तकनीक, नवाचार और अंतर्राष्ट्रीय मानक' था। इसमें उभरती हुई तकनीक के प्रशासन और मानकीकरण के लिए एक सुसंगत और दूरदर्शी दृष्टिकोण की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर चर्चा हुई। जीएसएस एक उच्च-स्तरीय मंच के रूप में कार्य करता है जो प्रौद्योगिकी और मानकीकरण में सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा और समन्वय के लिए एक माध्यम प्रदान करता है।
केंद्रीय संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने सुबह कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने दूरसंचार और डिजिटल नवाचार के वैश्विक केंद्र के रूप में भारत की भूमिका पर बल दिया और विज्ञान, नवाचार व नियमों की भूमि के रूप में भारत की भूमिका का उल्लेख किया जो दुनिया की समृद्धि में सहायक है।

## पटेल ने किया जन-जातीय अध्ययन एवं विकास केन्द्र का लोकार्पण


एजेंसी ✓ ग्वालियर
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने ग्वालियर प्रवास के दौरान जनजातीय अध्ययन एवं विकास केन्द्र का लोकार्पण किया। इस केन्द्र की स्थापना प्रदेश की सबसे पिछड़ी जनजातियों में शुमार सहरिया जनजाति सहित प्रदेश की अन्य जनजातियों की संस्कृति के अध्ययन एवं विकास के उद्देश्य से राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय से संबद्ध कृषि विज्ञान केन्द्र परिसर में की गई है। राज्यपाल ने इस अवसर पर यहाँ लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। मेला रोड़ पर स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र परिसर में इस केन्द्र के लोकार्पण के बाद राज्यपाल पटेल ने यहाँ पर कड़कनाथ मुर्गी पालन विषय पर चल रहे प्रशिक्षण में मौजूद श्योपुर व झाबुआ जिले के अनुसूचित जनजाति के कृषकों से उनकी आजीविका के बारे में चर्चा की। साथ ही सरकार द्वारा प्रदेश की विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए संचालित कल्याणकारी एवं रोजगारमूलक योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने जनजाति के हितग्राहियों का आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर अपने आपको आत्मनिर्भर बनाएँ। साथ ही अपने समुदाय के अन्य लोगों को भी इसके लिये प्रेरित करें। जनजातीय अध्ययन एवं विकास केन्द्र के लोकार्पण कार्यक्रम में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय पूसा के कुलाधिपति प्रो. पी एल गौतम, भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी एवं राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. अरविंद कुमार शुक्ला मौजूद थे। जनजातीय अध्ययन एवं विकास केन्द्र के लोकार्पण कार्यक्रम में पहुँचे सभी अतिथियों का नोडल अधिकारी शैलेन्द्र सिंह कुशवाह ने पुष्प-गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर इस केन्द्र की संचालन समिति के सदस्यगण डॉ. एस पी एस तोमर, डॉ. एस सी श्रीवास्तव एवं डॉ. जे एस राजपूत सहित कृषि विज्ञान केन्द्र के अन्य वैज्ञानिक उपस्थित थे।

## राजस्थान में भजनलाल सरकार युवाओं को सरकारी नौकरी देकर उनके सपनों को कर रही है साकार : राठौड़

एजेंसी ✓ जयपुर
www.dailypioneer.com




राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने प्रदेश की भजनलाल सरकार को युवाओं के भविष्य को लेकर संवेदनशील और गंभीर बताते हुए कहा है कि वह युवाओं को सरकारी नौकरी देकर उनके सपनों को साकार करने का काम कर रही है।
राठौड़ भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने युवाओं से जो वादे किए थे, उन वादों को पूरा करने की दिशा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री ने राज्य के इतिहास में पहली बार प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भर्ती कैलेंडर जारी करने का ऐतिहासिक कार्य किया है। भर्ती कैलेंडर में 70 प्रतियोगी परीक्षाओं की दिनांक और उनका परिणाम जारी करने की दिनांक जारी कर दी गई है।
उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने पांच साल में चार लाख सरकारी नौकरी और छह लाख लोगों को स्किल के साथ रोजगार देने का वादा किया था। भाजपा जो कहती है, वो करती है के लिए संकल्पबद्ध है, इसलिए मुख्यमंत्री ने आगामी दिसंबर तक एक लाख 11 हजार से ज्यादा विभिन्न सरकारी पदों पर नियुक्ति देने के लिए विज्ञप्तियां जारी कर दी है। राठौड़ ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि उसने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड किया और प्रदेश में 17 पेपर लीक, आठ परीक्षाएं रद्द कर करीब 50 हजार पदों को निरस्त कर दिये।
उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने युवाओं के भरोसे को जितने के लिए पहले पेपरलीक माफिआओं को सलाखों तक पहुंचाने के लिए एसआईटी का गठन किया और फिर महज दस महीनों में 180 पेपरलीक माफिआओं को गिरफ्तार कर अपनी मंशा जाहिर की हैं।

## धनखड़ को बागड़े ने दी विदाई

**जयपुर।** राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने उनके एक दिवसीय जयपुर यात्रा से लौटने पर मंगलवार शाम को भावभीनी विदाई दी। धनखड़ को बागडे ने जयपुर हवाई अड्डे पर भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री डा प्रेम चंद बैरवा भी मौजूद थे। इससे पहले धनखड़ ने यहां बिड़ला ऑडिटोरियम में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स (सीए) के लिए आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में सभा को संबोधित किया।

## जयराम पर भड़के चौहान, लोगों को गुमराह न करने की दी नसीहत

वार्ता ✓ शिमला
www.dailypioneer.com



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार नरेश चौहान ने पूर्व भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जो सरकार अपने कार्यकाल में कर्मचारियों के हितों का ध्यान नहीं रख सकी उसे वर्तमान सरकार के खिलाफ बेवजह बोलने का कोई अधिकार नहीं है। चौहान ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के उस बयान को हास्यास्पद बताया जिसमें उन्होंने कहा कि इस सरकार को केन्द्र से मिली 1500 करोड़ रुपये की मदद के लिए केन्द्र सरकार का धन्यवाद करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह कोई विशेष आर्थिक पैकेज या सहायता नहीं है अपितु यह करों के रूप में हिमाचल प्रदेश का शेयर है जो उसे मिलना ही था और इसके लिए केन्द्र सरकार का आभार करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में हमारी सरकार कर्मचारी हितैषी है जिसने सत्ता सम्भालते ही अपनी दस गारंटियों में से पुरानी पेंशन को बहाल कर अपनी पहली गारंटी को पूरा कर दिखाया । उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार ने छठा वेतन आयोग तो लागू किया लेकिन कर्मचारियों को दिया कुछ नहीं दिया और उनकी 10 हजार करोड़ रुपये की देनदारियां भी छोड़कर गई। चौहान ने कहा कि यह मुख्यमंत्री की कर्मचारियों के प्रति सकारात्मक सोच का ही परिणाम है कि कर्मचारियों की उचित मांगों को मानते हुए उन्हें पहली जनवरी, 2023 से देय चार प्रतिशत की दर मंहगाई भत्ता, 75 वर्ष या इससे अधिक आयु के पेंशनरों का पूरा बकाया एरियर देने चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को 20 हजार रुपये वेतन बकाया की अतिरिक्त किश्त तथा दिवाली त्यौहार को देखते हुए सभी कर्मचारियों और पेंशनरों का अक्तूबर माह के वेतन व पेंशन का भुगतान 28 अक्तूबर को करने की घोषणा की है।

# पुलिस अधीक्षक के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर मांगते थे पैसा

## पुलिस की 2 सायबर ठग को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



प्रकाश नारायण सिंह ने थाना कोंडागांव में रिपोर्ट दर्ज कराया कि, फेसबुक में उसके पास अक्षय कुमार के नाम से फ्रेंड रिक्वेस्ट आया था, जिससे उसके द्वारा एक्सेप्ट किया गया था 3 अक्टूबर को अक्षय कुमार के फेसबुक एकाउण्ट से उसके अक्षय कुमार आईपीएस फेसबुक आईडी से मैसेज आया की उसका दोस्त आशीष कुमार जो सीआरपीएफ 188 बटालियन कोंडागांव में पदस्थ है उनका स्थानांतरण जम्मू कश्मीर हो जाने से पुराने घर के सामान को बेचना चाहता हैं आप अपना मोबाईल नंबर दो तुम्हे आशीष कुमार का नंबर दे रहा हूं तुम उसे बात कर लेना, जिसके बाद उसके द्वारा एक मोबाईल नम्बर मैसेज किया। उसके नंबर को प्रकाश नारायण सिंह द्वारा व्हाटसअप में चेक करने पर उसमें पुलिस का वर्दी पहना हुआ और नाम आशीष कुमार सीआरपीएफ लिखा हुआ था। चुंकि फर्जी फेसबुक आईडी पुलिस अधीक्षक कोंडागांव वाय अक्षय कुमार के नाम से बनाया गया था और फोटो भी पुलिस अधीक्षक का अपलोड किया गया था। प्रकाश नारायण सिंह से अपने सामान खरीदने के बदले में पैसा जमा करवाया गया था प्रकाश नारायण सिंह की रिपोर्ट पर थाना कोण्डागांव में अपराध क्रमांक 291/2024 धारा 318-4 बीएनएस, 66-बी आईटी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए घटना के संबंध में तत्काल पुलिस अधीक्षक कोंडागांव वाय अक्षय कुमार को इसकी सूचना दी गई, पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार फर्जी फेसबुक आईडी के संबंध में सम्पूर्ण जानकारी एकत्र कर थाना कोंडागांव एवं सायबर सेल कोंडागांव की संयुक्त टीम गठित कर नूँह हरियाणा के लिये रवाना किया गया, टीम द्वारा लगातार 3 दिवस तक अज्ञात आरोपी के लोकेशन नूंह मेवात हरियाणा का प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार हमारे स्टाफ के नूंह मेवात हरियाणा के क्षेत्रो में पहुंचकर अज्ञात आरोपी का पता तलाश किया गया। इस दौरान आरोपी के संभावित ग्राम नागला देवला जाकर पूछताछ करने पर संदेही आरोपी के द्वारा अपना लोकेशन लगातार बदली किया जा रहा था, आसपास रेकी कर आरोपियों को चिन्हांकित किया गया था रेड कार्यवाही कर आरोपियों को पकड़कर पुछताछ करने पर घटना कारित करना स्वीकार करने पर अरोपी अरमान खान निवासी ग्राम देवला नगली हरियाणा, मोहम्मद सादिक निवासी देवला नगली हरियाणा को विधिवत गिरफ्तार किया गया व आरोपियों के कब्जे से जिस मोबाईल के माध्यम से पुलिस अधीक्षक कोंडागांव का फर्जी फेसबुक आईडी बनाया गया था जप्त किया गया।

# मुख्यमंत्री ने मां दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की



पायनियर संवाददाता ◀ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने एक दिवसीय बस्तर प्रवास के दौरान जगदलपुर राजवाड़ा परिसर स्थित मंदिर में मां दंतेश्वरी के दर्शन और पूजा-अर्चना कर प्रदेश वासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री साय के साथ इस मौके पर बस्तर दशहरा के माटीपुजारी कमल चंद, वन मंत्री केदार कश्यप वनमंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, कांकेर सांसद भोजराज नाग, विधायक किरण देव, कोंडागाँव विधायक लता उसेंडी, चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, महापौर सफिरा साहू ने भी मां दन्तेश्वरी की पूजा-अर्चना की।

## ग्राम महला में जनसमस्या निवारण शिविर 16 अक्टूबर को

**कांकेर।** कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिले के आम नागरिकों की आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का सतत् आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार 16 अक्टूबर को कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के क्लस्टर परतापुर की ग्राम पंचायत महला में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त शिविर ग्राम पंचायत महला में सुबह 10.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक लगाया जाएगा, जिसमें ग्राम भिंगीडार, कामतेड़ा, उदनपुर, मदले और मेण्ड्रा के ग्रामीण शामिल होंगे।

# बीजापुर को एथलेटिक्स खेल में पहली बार मिला राष्ट्रीय पदक



पायनियर संवाददाता ◀ बीजापुर
www.dailypioneer.com

एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा 35वीं वेस्ट जोन जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 4 अक्टूबर से 6 अक्टूबर 2024 तक नागपुर महाराष्ट्र में अयोजित किया गया। जिसमें बीजापुर स्पोर्ट्स अकादमी के एथलेटिक्स गेम में बीरेंद्र धुर्वा ने अंडर-14 ट्रायथलॉन सी में सिल्वर मेडल जीत कर बीजापुर जिले का नाम रोशन किया और बीजापुर खेल अकादमी को एथलेटिक्स खेल में पहली बार राष्ट्रीय पदक प्राप्त हुआ।मेडलिस्ट खिलाड़ी बीरेंद्र धुर्वा को कलेक्टर संबित मिश्रा ने मेडल पहना कर सम्मानित किया और भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर खेल प्रभारी नारायण प्रसाद गवेल एवं एथलेटिक्स कोच संदीप कुमार गुप्ता उपस्थित थे।

# किरंदुल में हुआ 25 दिवसीय योग सह शिक्षक प्रशिक्षण का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◀ किरंदुल
www.dailypioneer.com





पतंजलि योग पीठ हरिद्वार के तत्वाधान में 25 दिवसीय सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ सोमवार शाम 7.00 बजे राघव मंदिर प्रांगण किरन्दुल में हुआ एवं रात 10 बजे तक योगाभ्यास एवं प्रशिक्षण दिया गया।पतंजलि योग समिति दंतेवाड़ा के जिला प्रभारी एवं योगाचार्य नरोत्तम सिंह ध्रुव ने बताया कि 07 नवम्बर 2024 तक चलने वाले इस शिविर में किरंदुल नगर के योग प्रेमी महिला पुरुष एवं बच्चे इस प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं इस शिविर के माध्यम से 100 से अधिक लोगों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। संगठन मंत्री छबील कुमार साहू ने जानकारी दी कि बैलाडीला योग समिति के सहयोग से यह प्रशिक्षण शिविर आयोजित की जा रही है ताकि लोगों में जीवन मे जीने की कला विकसित हो सके एवं किरंदुल में योग शिक्षको की किसी भी प्रकार से कोई कमी ना रहे और किरंदुल के प्रत्येक वार्ड में निःशुल्क योग कक्षा का संचालन, प्रशिक्षित योग शिक्षकों के माध्यम से सुचारू रूप से किया जा सके। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बकुल सरकार सेवानिवृत्ति शाखा प्रबंधक (छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक) सहित पतंजलि परिवार व बैलाडीला योग समिति किरंदुल के समस्त पदाधिकारी राजनाथ सर, डीपी डहरिया, जितेंद्र गुप्ता, मनोज छालीवाल, राजेश सिंहा, डाक्टर मांडी, डीआर यादव राजेंद्र खनगरे, संतोष कालिया, एस बी तिवारी, तुलेश्वर निषाद, महिला शक्तियों में दीपक साहू दुमेश्वरी साहू साधना स्थाम मंजू साहू विमल नागवंशी बिंदिया साहू दिव्या चुनाम कुंती कुंजन पेमीन ठाकुर, नागमणी जी एवं प्रतिभागी उपस्थित थे।

# रामायण मंडली की मधुर मानसगान के साथ भाजपा नेता रामाधार शर्मा ने मनाया अपना जन्मदिन

पायनियर संवाददाता ◀ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



गायत्री मन्दिर परिसर के मंच पर समीपस्थ ग्रामों से आमंत्रित चौदह रामायण मंडलियों ने मंच में राम चरित मानस का सुन्दर सस्वर पाठ कर नगर वासियों का मन मोह लिया और इस सराहनीय आयोजन के आयोजक भाजपा नेता रामाधार शर्मा ने उपस्थित नगरिकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें अपने सनातनी परम्पराओं को नहीं भूलना चाहिए, जन्मदिन में धार्मिक आयोजन, कथा व्रत इत्यादि करना श्रेष्ठ होता है। जन्मदिवस पर दीप प्रज्वलित करना चाहिए, जबकि पश्चात्य सभ्यता वाले दीप बुझाते हैं । ग्रामीण प्रतिभाओं को सम्मानजनक मंच एवं प्रोत्साहन स्वरूप 3,101 रुपए प्रत्येक मंडली को प्रदान कर उत्साहवर्धन करने का प्रशंसनीय कार्य किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल की धर्मप ी रजनी बघेल ने रामाधार शर्मा को उनके 62वें जन्मदिवस की हार्दिक शुभ कामनाएँ और शुभाशीर्वाद दिया । इस आयोजन को सफल बनाने में राम कुमार सोनी, अवधेश शुक्ला, मनोज वर्मा, मिथिलेश यादव सहित अनेक मित्रों ने अथक प्रयास किया। रामाधार शर्मा ने इस अवसर पर समस्त नगर वासियों से प्रेम, स्नेह, शुभाशीर्वाद और अनगिनत प्राप्त बधाई के लिए आभार प्रकट करते धन्यवाद ज्ञापित किया।

# एसबीआई किरंदुल ने त्योहारों को देखते हुए व्यापारियों को वितरित किए सिक्के



पायनियर संवाददाता ◀ किरंदुल
www.dailypioneer.com

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एसबीआई किरंदुल में पदस्थ मुख्य प्रबंधक उत्कर्ष देवांगन और उनकी टीम ने आगामी दिनों में आने वाले धनतेरस तथा दीपावली पर्व को देखते हुए किरंदुल नगर के व्यापारियों की मांग पर मंगलवार दोपहर 2 बजे बैलाडिला व्यापारी संघ के अनुरोध पर 10 और 20 रुपये के सिक्कों का वितरण किया। इस अवसर पर एसबीआई किरंदुल के मुख्य प्रबंधक उत्कर्ष देवांगन ने कहा कि दीपावली तथा धनतेरस एवं अन्य पर्वों को देखते हुए नगर के व्यापारियों की मांग पर व्यापारी बंधुओं को चिल्लर की कमी ना हो इस मद्देनजर सिक्को का वितरण कार्यक्रम किया गया।इस दौरान बैंक कर्मी प्रतीक एवं मीनाक्षी विशेष रूप से मौजूद रहें। सिक्का वितरण कार्यक्रम में बैलाडिला व्यापारी संघ के अध्यक्ष मनोज छालिवाल, सचिव जितेन्द्र गुप्ता, संदीप जायसवाल, शिव शर्मा, विकास स्वामी, मोहित धवन,आकाश गुप्ता, राम छालिवाल उपस्थित रहे।

# कोंडागांव में 100 गवा सतनामी समाज द्वारा धूमधाम से मनाया गया राज्याभिषेक राजा मेला

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव विकासखंड के ग्राम कुसमा में 100 गवा सतनामी समाज की स्थापना एवं धर्मसभा संसद के तत्वावधान में रविवार को एकादशी के अवसर पर राज्याभिषेक राजा मेला का आयोजन किया गया। इस भव्य आयोजन में समाज के विभिन्न वर्गों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोंडागांव की विधायक और बस्तर विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष लता उसेंडी थीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता 100 गवा सतनामी समाज के प्रधान संयोजक लखमूराम टंडन ने की। विशिष्ट अतिथियों में सेवानिवृत्त डीएफओ केके खेलवारे, पद्मश्री पंडवानी गायिका डॉ. उषा बारले और अन्य प्रमुख गणमान्य व्यक्ति शामिल रहें। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना से हुई, जिसके बाद एक भव्य रैली निकाली गई। इस रैली में पारंपरिक पंथी नृत्य और उड़ीसा से आए घुमरा पंथी नृत्य ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। मेले में बच्चों के लिए झूले, मनोरंजन के साधन, खिलौनों की दुकानें, साग-सब्जी की दुकानें, नारायणपुर से आई सतनाम बुक स्टाल और ट्रैक्टर प्रदर्शनी जैसे आकर्षणों ने मेले को और भी जीवंत बना दिया।

# कब-बुलबुल ने मनाया मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम जयंती व विश्व छात्र दिवस

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव , राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार एवं पदेन जिला संरक्षक एवं कलेक्टर कुणाल दुदावत, पदेन जिला आयुक्त स्काउट एवं जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक तथा जिला संगठन आयुक्त स्काउट भीषभदेव साहू के मार्गदर्शन में 15 अक्टूबर को देश के 11वें राष्ट्रपति एवं मिसाइल मैन के नाम से विख्यात डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती एवं विश्व छात्र दिवस का आयोजन शासकीय प्राथमिक शाला मुरारीपारा बडेबेंदरी में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

## ग्राम पंचायत बड़ेतेवड़ा का मामला, पानी, सामग्री व मशीन तक नहीं चलाया जा रहा

# निर्माणाधीन सीसी सड़क चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट

पायनियर संवाददाता ◀ कांकेर
www.dailypioneer.com









अंतागढ़ जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़ेतेवड़ा में सरपंच की मनमानी के चलते निर्माण कार्यो में भारी भ्रष्टाचार देखने को मिल रही है। कुछ दिन पहले ही सांसद ने भ्रष्टाचार पर जमकर अधिकारियों को लगा चुके है लताड़। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बड़े तेवड़ा के डबरीपारा में 380 मीटर सीसी सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसमें गुणवत्ताहीन सड़क बनाई जा रही है। सड़क में न तो पानी सही ढंग से पानी डाला जा रहा है न ही सही ढंग के रेत गिटटी व सीमेंट डाला जा रहा है जिससे सड़क बनते बनते उखड़ रही है बीच-बीच में अभी से ही सड़क धसने लग गई है। इस संबंध में अंतागढ़ जनपद सीईओ दिनकर सिंग पोया से संपर्क किया गया तो उन्होंने फोन ही नहीं उठाया। कांग्रेस हो या भाजपा दोनों ही गद्दी में बैठने के बाद गांव के अंतिम व्यक्ति व अंतिम छोर तक विकास करने की बात कहती है किन्तु धरातल में कुछ और ही नजर आ रहा है जिस ओर भी जिम्मेदार अधिकारी को ध्यान देने की आवश्यकता है जिससे सच में गांव के विकास के लिए जो राशि लगाई जा रही है उसका सही तरीके से उपयोग हो सके। यह बताना लाजिमी होगा कि पिछले दिनों पखांजूर सभा में कांकेर लोकसभा के सांसद भोजराज नाग ने मंच से अपने तीखे लब्जों से कहा था कि मैं एक जनप्रतिनिधी के साथ साथ एक पुजारी भी हूं मैंने पहले भी कुछ लोगों का भूत उतारा है और आज भी भूत उतारूंगा यह शब्द उनके लिये था जो भ्रष्टाचार व लापरवाही करते है अब देखना यह है कि इनके ही क्षेत्र में खुद भाजपा के कुछ लोग जिस तरह भ्रष्टाचार को अंजाम दे रहे उनकी भूत उतारते है कि नहीं?

### सड़क बनाने के लिए वाईबरेट मशीन का भी उपयोग नहीं

380 मीटर की सीसी सड़क पर वाईबरेटर मशीन का उपयोग होना चाहिए लेकिन यहां यह भी नहीं किया जा रहा है सीधा मिक्सर मशीन से सामग्री को डालकर सड़क का निर्माण किया जा रहा है जिससे इसकी मजबूती का अंदाजा लगाया जा सकता है। इस संबध में ग्राम पंचायत बड़ेतेवड़ा के सरपंच पति लक्खू सर्फे को कार्य में लगे मजदूरों ने जब जानकारी दी उन्होने फोन पर कहा की कार्य सही हो रहा है। इसका मतलब यहां महिला सरपंच का नहीं बल्कि उनके पति का दखल है। इसे भी संज्ञान में लेते हुए इस ओर उचित कार्यवाही की जानी चाहिए। ग्राम पंचायत बड़े तेवड़ा में निर्माणाधीन सीसी सड़क जिस इंजीनियर की देखरेख बन रही उन्होंने इस संबंध में कहा कि ऐसा कार्य हो रहा है तो इसकी जांच की जायेगी।

### 10 लाख की नवनिर्मित सड़क अभी से ही जर्जर

ग्राम पंचायत बड़े तेवड़ा में बन रही 380 मीटर की नवनिर्मित सड़क सही सामाग्री व देखरेख के अभाव अभी से ही जर्जर स्थिति में दिख रही है जहां मिक्सर मशीन के भार को भी नहीं सह पाया व धस गया है। जिससे इसकी गुणवत्ता क्या है इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

**भारत सरकार**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय**
**(उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग)**
**पेट्रोलियम तथा विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पेसो)**

**सार्वजनिक सुचना**

सरकार के संज्ञान में यह लाया गया है कि गलत एलान करके विदेशी मूल की आतिशबाजियों का अवैध रूप से भारत में आयात किया गया था। एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि आईटीसी (एचएस) के अन्तर्गत भारत में आयात के संम्बन्ध में आतिशबाजी को प्रतिबन्धित वस्तु घोषित कर दिया गया है। पेट्रोलियम तथा विस्फोटक सुरक्षा संगठन द्वारा विस्फोटक नियम 2008 के अन्तर्गत आज तक, आतिशबाजी को कब्जे में रखने एवं / अथवा विक्रय हेतु आयात के लिए कोई अनुज्ञप्ति जारी नहीं की गई है।

तस्करी कर लाए गए विदेशी मूल के आतिशबाजियों में 'पोटेशियम क्लोरेट' शामिल हैं जो एक खतरनाक और परिसंकटमय रसायन है जिसमें अचानक आग लग सकती है या आसानी से विस्फोटक हो सकता हैं। देश में पर्यावरण और स्वास्थ्य के कई मुद्दों को प्रभावित करने के अलावा इन आतिशबाजियों के कारण गंभीर दुर्घटनाए एंव जान को खतरा हो सकता है।

जन जीवन एवं माल की सुरक्षा एवं बचाव के हित में सामान्य जन एवं हितधारकों को सूचित किया जाता है कि ऐसी आतिशबाजियों को कब्जे में रखने एवं/अथवा विक्रय संम्बन्धी सूचना, उचित कारवाई हेतु जिला प्राधिकारी या निकटतम पुलिस स्टेशन में दी जाए।

CBC 05209/11/0004/2425

**मुख्य विस्फोटक नियंत्रक**

# धमतरी शहर विकास को मिली नई गति, 123 विकास कार्यों को मिली स्वीकृति

## मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री एवं प्रदेश महामंत्री का नेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पार्षदगणों ने आभार जताया



पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी नगर निगम क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। प्रदेश सरकार ने धमतरी शहर के विकास कार्यों के लिए 6 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है, जो शहर के आधारभूत ढांचे और सार्वजनिक सुविधाओं में सुधार के लिए खर्च किए जाएंगे। यह स्वीकृति 2024-25 के वित्तीय वर्ष के अंतर्गत दी गई है और इसका मुख्य उद्देश्य शहर के विकास को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाना है।

### मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, प्रदेश महामंत्री का विशेष योगदान

नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र रोहरा ने धमतरी शहर के विकास के लिए इस स्वीकृति के पीछे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव, प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा की महत्वपूर्ण भूमिका बताई। उनके नेतृत्व में शहरी प्रशासन विभाग ने इस योजना को मूर्त रूप दिया है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री, जो शहरी प्रशासन मंत्री भी हैं, ने 21 अगस्त 2024 को इस निधि की स्वीकृति दी थी। इसके बाद 14 अक्टूबर 2024 को इस राशि को अंतिम रूप से मंजूरी दी गई। इस विकास कार्य के तहत विशेष रूप से 6 करोड़ की राशि नगर निगम द्वारा विभिन्न परियोजनाओं के लिए आवंटित की गई है, जो शहर की आधारभूत संरचना को मजबूत करने में सहायक होगी।

### शहरी प्रशासन विभाग की बड़ी पहल

शहरी प्रशासन और विकास विभाग के माध्यम से यह स्वीकृति दी गई है। इस पहल के तहत, रायपुर शहर के विभिन्न इलाकों में विकास कार्य किए जाएंगे, जिसमें सड़क निर्माण, जल निकासी व्यवस्था, पार्कों का विकास, यातायात सुधार, और सार्वजनिक सुविधाओं का विस्तार प्रमुख हैं। इस निधि के जरिए शहर के इंफ्रास्टक्चर को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

### नरेंद्र रोहरा के प्रयासों को सराहना

इस स्वीकृति को हासिल करने में धमतरी के विकास के लिए सि य नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र रोहरा विजय मोटवानी का अथक प्रयास है। श्री रोहरा ने शहर के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए हैं और उनकी सि यता के चलते ही इस निधि को मंजूरी मिल पाई है। उनके इस योगदान के लिए शहरवासियों ने उनका आभार व्यक्त किया है। विजय मोटवानी का कहना है कि वे आगे भी धमतरी के विकास के लिए कार्यरत रहेंगे और शहर को एक आधुनिक और सुविधा.संपन्न शहरव बनाने की दिशा में अपना सहयोग देते रहेंगे।

### नरेंद्र रोहरा ने जताई प्रतिबद्धता

धमतरी नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र रोहरा ने इस राशि के सदुपयोग और शहर में विकास कार्यों को तेजी से पूरा करने की प्रतिबद्धता जताई है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दिए गए इस फंड का उपयोग पूरी पारदर्शिता और कुशलता के साथ किया जाएगा, ताकि शहर के सभी क्षेत्रों में समान रूप से विकास हो सके। आयुक्त ने यह भी कहा कि इन विकास कार्यों से न केवल शहर की सुंदरता में वृद्धि होगीए बल्कि लोगों के जीवन स्तर में भी सुधार आएगा।

### शहर के निवासियों को मिलेगी राहत

बीजेपी पार्षद गणों ने कहा की निधि से शहर के विभिन्न हिस्सों में आधारभूत ढांचे को सुधारने के साथ.साथ, यातायात और स्वच्छता व्यवस्था में भी सुधार होगा। पुराने और जर्जर हो चुके सड़कों का पुनर्निर्माण किया जाएगा, जिससे यातायात व्यवस्था सुगम होगी। इसके अलावा, पार्कों और सार्वजनिक स्थानों का भी नवीनीकरण किया जाएगा, जिससे नागरिकों को बेहतर सार्वजनिक सुविधाएं प्राप्त होंगी। धमतरी शहर के विकास के लिए 6 करोड़ रुपये 123 कार्यों की स्वीकृति निश्चित रूप से एक बड़ा कदम है, जो शहर को और अधिक उन्नत और सुविधा.संपन्न बनाने में सहायक होगा। राज्य सरकार और स्थानीय नेतृत्व के प्रयासों से धमतरी के नागरिकों को जल्द ही इन विकास कार्यों का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। नरेंद्र रोहरा जैसे जनप्रतिनिधियों के प्रयासों और सरकार के समर्थन से धमतरी आने वाले समय में एक आधुनिक और स्मार्ट शहर के रूप में अपनी पहचान बनाएगा। धमतरी के विकास के लिए राशि स्वीकृत कराने के लिए पार्षद राजेंद्र शर्मा, धनीराम सोनकर, बिशन निषाद, दीपक गजेंद्र, श्यामलाल नेताम , प्रकाश सिन्हा, हेमंत बंजारे, विजय मोटवानी, अज्जू देशलहरे, मिथिलेश सिन्हा, ईश्वर सोनकर , प्राची सोनी, सरिता आसाई, श्यामा साहू, सुशीला तिवारी, रश्मि दिवेदी, नीलू डागा, रितेश नेताम ने आभार व्यक्त किया है।

# शांति लोक कला मंच, कालिका मंदिर समिति द्वारा रामलीला का आयोजन





पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

शांति लोक कला मंच एवं कालिका मंदिर समिति द्वारा दशहरा पर्व के अवसर पर भव्य संगीत मय रामलीला का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पहुंचे समाजसेवी नन्दलाल जसवानी ने कहा असत्य पर सत्य की जीत, बुराई पर अच्छाई, पाप पर पुण्य की विजय, अत्याचार पर सदाचार की विजय, क्रोध पर दया, क्षमा की विजय, अज्ञान पर ज्ञान की विजय यह संदेश विजय दशमी, दशहरा पर्व में हमें मिलता है और इसके साथ.साथ अपने अंदर की बुराई, ईर्ष्या, द्वेष, अंतह कलह, घमंड अहंकार को त्याग कर आदर्श जीवन जीने का मार्ग दिखाती है। मंच की अध्यक्षता कर रहे समाज सेवी एवं संरक्षक प्रभुराम पटेल ने कहा प्रभु श्री राम ने रावण का वध करते समय रावण के अहंकार का भी मर्दन किया था। इसी प्रकार हमें भी हमारे अंदर छुपे हुवे अहंकार रूपी रावण का मर्दन कर प्रभु श्रीराम जी के आदर्शो को आत्मसात करना चाहिये। शांति लोक कला मंच के अध्यक्ष दिलीप पटेल व सचिव अधिवक्त ा गजानंद मीनपाल ने बताया की नवरात्र व दशहरा पर्व को समिति के द्वारा सदैव हर्षोल्लाष के साथ मनाया जाता है। 1996 से हमारी समिति का उदय हुवा और तब से अनवरत यह रामलीला हर वर्ष किया जाता रहा है। नवरात्र में माता सेवा के कार्य में लगे रहते हुवे इस वर्ष 43 ज्योति भक्त ों के द्वारा प्रज्ज्वलित किया गया। रामलीला हमारी शुरुवात रही है। लेकिन आज इस लम्बे अंतराल में हमारी समिति के द्वारा छत्तीशगढ़ लोक कला, जसगीत, जगराता, फ़ागगीत, कवि सम्मलेन व अन्य कई प्रकार के धार्मिक सामाजिक आयोजन किया जाता रहा है। कालिका मंदिर समिति के द्वारा प्रत्येक नवरात्रि में नवमी के दिन विशाल भंडारा प्रसादी वितरण बैठाकर भोजन खिलाया जाता रहा हैं और विजयादशमी दशहरा के कार्यक्रम में भव्य रामलीला में समिति के कलाकारों के द्वारा रामलीला का मंचन किया गया। अंत में राम रावण का युद्ध हुवा। रावण वध के बाद रावण का पुतला दहन श्रीराम जी के द्वारा किया गया। साथ ही आतिशबाजी भी किया गया जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में मोहल्ले व आस पास के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रामा पटेल, राम पटेल, सावित्री पटेल, बासन पटेल, देव फुटान, शैलेन्द्र नाग, गजेंद्र पटेल, मंचासीन रहे। उपरोक्त कार्यक्रम की तैयारी व संचालन में शांति लोककला मंच के पदाधिकारीगण व कालिका मंदिर समिति के संरक्षक महावीर गोयल, अध्यक्ष भुनेश चक्रधारी, सहसचिव मुकेश पटेल, कार्यकर्ता प्रहलाद पटेल, विजय शर्मा, छोटू ढीमर, सुनील लहरे, अजय नेताम, नरेंद्र नागवंशी, विकास नाग, प्रकाश नाग, राजा ढीमर, मनीष शर्मा, बबलू खान, सुरेंद्र ढीमर, गोलू पटेल, छोटू शर्मा, अमन नाग, सुरेंद्र ढीमर, मोनू फुटान, सोनू नाग, गीताराम यादव, नानू ढीमर, लल्ला ढीमर, मोनू फुटान, पिंटू साहू, आदि, दिनु, आरती नाग, पूजा साहू, पूर्वी पटेल, हेमांशी पटेल, नैना, रूचि फुटान, रोशनी, देविका, आर्यन, बिट्टू पटेल, लल्ला पटेल मयंक मीनपाल, सूर्या एवं साथी गण मोहल्ले के लोग कार्य में रात्रि तक लगे रहे। उपरोक्त जानकारी शांति लोक कला मंच के अध्यक्ष दिलीप पटेल ने दी है।

# महाराष्ट्र चुनाव में मिली रंजना साहू को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

## नांदेड़ दक्षिण विधानसभा का बनाई गई प्रभारी



पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी आला कमान द्वारा पूर्व विधायक भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रंजना डीपेंद्र साहू को महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव में प्रचार प्रसार और पार्टी को जितने जिम्मेदारी दी गई है जिसके चलते महाराष्ट्र राज्य में नांदेड़ दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में उन्होंने चुनावी कमान संभाल ली है। नांदेड़ महानगर के अंतर्गत सीड़को मण्डल एवं हनुमान पेठ मंडल शहर में बतौर प्रभारी भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठनात्मक बैठक में शामिल हुई और उपस्थित पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं से परिचय प्राप्त कर चुनाव में जीत सुनिश्चित करने कार्ययोजना पर चर्चा किए एवं प्रचार प्रसार करना प्रारंभ कर दिए हैं। योजनाबद्ध तरीके से पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर चुनावी समर में भाजपा समर्थित प्रत्याशी को विजई बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इससे पूर्व भी रंजना साहू को लोकसभा चुनाव में भाटापारा विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई थी। ज्ञात हो कि रंजना साहू मुखर वक्ता है जिन्होंने कम समय पर ही प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में अपने वक्तव्य से काफी प्रभावित किए हैं इसी के चलते पार्टी ने उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में नांदेड़ दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी के रूप में नियुक्त किए है। शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर महाराष्ट्र पहुंचकर अपना दायित्व निभा रही है।

# मेनोनाईट इंग्लिश स्कूल ने दिग्गज उद्योगपति स्व. रतन टाटा को श्रद्धांजलि अर्पित की



पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

मेनोनाईट सीनियर सेकेंडरी स्कूल धमतरी के छात्र.छात्राओं, कर्मचारियों, शिक्षकों एवं प्राचार्या एच के खालसा सहित प्रबंधन समिति के चेयरमैन एम के मसीह द्वारा स्व. रतन टाटा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनके महान व्यक्तित्व को याद करते हुए दो मिनट का मौन दिवंगत आत्मा की शांति हेतु रखा गया। इ स अवसर पर सभी सभी विद्यार्थी सहित शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान सभी ने रतन टाटा के राष्ट्र निर्माण, उत्कृष्टता, नैतिकता, औद्योगिक क्रान्ति और युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना जैसे उनके कई अतुलनीय योगदान को याद किया गया। स्व.रतन टाटा सादगी और विनम्रता के प्रतीक थे जिनके लिए हमेशा ही राष्ट्र हित और राष्ट्र निर्माण व्यापार और उद्योग से सर्वोपरि रहा ऐसे महान और दिग्गज उद्योगपति स्व.रतन टाटा को शाला परिवार द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद : गालिब हुसैन

## आए दिन नये नये वारदात को बेखौफदे रहे हैं अंजाम



पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराध एवं बढ़ती मंहगाई को लेकर कांग्रेस नेता पूर्व पार्षद ग़ालिब हुसैन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार पुरी तरह निरंकुश शासन हो चुकी है पुरे छत्तीसगढ़ में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और आए दिन एक नए वरदात को बेख़ौफ़ अंजाम दे रहे हैं अपराधी यो के ज़हन से शासन प्रशासन का खौफ बिल्कुल भी नहीं है वर्तमान में की भाजपा सरकार पूरी तरह फेल हो चुकी है और छत्तीसगढ़ की आम जनता मंहगाई की मार से त्रस्त हो चुकी है ऐसे प्रतीत हो रहा महतारी वंदन जैसे योजना का पैसा सरकार मंहगाई बढ़ा कर आम जनता से वसुल कर रही है यदि यही हाल रहा तो छत्तीसगढ़ की जनता रोड़ पर निकल सरकार को उखाड़ फेंकेगी हम वर्तमान भाजपा सरकार से मांग करते हैं तत्काल अपराधीयो पर लगाम लगाई जाए एवं बढ़ती मंहगाई पर रोक लगाई जाए।

# बारनवापारा अभ्यारण्य में 21 से 23 अक्टूबर को बटरफ्लाई मीट का होगा आयोजन

## तितलियों को जानने और पहचानने को मिलेगा मौका

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

वन विभाग एवं बारनवापारा अभ्यारण्य के संयुक्त तत्वाधान में 21 से 23 अक्टूबर 2024 को अभ्यारण्य में बटरफ्लाई मीट का आयोजन किया जाएगा। जिसके माध्यम को प्रकृति प्रेमियों को तितलियों को करीब से जानने और पहचानने को मौका मिलेगा। साथ ही विषय विशेषज्ञों द्वारा तितलियों के पर्यावास एवं उनके महत्त्व के संबध में महत्वपूर्ण जानकारियां प्रतिभागियों के साथ साझा की जाएंगी। उक्त आयोजन की तीसरी कड़ी है। इसके पूर्व 2022 एवं 2023 में किया गया था। विभाग द्वारा बटरफ्लाई मीट की तैयारी पूरी कर ली गई है। आयोजन में भाग लेने एवं जानकारी प्राप्त करने के लिए क्यू आर कोड भी जनरेट किया गया है जिसके माध्यम से आसानी से पंजीयन कराया जा सकता है। मीट में प्रतिभागी स्टूडेंट के 15 सौ रूपये एवं अन्य व्यक्तियों के लिए 2 हजार रूपये पंजीयन शुल्क रखा गया है। इसके साथ ही भाग लेने के लिए 18 वर्ष से 60 वर्ष की आयु निर्धारित की गई है। गौरतलब है कि बारनवापारा अभ्यारण्य में 150 प्रजाति के तितली एवं मोथ पायी जाती हैं। जिसमे से वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की शेड्यूल वन की क्रिमसन रोज (पैचीलौप्टा हेक्टर) डनाइड इगली (हाइपो सिलिमस मिसीपस) शेड्यूल दो की सिपोरा निरिसा,होगारा एनेक्स, यूक्रीशॉप्स सीनेजस, जेनेलिया लेपीडिया रपेला वरुणा,लैंपिडर्स बोइहन, तजुना शिप्स आदि पाई जाती है। शेड्यूल छह के भी बहुत से प्रजाति पाई जाती है। विगत तीन वर्षो से बारनवापारा अभ्यारण्य में 14-16 हाथियों का दल निवास कर रहा है। साथ ही साथ विगत 8 माह से एक बाघ लगातार अभ्यारण्य में विचरण कर रहा है। बारनवापारा नाम बार और नवापारा गाँव से मिलकर बना है। बारनवापारा अभ्यारण्य अपनी स्थापना के बाद से ही देश के हर हिस्से से पर्यटकों को आकर्षित करता रहा है। बारनवापारा वन्यजीव अभ्यारण्य छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार भाटापारा जिले में स्थित है। अभ्यारण्य का कुल क्षेत्रफल 244.66 वर्ग किमी है। अभ्यारण्य की स्थलाकृति समतल और लहरदार इलाका है। ऊँचाई 640 मीटर समुद्र तल तक है। बालमदेही,जोंक और महानदी नदियाँ अभयारण्य की जीवन रेखा हैं जो अभयारण्य की जल कमी को पूरा करने के लिए अभयारण्य के साथ बहती हैं। वार्षिक वर्षा 1200 मिमी है इस अभ्यारण्य में सागौन, साल और मिश्रित वन की मुख्य वनस्पति है। पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के लिए इसमें शिकार और शिकारियों का अच्छा घनत्व है। अभ्यारण्य के अंदर स्थित बलार जलाशय में कई आर्द्रभूमि पक्षी और मछलियाँ पाई जाती हैं। यह अभ्यारण्य लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए इकोटूरिज्म को बढ़ावा देता है। बारनवापारा तक पहुँचने के लिए रायपुर से सड़क मार्ग से दो घंटे का सफर करना पड़ता है। जबकि ड्राइविंग करते समय रोमांच का मज़ा लिया जा सकता है। यह रायपुर से ह्ला53 पर 78वें किलोमीटर पर 106 किलोमीटर दूर है। पटेवा एक छोटा शहर है जहाँ बारनवापारा से 28 किलोमीटर की दूरी पर मौसम अनुकूल सड़क पर गाड़ी चलाकर पहुँचा जा सकता है।

# जिला अस्पताल में 9 महीने में हुए 462 सिजेरियन सहित 1 हजार 8 सौ से अधिक प्रसव

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने का प्रयास सतत रूप से जारी हैं। इस कड़ी में जिला अस्पताल बलौदाबाजार में इस वर्ष जनवरी 2024 से माह सितंबर तक 9 माह में कुल 1816 सफल प्रसव कराए गए हैं। उक्त प्रसव में से 1354 सामान्य प्रसव तथा 462 सिजेरियन शामिल है। साथ ही साथ सिजेरियन में आकस्मिक और पूर्व नियोजित दोनों ही सम्मिलित हैं। सिविल सर्जन डॉक्टर के के टेम्भूरने ने बताया की अस्पताल में तीन स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अनिता वर्मा,डॉ करुणा रूपरेला तथा डॉ प्रीति बाला धृतलहरे के साथ कुशल प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ अपनी सेवा देते हैं। यहाँ आधुनिक सुविधाओं से युक्त प्रसव कक्ष स्थापित है। प्रसव के बाद नवजात शिशु के देखभाल हेतु विशेष एस एन सी यू भी स्थापित है। उक्त कुल प्रसव में 161 बच्चों को उक्त एसएनसी यू में भर्ती कर उनकी विशेष देखभाल भी की गई। ग्राम खैरा से माह सितंबर में अपनी 23 वर्षीय पत्नी को प्रसव पीड़ा पर जिला अस्पताल लेकर आएं नोहर पटेल ने बताया की अस्पताल में आने पर उन्हे बताया गया की फिटल डिस्ट्रेस की स्थिति है जिसमें भ्रूण तक ऑक्सीजन पहुँचने में दिक्कत होती है और बच्चे की धड़कन बढ़ती है। ऐसे में ऑपरेशन के माध्यम से प्रसव हुआ जिसमें मां और बच्चे दोनों ही अभी स्वस्थ हैं। इसी प्रकार प्रोलांग लेबर (देर तक प्रसव पीड़ा )की स्थिति में आये हुए गिरौदपुरी के पास स्थित ग्राम खोसड़ा के रहने वाले महेंद्र पैकरा ने बताया कि 28 वर्षीय उनकी पत्नी को प्रसव पीड़ा काफी देर से हो रही थी जिस कारण जिला अस्पताल लेकर आये तथा यहाँ ऑपरेशन के माध्यम से प्रसव हुआ। अस्पताल में दवाई और अन्य सुविधाएं निःशुल्क प्राप्त हुई। इस प्रकार के ऑपरेशन का निजी अस्पताल में काफी पैसा खर्च होता है जो बच गया। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी के अनुसार जिला अस्पताल एन क्यू ए एस प्रमाण पत्र धारी संस्था है जिसे उच्च गुणवत्त्तापूर्ण सेवाएँ प्रदान करने के कारण यह प्रमाण पत्र राष्ट्रीय स्तर के मूल्यांकन के बाद प्राप्त हुआ है। अस्पताल में प्रसव की इस सुविधा को लगातार बेहतर से बेहतर करने का प्रयास जारी है जिससे आम जनता को इसका लाभ प्राप्त हो सके। तीन स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर के अतिरिक्त नर्सिंग स्टाफ श्यामा भारती,सरिता रानी पटेल, ज्योत्सना स्वांन्सी आरती एक्का,सोनिया भारती, रुक्मणि टंडन,भारती यादव,पद्मनी कन्नौजे अपनी सेवाएं प्रसव में देती हैं।

# उप पुलिस अधीक्षक ऐश्वर्य चंद्राकर पदोन्नत होकर बने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक



पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

कंट्रोल रूम बलौदाबाजार में उप पुलिस अधीक्षक ऐश्वर्य चंद्राकर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर विभागीय पदोन्नति पर अशोक स्तंभ लगाकर सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा ऐश्वर्य चंद्राकर के कंधे पर अशोक स्तंभ लगाकर एवं कैप पहनाकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नति की प्रक्रिया पूर्ण कर शुभकामनाएं दी गई। वर्तमान में ऐश्वर्य चंद्राकर एसडीओपी भाटापारा के पद पर पदस्थ है। इस दौरान पदोन्नति कार्यक्रम में ऐश्वर्य चंद्राकर की धर्मपत्नी भी शामिल हुई।

# उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज स्टेशन में यार्ड रीमाडलिंग कार्यों के फलस्वरूप सारनाथ एक्सप्रेस एवं दुर्ग-नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग से चलेगी



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के कार्य तेज गति से किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में यार्ड रीमाडलिंग हेतु उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के प्रयागराज स्टेशन में नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा। इसके फलस्वरूप मंडल से चलने/गुजरने वाली कुछ गाडियाँ परिवर्तित मार्ग से चलेगी। जो 17 से 20 अक्टूबर 2024 को दुर्ग से चलने वाली संख्या 15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-वाराणसी-जौनपुर-औड़िहार मार्ग होकर चलेगी। इसी प्रकार 18 से 21 अक्टूबर 2024 को छपरा से चलने वाली संख्या 15159 छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया औड़िहार-जौनपुर-वाराणसी-प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर मार्ग होकर चलेगी। 17 अक्टूबर 2024 को दुर्ग से चलने वाली संख्या 18205 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-वाराणसी-जफराबाद-सुल्तानपुर-अयोध्या मार्ग होकर चलेगी । इसी प्रकार दिनांक 19 अक्टूबर 2024 को नौतनवा से चलने वाली संख्या 18206 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया अयोध्या-सुल्तानपुर-जफराबाद-वाराणसी-प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर मार्ग होकर चलेगी।

# शिवरतन शर्मा की पहल पर नगर पालिका भाटापारा को मिली करोड़ो के विकास कार्यों की सौगात

## शिवरतन शर्मा ने भेजा था निर्माण कार्यों की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही लगतार भाटापारा विधानसभा में उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के प्रयासों से करोड़ो के निर्माण कार्यो की स्वीकृति राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है। इसी कड़ी में शिवरतन शर्मा की पहल से नगर पालिका भाटापारा को वित्तीय वर्ष 2024-25 में निकाय क्षेत्रांतर्गत नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से अधोसंरचना मद में 38 निर्माण कार्यो हेतु अधोसंरचना मद से स्वीकृति मिली है। इन निर्माण कार्यो के लिए नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा 02 करोड़ 80 लाख 73 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की गयी है। भाजपा सरकार बनने के बाद से नगर पालिका के अब तक लगभग 10 करोड़ की राशि शिवरतन शर्मा के प्रयासों से प्राप्त हो चुकी है। उक्त स्वीकृति के लिए उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगर हो या ग्राम भाटापारा विधानसभा में भाजपा सरकार द्वारा ही विकास कार्य करवाये गए है और आगे भी विकास कार्य भाजपा सरकार द्वारा ही करवाये जाएंगे। क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर हो यह मेरी प्राथमिकता थी और है, हमारी सरकार सबका विकास सबका साथ सबके विश्वास पर ही कार्य करती है इसी का परिणाम है कि सरकार बनने के 10 माह में ही भाटापारा में चारो ओर विकास कार्य स्वीकृत हो रहे है। और आगे भी विकास कार्यो की गति चलते ही रहेगी।

### स्वीकृत कार्यो का विवरण

श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में फिल्टर प्लांट में शेड निर्माण कार्य 20.86 लाख, हथनी पारा वार्ड में नाका नम्बर 1 से महारानी चौक तक दोनों ओर आर सीसी नाली कवर निर्माण 9.73 लाख, महावीर वार्ड में बोधनी बाई के घर से पुराना चीर घर तक सीसी रोड 5.22 लाख, महावीर वार्ड बाघमार गुरुजी के घर से मेन रोड तक सीसी रोड 2.60 लाख, सुभाष वार्ड में एस एल आर एम सेंटर में मशीनरी स्थापना हेतु शेड निर्माण 20.86 लाख, सुभाष वार्ड एस एमआरएल सेंटर में आहाता निर्माण 10.65 लाख, सुभाष वार्ड चंदन कटारे के घर से पुरन साहू के घर तक सीसी रोड टॉप निर्माण 12.48 लाख, ईश्वरी प्रसाद धुरंधर वार्ड में डॉ निहलानी के घर से संजय शाह के घर तक आर सी सी नाली निर्माण 1.72 लाख, ईश्वरी प्रसाद धुरंधर वार्ड में पकलु साहू के घर से शिव मंदिर होकर दौपति वर्मा के घर तक सीसी रोड निर्माण 4.43 लाख, शासकीय बहुददेश्यीय उच्च माध्य विद्यालय में खेल मैदान निर्माण 5.74 लाख, नगर पालिका कार्यालय परिसर में अतिरिक्त कक्ष निर्माण 15.61 लाख, परसुराम वार्ड में चार स्थानों पर सीसी रोड निर्माण 17.81 लाख, परसुराम वार्ड में तरेंगा मेन रोड से बाजपेयी के प्लाट तक आरसीसी नाली निर्माण एवं सीसी रोड निर्माण 7.08 लाख, गांधी मंदिर वार्ड प्रतिमा अवस्थी के घर से रविन्द्र शर्मा के घर तक सीसी रोड निर्माण 3.94 लाख, शंकर वार्ड मल गली के पीछे सीसी रोड निर्माण 2.72 लाख, सदर वार्ड जमाद खाना गली में सीसी रोड निर्माण 5.66 लाख, संजय वार्ड में श्रीचंद जैन के घर से सोनी के घर तक आरसीसी नाली निर्माण 6.22 लाख, बलभद्र वार्ड बब्बू हॉटल से छाबड़ा के घर तक सीसी रोड निर्माण 6.28 लाख, नयागंज वार्ड कमल दलाल के घर से भानुशाली के घर तक नाली निर्माण 05.12 लाख, भगत सिंह वार्ड इस्माइल के घर से चतुर्वेदी के घर तक स्लैब निर्माण 1.52 लाख, भगत सिंह वार्ड हीरा के घर से दानी के घर तक सीसी रोड निर्माण 0.79 हजार, गुरुनानक वार्ड रेखा के घर से राजिम के घर तक सीसी रोड निर्माण 3.19 लाख, गुरुनानक वार्ड जगजीवन के घर से पार्षद के घर तक सीसी रोड 3.22 लाख, रामसागर वार्ड ओवरब्रिज से धनी राम यदु के घर तक सीसी रोड टॉप कार्य 13.67 लाख, रामसागर वार्ड बिहारी यदु के घर से हनुमान मंदिर तक रोड निर्माण 9.80 लाख, मुंसी इस्माइल वार्ड रमेश वर्मा के घर से पुलिया तक रोड़ निर्माण 4.86 लाख, सूरदास मंदिर से झरना तक रोड निर्माण 3.08 लाख, चंदेरी सेन के घर से सौरापारा तक रोड निर्माण 1.98 लाख, वीरनारायण सिंह वार्ड शिव प्रसाद के घर से द्वारिका के घर तक रोड, नाली निर्माण 1.49 लाख, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड किराना दुकान से नायक घर तक रोड निर्माण 3.36 लाख, बजरंग वार्ड दीपक के घर से भरत के घर तक सीसीरोड टॉप कार्य 10.92 लाख, बजरंग वार्ड डॉ भृगु के घर से शेरुमल के घर तक सीसीरोड टॉप 5.77 लाख, स्टेशन वार्ड गणेश के घर मशीह के घर तक रोड एवं नाले में स्लैब निर्माण 8.75 लाख, स्टेशन वार्ड ठाकुर के घर से क्रिशचन मुक्तिधाम तक नाली एवं स्लैब निर्माण 4.71 लाख, दीनदयाल वार्ड एस एल आर एम सेंटर में ई रिक्शा चार्जिंग पॉइंट हेतु शेड निर्माण 20.86 लाख, दीनदयाल वार्ड लखन वर्मा के घर से स्कूल तक रोड निर्माण 6.59 लाख,लखन कांत के घर से कुंजराम के घर तक रोड निर्माण 2.33 लाख, टोहडीघाट इंटकवेल परिसर में आहाता निर्माण 9.11 लाख की स्वीकृति प्राप्त कर ली गई है।

# राज्य स्तरीय जुनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण सह सद्भावना शिविर के लिए सौंपे गये दायित्व का बेहतर निर्वहन करें अधिकारी : कलेक्टर चौधरी

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज अधिकारियों की बैठक में समय-सीमा प्रकरणों के साथ विभागीय गतिविधियों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को राज्य स्तरीय जुनियर रेडक्रास प्रशिक्षण सह, सद्भावना शिविर, 05 नवम्बर को जिला मुख्यालय में राज्योत्सव का आयोजन एवं महामहिम राष्ट्रपति के आई.आई.टी. भिलाई में प्रस्तावित कार्यक्रम के संबंध में अवगत कराया। कलेक्टर सु चौधरी ने कहा कि इंडियन रेडक्रास सोसायटी छत्तीसगढ़ राज्य शासन रायपुर द्वारा राज्य स्तरीय जुनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण सह सद्भावना शिविर 2024 का आयोजन 18 से 22 अक्टूबर 2024 तक भारती विश्वविद्यालय पुलगांव दुर्ग में किया जा रहा है। उक्त आयोजन में शामिल होने अन्य जिलों के बच्चे 17 अक्टूबर को पहुंच रहे हैं। कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों को आवास, भोजन, पेयजल, विद्युत एवं वाहन आदि की समुचित प्रबंध बेहतर ढंग से करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने अवगत कराया कि राज्य शासन की मंशा के अनुरूप इस वर्ष 05 नवम्बर को एक दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन किया जाएगा। दुर्ग जिला मुख्यालय में यह आयोजन गंजमंडी परिसर में किया जाएगा। इस हेतु अधिकारियों को कार्य दायित्व भी सौंपे गये हैं। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि आगामी 26 अक्टूबर को आईआईटी भिलाई में महामहिम राष्ट्रपति जी का कार्यक्रम प्रस्तावित है। कलेक्टर ने कार्यक्रम के दौरान आवश्यक सभी व्यवस्थाएं हेतु अधिकारियों को संबंधित संस्थान को सहयोग करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर सु चौधरी ने जिले में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा सौर रूट-टॉप क्षमता की हिस्सेदारी बढ़ाने और आवासीय घरों को अपनी बिजली पैदा करने के लिए सशक्त बनाने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दी गई है। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को योजना अंतर्गत कार्यशाला आयोजित कर पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना कैसे काम करती है, आवेदन करने हेतु कौन पात्र है, आवेदन व पंजीयन कैसे करें, आदि की जानकारियां देने हेतु निर्देशित किया है। कलेक्टर ने एन.एच.आई. में चल रहे मरम्मत कार्यो की जानकारी ली। उन्होंने एन.एच.आई. के अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्वक मरम्मत कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर सु चौधरी ने विभागों में अनुकम्पा नियुक्ति को गंभीरतापूर्वक लेने तथा पद रिक्त होने पर शासन के मार्गदर्शी निर्देशों के तहत नियुक्ति देने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पद रिक्त नहीं होने की स्थिति में अधिकारी उच्च कार्यालय को प्रकरण प्रेषित करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने अधिकारियों को सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण के निराकरण में प्रगति लाने, हाऊसिंग बोर्ड के अधिकारी को अटल विहार योजना अंतर्गत निर्माण कार्यो की अद्यतन स्थिति से अवगत कराने तथा उप संचालक समाज कल्याण विभाग को सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों का आधार सीडिंग कार्य में प्रगति लाने के साथ डीबीटी के माध्यम से पेंशन भुगतान की अक्टूबर माह तक की स्थिति से अवगत कराने कहा है। कलेक्टर सु चौधरी ने सभी जनपद सीईओ को चुनाव के पहले ग्राम पंचायतों के पिछले कार्यकाल के निर्माण कार्यों की जांच एवं मूल्यांकन कराने निर्देशित किया है।

# उद्यानों को हरा-भरा रखने के लिए की जा रही सिंचाई एवं कटाई छटाई

पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई
www.dailypioneer.com






नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में उद्यानों की सुन्दरता बनाये रखने निरंतर पौधों की कटाई छटाई, पानी सिंचाई किया जा रहा है। आयुक्त बजरंग दुबे ने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर कुमार साहू को निर्देश दिये है। कि नगर निगम भिलाई क्षेत्र में लगभग 150 से अधिक उद्यान है। जिसकी साफ - सफाई, झाड़ियो का कटिंग-छटिग, ट्रिमिंग, पौधो में पानी सिंचाई लगातार कराते रहे। जिससे पौधे जीवित रहे और अपने आकार में बढ़ते रहे। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में रोड किनारे, रिक्त भूमि, डिवाईडरो एवं अन्य स्थलो पर वृक्षारोपण किया गया है। जिसकी डिवाईडरो की साफ -सफाई के साथ पौधो में पानी सिचाई भी निरंतर किया जा रहा है। जिससे पौधे की सुन्दरता बनी रहे। उद्यान विभाग के कर्मचारी प्रतिदिन अलग-अलग उद्यानों एवं किये गये वृक्षारोपण वाले क्षेत्र में साफ -सफाई के साथ पानी की सिंचाई टेंकरो के माध्यम से किया कर रहे हैं। उद्यानों में बच्चे, बुर्जुग लोग सुबह शाम आते रहते है। जहां बच्चे खेलते है और बुर्जुग लोग टहलते एवं बैठने आते है। जिनको जीव जन्तु न काटे इसके लिए कीटनाशक दवाई का भी छिड़काव किया जा रहा है। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन महापौर नीरज पाल ने सभी नागरिको से अनुरोध किये है कि पेड़-पौधो हमारे लिए बहुत उपयोगी है। इसकी देखभाल की जिम्मेदारी हम सबको लेनी पड़ेगी। जहां भी पेड़ लगे हैं जिसके घर के सामने लगे हैं। उसको ध्यान देना होगा, समय-समय पर पानी देना जानवरों से बचाना यह सब हम लोगों को जिम्मेदारी लेनी पड़ेगी। उद्यानो में जाकर किसी प्रकार की गंदगी न फैलाये एवं उद्यानों को साफ सुथरा रखे। पेड़-पौधे नहीं रहेगे तो मानव जीवन भी नष्ट हो जाएगा। इसका पुरा ध्यान रखे एवं उसकी सुरक्षा ही हमारा पहला कर्तव्य है।

# जलकर वसूली एक्शन अभियान, नोटिस को किया दरकिनार निगम ने तकिया पारा में काटे 3 नल कनेक्शन

## टैक्स बकायेदारों के खिलाफ निगम ने लिया सख्त कदम

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर निगम के राजस्व विभाग ने तकिया पारा में 2009 से जलकर टैक्स नही जमा करने पर 3 नल कनेक्शन कांटे गए। सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर द्वारा निरीक्षण कार्रवाही करने योगेश सूरे, जलकार्य निरीक्षक राजू चन्द्राकर, सहायक राजस्व निरीक्षक लवकुश शर्मा के साथ कार्रवाही करने तकिया पारा वार्ड 8 पहुँचे। नगर निगम द्वारा नल कनेक्शन काटने अभियान और भी तेज कर दिया है। कार्रवाही के दौरान अमले के साथ जलकर वसूली को लेकर करदाताओं से जल कर टैक्स देने की बात कही जा रही है।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा सभी उप राजस्व निरीक्षक सहायक राजस्व निरीक्षको द्वारा डोर टू डोर वसूली अभियान में डयूटी लगाकर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। राजस्व अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी सहित उप राजस्व निरीक्षक सहायक राजस्व निरीक्षको द्वारा पूरी ईमानदारी के साथ दिनभर बकायादारों के घर-घर पहुच रही है। निगम को लंबे समय से बकाया संपत्ति व जलकर नहीं पटाने वाले करदाताओं से टैक्स वसूली के लिए अभियान चलाया जा रहा है। निगम अमला सभी बकायादारों के घर पहुँच रहे है। इस दौरान बकाया जलकर नहीं पटाने वाले कुछ करदाताओं के घर का नल कनेक्शन भी काटा गया। ऐसे में निगम का राजस्व अमला टैक्स वसूलने इन बकायादारों के घर पहुंच रही है।

# विधायक कोर्सेवाड़ा ने आस्था ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

## अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं का रेलवे स्टेशन में स्वागत

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com



राज्य सरकार की महत्वाकां योजना रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) अंतर्गत अयोध्या के भगवान रामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को आज आस्था स्पेशल ट्रेन दुर्ग से रवाना किया गया। श्रद्धालुओं का रेलवे स्टेशन में भव्य स्वागत किया गया। बैंड की धुन में जय राम के नारे गूंज रहे थे। रेलवे स्टेशन राम मय नजर आया। रेलवे स्टेशन में राम भक्तों को तिलक, माला पहनाकर स्वागत किया गया। दुर्ग रेल्वे स्टेशन से दोपहर 12 बजे अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, एडीएम अरविंद एक्का सहित रेलवे अधिकारी ने हरी झण्डी दिखाकर अयोध्या धाम के लिए ट्रेन को रवाना किया। दुर्ग ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से कुल 185 श्रद्धालुओं सहित कुल 850 श्रद्धालुगण शामिल है। 17 अक्टूबर की मध्य रात्रि दुर्ग रेल्वे स्टेशन वापसी होगी। इस यात्रा में बस्तर, बीजापुर, कोण्डागांव, नारायणपुर जिले के श्रद्धालुओं ने रामलला दर्शन योजना की प्रशंसा करते हुए राज्य सरकार के अभिनव पहल के लिए छत्तीसगढ़ सरकार को कोटि-कोटि धन्यवाद दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अश्वनी देवांगन, एसडीएम हरवंश सिंह मिरी, उपसंचालक समाज कल्याण विभाग अमित सिंह परिहार एवं अन्य अधिकारी तथा जिला एवं जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# कबाड़ से हो रहा है अच्छा जुगाड़




पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में शासन की महत्वकांक्षी योजनाओ में से एक वेस्ट से बेस्ट यानी जिन चिजो को हम बेकार समझकर फेंक देते है उससे भी अच्छे आकर्षक कलाकृतियां बनाई जा सकती है। इसी को साधारण भासा में कबाड़ से जुगाड कहा जा रहा है। नगर निगम भिलाई के विभिन्न गार्डनो में अनुपयोगी सामानो को लेकर उपयोगी कार्य किया गया है। खाली पड़े पुराने टायर, कुर्सी, सामग्री आदि को मिलाकर उसी को आकर्षक रूप देकर कहीं कुर्सी बनाया गया, झुला बनाया गया, सजावट का सामान बनाया गया। जो आज आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। आयुक्त बजरंग दुबे ने स्वयं पहल की, गार्डन में काम कर रहे कर्मचारियो, स्व-सहायता समूह की महिलाओं को इसके लिए प्रेरित किये है। इसमें उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू भी बढ़चढ़कर हिस्सा ले रहे है। आयुक्त का कहना है कि जो सामान हमारे लिए अनुपयोगी था उसी को आज पेंट करके, उसमे कुछ जोड़कर अच्छा सुन्दर आकर्षक दिखने वाला सामग्री बन गया है। सब कुछ किया गया है निगम के ही कर्मचारियो द्वारा। बस सकारात्मक पहल की जरूरत होती है।

# समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का की खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन 31 अक्टूबर तक

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com

खरीफ विपणन 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान और मक्का की खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन एक जुलाई से चल रहा है, जो 31 अक्टूबर तक चलेगा। पंजीयन के लिए सभी किसान अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सहकारी समिति प्रबंधक से संपर्क कर नया पंजीयन करा सकते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार खरीफ विपणन 2024-25 में नया पंजीयन, फसल, रकबा संशोधन एवं कैरी फारवर्ड हेतु 1 जुलाई 2024 से किसानों का पंजीयन प्रारंभ किया गया है। सभी किसान अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, समिति प्रबंधक से संपर्क कर नया पंजीयन, फसल, रकबा संशोधन एवं कैरी फारवर्ड शीघ्र पूर्ण करा सकते हैं एवं वारिसान पंजीयन हेतु तहसील कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं, ताकि धान विक्रय करने वाले किसान को कृषक उन्नति योजना का लाभ प्राप्त हो सके। कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रदेश के किसानों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने की दृष्टि से कृषक पंजीयन की प्रकिया के सरलीकरण हेतु एकीकृत किसान पोर्टल विकसित किया गया है। एकीकृत किसान पोर्टल के नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल और रकबे में संशोधन की कार्यवाही 31 अक्टूबर तक सहकारी समिति के माध्यम से पंजीयन की जाएगी।

एकीकृत किसान पोर्टल में धान एवं मक्का उपार्जन योजना को भी सम्मिलित किया गया है। धान एवं मक्का कृषक को समर्थन मूल्य पर विक्रय करने हेतु एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। विगत खरीफ वर्ष 2023-24 में पंजीकृत किसानों को आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए पंजीकृत माना जाए एवं इसके लिए विगत खरीफ वर्ष 2023-24 में पंजीकृत किसानों की दर्ज भूमि एवं धान के रकबे एवं खसरे को राजस्व विभाग के माध्यम से अद्यतन करा लिया जाए।

# हरित प्राधिकरण द्वारा पटाखों के उपयोग के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी




पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई
www.dailypioneer.com

नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल, प्रिसिंपल बेंच नई दिल्ली द्वारा पटाखे के उपयोग के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है। प्राप्त दिशा निर्देशानुसार राज्य में केवल हरित पटाखो का विक्रय एवं उपयोग किया जाना है। दिपावली, छठ, गुरू पर्व तथा नववर्ष/ क्रिसमस पर पटाखे फोड़े जाने की अवधिक 2 घंटे निर्धारित की गई है। निगम भिलाई क्षेत्र में पटाखे बेचने वाले दुकानदारों को आदेश का पालन करने निर्देश दिया गया है। दुकानदारो को हरित पटाखा बेचने एवं नागरिको को वही पटाखे ही खरीदने के आदेश दिया गया है। जिसके तहत सभी त्यौहार में 2 घंटे ही पटाखे जलाने के निर्देश दिये गये है। जिससे पटाखे जलाते एवं फोड़ते समय निकलने वाले घुओ से पर्यावरण को हानी न पहुंचे। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में दीपावली पर्व पर रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक, छठ पूजा में प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक, गुरू पर्व पर रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक, नया वर्ष/क्रिसमस पर रात्रि 11:55 से 12:30 बजे तक ही पटाखे फोड़ने का समय निर्धारित किया गया है। कम प्रदूषण उत्पन्न करने वाले हरित पटाखा की बिक्री केवल लाईसेन्स ट्रेडर्स द्वारा किया जाना है। केवल उन्ही पटाखों के उपयोग के लिए बाजार में बेचा जा सकेगा जिससे ध्वनि स्तर निर्धारित सीमा के भीतर हो। सीरीज पटाखे अथवा लड़ियों की बिक्री, उपयोग एवं निर्माण को रोकने की कार्यवाही सुनिश्चित किये जाये। ऐसे पटाखा निर्माता जिनके द्वारा पटाखों में लिथीयम, अर्सेनिक, एन्टिमनी, लेड एवं मर्करी का उपयोग किया गया है के लाईसेन्स रदद करने की कार्यवाही को सुनिश्चित की जायेगी। आनलाईन अथवा ई-व्यापारिक वेबसाईट जैसे-फ्लिपकार्ट, अमेजॉन आदि के द्वारा पटाखों की बिक्री को प्रतिबंधित किया गया है।

# सैकड़ो की संख्या में मौजूद लोगों ने मृतिका व उनकी बेटी को अंतिम विदाई दी




पायनियर संवाददाता ∢ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



सूरजपुर जिले में पदस्थ मनेन्द्रगढ़ निवासी प्रधान आरक्षक तालिब शेख की पत्नी और उसकी बेटी के शव को मंगलवार की सुबह 11:00 मुस्लिम कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया. इस दौरान सैकड़ो की संख्या में मौजूद लोगों ने मृतिका व उनकी बेटी को अंतिम विदाई दी. उल्लेखित है कि मनेन्द्रगढ़ निवासी प्रधान आरक्षक तालिब शेख सूरजपुर कोतवाली में पदस्थ हैं.तालिब सूरजपुर में एक किराये के मकान में अपनी पत्नी मेहू फेज व बेटी आलिया शेख के साथ रहते थे. बीते रविवार की रात जब तालिब घर पहुँचे तो घर में चारों तरफ खून फैला हुआ था. जब घर पहुंच कर उन्होंने देखा तो ना उनकी पत्नी और बेटी घर पर कहीं दिखाई नहीं दी. दूसरे दिन सोमवार की सुबह प्रधान आरक्षक की पत्नी व बेटी का शव नहर के किनारे मिला. इस दोहरे हत्याकांड की जानकारी मिलते ही मनेन्द्रगढ़ में लोगों का हुजूम तालिब के घर के सामने जमा होने लगा. सोमवार दोपहर लगभग 3:00 बजे तालिब की पत्नी व उनकी बेटी का शव मनेन्द्रगढ़ पहुंचा तो पूरे घर में कोहराम मच गया. किसी को यकीन नहीं हो रहा था कि मेहू और आलिया अब इस दुनिया में नहीं हैं. नगर के सभी वर्गो के लोग इस दौरान प्रधान आरक्षक के घर पहुंच उन्हें सांत्वना देते रहे. मंगलवार की सुबह 10बजे एक साथ दो दो जनाजे उठने से सभी की आँखे पथरा गई.इस मौके पर एमसीबी जिले के अलावा अन्य कई जिले के पुलिस अधिकारी व जवानो ने भी अपनी श्रद्धांजलि दी .नगर के गणमान्य जन सभी वर्गो के लोग भी इस दौरान भारी संख्या में मौजूद रहे . इस मौके पर एमसी जिले के पुलिस कप्तान चंद्र मोहन सिंह ने भी दोनों मृतिकाओं के जनाजे को कंधा देकर उन्हें अंतिम विदाई दी.

## चिकन दुकान एवं अवैध अतिक्रमण को हटवाने कलेक्टर से लगाई गुहार, जनदर्शन में 130 आवेदन प्राप्त हुए

# यातायात हो रही बाधित, रूआबांधा साप्ताहिक सब्जी बाजार को हटाने दिया आवेदन

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com




कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने जनदर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में आज 130 आवेदन प्राप्त हुए। भिलाई निवासी ने रूआबांधा साप्ताहिक बाजार से ठेला व्यापारी को हटाने आवेदन दिया। रूआबांधा साप्ताहिक सब्जी बाजार प्रत्येक शनिवार को लगता है, जिसके कारण मुख्य मार्ग में यातायात बाधित होती है। ठेला व्यवसायिओं द्वारा अवैध रूप से ठेला लगाकर व्यवसाय करने से व्यस्त मार्ग में हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। अवैध ठेलों के कारण शाम से रात तक मार्ग अवरूद्ध रहता है, जिससे यातायात बाधित होती है। इस पर कलेक्टर ने नगर निगम रिसाली को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। नगपुरा निवासी ने वृद्धा पेंशन या लोक कलाकार संबंधी पेंशन दिलाने गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि वह लोककला से जुड़ा हुआ है। विभिन्न संस्थाओं से सम्मान व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है, लेकिन कुछ दिनों से उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है। अपनी जीविका उपार्जन के लिए वृद्धा पेंशन की मांग की। इस पर कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। बोरसी निवासी ने रिहायशी क्षेत्र से चिकन दुकान को हटवाने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि विगत वर्षो से रिहायशी क्षेत्र में चिकन की दुकान संचालित की जा रही है, जिसके कारण रहवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही खाली जमीन पर अवैध कब्जा कर कार वॉशिंग का काम भी किया जा रहा है। इस पर कलेक्टर ने नगर निगम दुर्ग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बोरई निवासी दिव्यांग ने बैटरी चलित ट्रायसायकल दिलाने आवेदन दिया। 80 प्रतिशत दिव्यांगता होने के कारण ट्रायसायकल के लिए संबंधित विभाग में आवेदन प्रस्तुत किया गया था। ट्रायसायकल के अभाव में जीवकोपार्जन करना मुश्किल हो रहा है। इस पर कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज प्रधानमंत्री आवास योजना, आर्थिक सहायता, अनुकम्पा नियुक्ति, सड़क मरम्मत, राशन कार्ड, अवैध कब्जा सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। इन सभी आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।


## कार्यालय, कलेक्टर (जिला निर्माण समिति), जिला उत्तर बस्तर-कांकेर

### // अल्प कालिन निविदा //

एन.आई.टी.क्रमांक/45/जि.नि.स./2024-25 कांकेर, दिनांक 11/10/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों के लिए **निम्नानुसार मैनुअल निविदा आमंत्रित** की जाती है:-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि (रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से) - 23/10/2024 (सायं 05:00 बजे तक)
2. आवेदन परीक्षण पश्चात मनी रसीद कटाने की अंतिम तिथि - 25/10/2024 (सायं 05:00 बजे तक)
3. निविदा प्रपत्र वितरण की तिथि - 28/10/2024 (प्रातः 11:00 बजे से)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि - 17/11/2024 (सायं 05:00 बजे तक)
5. निविदा खोले जाने की तिथि - 19/11/2024 (दोपहर 12:30 बजे से)

**इस कार्य की विस्तृत निविदा कार्यालयीन अवधि अंतर्गत कार्यालय में देख सकते हैं।**

| क्र. | NIT No. | कार्य का नाम | लागत (लाख में) | धरोहर राशि | निविदा का स्तर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 10 |
| 1 | 45 | शासकीय प्राथमिक शाला छिंदपदर में भवन निर्माण कार्य। | 19.06 | 15,500/- | द्वितीय आमंत्रण |

G-242503199/3

कलेक्टर,
जिला-उत्तर बस्तर कांकेर

## संपादकीय

### शांतिसैनिकों पर संकट सैनिक कार्रवाई की निन्दा

**भारत** ने 34 देशों के साथ शांतिसैनिकों पर इस्राइली सैनिक कार्रवाई की निन्दा की है। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध पर सारी दुनिया को चिन्ता है। हाल में इस्राइल-लेबेनान सीमा पर संयुक्त राष्ट्र शांतिसैनिकों पर हमले से उन पर जोखिम स्पष्ट हुई है। इस्राइली हवाईहमलों में गाजा पर निशाना लगाया गया है जिससे तनाव दक्षिण लेबेनान में भी फैल गया है। दक्षिण लेबेनान में तैनात संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल-यूनीफिल इस प्रकार लड़ाई में फंस गया है। यूनीफिल में योगदान करने वाले अन्य 34 देशों के साथ भारत ने इस कार्रवाई की निन्दा करते हुए कहा है कि इससे शांतिसैनिकों की सुरक्षा और संरक्षा खतरे में पड़ गई है। उसने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद-यूएनएससी प्रस्तावों के अंतर्गत संरा. कर्मियों की सुरक्षा का आह्वान किया है। इस्राइल-लेबेनान सीमा पर स्थिति लगातार विस्फोटक बनी हुई है क्योंकि इस्राइली सेना ने लेबेनान में अपनी कार्रवाई तेज की है। इस्राइली हवाई हमले में 11 अक्टूबर को दक्षिण लेबेनान के नाकुरा में दो श्रीलंकाई शांतिसैनिक घायल हो गए। यह पिछले 48 घंटे में हुआ दूसरा हमला था जहां यूनीफिल ने इस क्षेत्र में अपना प्रमुख अड्डा बनाया है। यह क्षेत्र बम धमाकों तथा दोनों ओर से जारी गोलीबारी का शिकार हो गया है। शांतिरक्षक मिशन के अंतर्गत यूनीफिल की तैनाती यहां 1978 में की गई थी जहां वे इस क्षेत्र में सैनिक कार्रवाइयों पर निगरानी रख रहे थे।

हमले के बाद भारत ने शांतिसैनिकों की सुरक्षा पर चिन्ता प्रकट की है।




संयुक्त राष्ट्रसंघ में भारत के स्थाई प्रतिनिधि ने स्पष्ट रूप से कहा है कि 'शांतिसैनिकों की सुरक्षा और संरक्षा सर्वाधिक महत्वपूर्ण है और इसे यूएनएससी के प्रस्तावों को देखते हुए सुनिश्चित किया जाना चाहिए।' भारत का दृष्टिकोण लंबे समय से संरा. शांतिसैनिकों की प्रति प्रतिबद्धता के अनुसार है। भारत ऐतिहासिक रूप से शांतिसैनिकों में बड़ा योगदान करता रहा है। वर्तमान समय में तैनात 9532 शांतिसैनिकों में 895 भारतीय हैं। वास्तव में भारत शांतिरक्षक मिशनों में इंडोनेशिया के बाद सर्वाधिक योगदान करने वाला देश है। अब तक यूनीफिल के 334 सैनिक मारे गए हैं। संरा. प्रयासों का उद्देश्य इस क्षेत्र में हमलों को रोकना है जहां बड़ी संख्या में हताहतों के साथ ही ढांचागत संरचना को भारी नुकसान पहुंचा है। क्षेत्र में स्थिति गंभीर होने से यह संख्या और बढ़ रही है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सभी पक्षों से संयम बरतने का आह्वान किया है तथा इस बात पर भी जोर दिया है कि गाजा में सिविलियनों तक मानवीय सहायता पहुंचने की अनुमति दी जाए। लेकिन टकराव की जटिलता इस कारण बढ़ गई है कि इसमें अनेक समूह शामिल हैं तथा अनेक बाहरी तत्व भी स्थितियों को प्रभावित कर रहे हैं। इससे युद्धविराम के सामने अनेक बाधायें पैदा हो गई हैं। इस्राइल-लेबेनान सीमा पर हाल में सैनिक कार्रवाई तेज होने पर भारत की प्रतिक्रिया उसके व्यावहारिक दृष्टिकोण के अनुरूप है। जहां उसने किसी पक्ष की सीधे निन्दा नहीं की है, वहीं उसने यूनीफिल देशों के साथ जुड़ाव प्रदर्शित कर अंतरराष्ट्रीय शांतिरक्षक मानकों का समर्थन भी किया है। शांतिसैनिकों की सुरक्षा तथा यूएनएससी के प्रस्तावों का समर्थन कर भारत स्वयं को एक जिम्मेदार महाशक्ति के रूप में पेश कर रहा है। इस प्रकार भारत क्षेत्रीय स्थायित्व के साथ ही अंतरराष्ट्रीय कानून लागू करने पर जोर दे रहा है। हालांकि, टिकाऊ युद्धविराम का रास्ता अनिश्चित है, पर भारत जैसी विश्व शक्तियां राजनयिक पहलों के माध्यम से तथा संयुक्त राष्ट्र शांतिसैनिकों का समर्थन कर वर्तमान संकट का एक अहिंसक समाधान निकालने का प्रयास कर रही हैं।

# सेवानिवृति या अवसाद



विनय प्रकाश तिर्की

**हर** चीज़ का अंत होता ही है। जिस किसी चीज की शुरूआत होगी, उसका अंत भी होगा ही। अच्छी चीज़ का भी अंत होना तय है, बुरी का भी, पर बुरी चीज का अंत अच्छा ही हो, जरूरी नहीं। सभी अच्छी चीजें अस्थायी हैं। भवभूति ने कहा था कि हर चीज़ का अंत दुखान्त है। सरकारी कर्मचारियों के लिए तो ये बातें काफी हद तक सच भी लगती हैं। मैं सेवानिवृति के बाद भी कई सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों को अपनी पेंशन, उपादान के साथ- साथ कई प्रकार के देय स्वत्वों के निराकरण के लिए भटकते देखता रहा। सरकारी तंत्र में लम्बी औपचारिकताओं को पूर्ण करने के चक्कर में पीड़ितों को समय पर राहत न मिल सकी। जरूरत के वक्त धन न मिलने से ऐसे धन की भला क्या कीमत है, जिसकी सरकारी आदमी रिटायरमेंट के बाद पाने की आशा रखता है। काफी लोग तो प्रकरणों के निराकरण की बाट जोहते दुनिया से ही रुखसत हो गए।

एक सरकारी नियम है कि किसी भी सेवारत या सेवानिवृत्त कर्मचारी की मृत्यु हो जाने पर उनके विरुद्ध सारे आरोप और विभागीय जाँच स्वतः ही समाप्त हो जाते हैं। ऐसे अपचारी के समस्त देय स्वत्व उनके नॉमिनी को मिल जाते हैं। शासकीय सेवा से निवृति सुकून का पल होना चाहिए पर वस्तुतः कई मामलों के कारण पेंशन प्रकरण का निराकरण इतना आसान भी नहीं हो पाता। किसी के विरूद्ध विभागीय जाँच के कारण समय पर पेंशन नहीं मिल सकी, तो किसी के अवकाश का निराकरण न होने के कारण। किसी की सेवा पुस्तिका गुम हो गयी, तो किसी की सेवा पुस्तिका को नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया। किसी के विरुद्ध न्यायालय में लम्बे समय से फैसले की आस में प्रकरण लम्बित थे। ऐसे प्रकरणों की संख्या काफी बड़ी होती है, पर दुर्भाग्य से इन प्रकरणों पर न्यायालय के अंतिम निर्णय तक कुछ भी नहीं किया जा सकता। मुझे निचले स्तर के कर्मचारियों के साथ-साथ विभाग के प्रथम श्रेणी के अधिकारियों को भी मंत्रालय तथा कोष, लेखा और पेंशन कार्यालय का चक्कर लगाते देख कर बड़ी कोफ्त होती थी, पर अफसोसजनक बात यह है कि बहुत कम ही लोग दूसरों की मुसीबतों को समझते हैं। सेवानिवृत्ति के बाद विभिन्न दस्तावेजों की अनुपलब्धता के कारण पेंशन प्रकरण का निराकरण नहीं हो पाता। कई मामलों में अधिकारियों की संवेदनहीनता के कारण भी प्रकरण अधर में लटके रहते हैं। बहुत से सरकारी कर्मचारी सेवानिवृत्ति के बाद अपनों से ही प्रताड़ना झेलने को मज़बूर हुए। सेवानिवृत्ति के बाद का जीवन सुकून भरा न होकर उन्हें दर- दर भटकने को विवश हो जाना पड़ा और सेवानिवृति के बाद का आराम हराम हो गया। कुछ सेवानिवृत्त लोग काम करते समय अपने सेवाकाल में प्राप्त अधिकार और सरकारी सुविधा से वंचित होने का भय खाते हैं, तो कुछ पहचान खो जाने से भयभीत होकर संघर्ष करते हैं। सुविधा भोगी अधिकारियों को तो और भी भयभीत होते देखा गया है। अन्य लोग जो नौकरी से ऊब चुके होते हैं, या उनमें बौद्धिक उत्तेजना की कमी होती है या जो लोग स्वास्थ्य कारणों से सेवानिवृत्त होते हैं, वे वित्तीय कठिनाइयों का सामना करते हैं। विशेष रूप से स्वेच्छा से अपनी नौकरी छोड़ने वालों को अपना जीवन, ज्यादा चुनौतीपूर्ण नहीं लगता।

कुछ लोगों के लिए सेवानिवृति एक अवसाद से कम नहीं होती है। ऐसे लोगों के जीवन में सरकारी काम के अलावा और कुछ नहीं था, वे पदों को लेकर ही जीवन जीने के आदी हो चुके थे। जो जीवन को लेकर सहज और सरल नहीं थे, जिन्होंने खुद को आत्म-केंद्रित कर लिया, जिनका सरकारी काम के अतिरिक्त सामाजिक दायरा भी नहीं था, साथ ही जिन्होंने समाज की अक्सर उपेक्षा की थी, ऐसे स्वभाव वाले कर्मचारियों-अधिकारियों की मृत्यु प्रायः सेवानिवृत्ति के पश्चात कुछ ही वर्षों में हो जाती है, या वे जल्द ही गम्भीर बीमारियों के शिकार हो जाते हैं। मैंने बहुत से लोगों को सेवानिवृत्ति के साथ ही संघर्ष करते, दुखी होते और भटकते हुए देखा है। हर शासकीय कर्मचारी को सेवानिवृति के कुछ दिनों पूर्व उनके सम्पूर्ण सेवाकाल के लिए न मांग, न जाँच, न घटना का प्रमाण पत्र एकत्रित कर जमा करना होता है। ये उसे अपने पूर्व में पदस्थी स्थानों से मंगाने होते हैं। सामान्य नियम तो सेवानिवृति के पूर्व चार वर्षों के प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने का है, पर कई उच्चाधिकारी इससे सहमत नहीं होते हैं, सो किसी प्रकार की अड़चनों से बचाव हेतु सम्पूर्ण सेवाकाल का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने का चलन है। द्वितीय और प्रथम श्रेणी का होने पर मंत्रालय का प्रशासकीय विभाग अंतिम प्रमाण पत्र जारी करता है, तो वहीं तृतीय और चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों हेतु विभागाध्यक्ष अधिकृत होते हैं। हमने एक जिला स्तरीय अधिकारी का उनकी सेवानिवृति के दस दिवस पूर्व प्रमाण पत्र जारी कर किया था। अब उनके पेंशन प्रकरण में कोई अड़चन न थी। बस उन्हें कोष, लेखा एवं पेंशन कार्यालय में जमा भर करना था, पर इसे जिला कार्यालय में पदस्थ कार्यालय प्रमुख मुख्य कार्यपालन अधिकारी के माध्यम से भेजा जाना था। उनके अधिकारी इस सेवानिवृत होने वाले अधिकारी से व्यक्तिगत रंजिश रखते थे। अपनी सेवानिवृति के छह दिन पूर्व ये अधिकारी मुझसे मिलने आये। मैं समझ रहा था कि ये शायद धन्यवाद देने आए हैं, पर उनके चेहरे पर दर्द की लकीरें थीं। उन्हें बुरी तरह घबराहट में देखकर मुझे भी आश्चर्य हुआ। उन्होंने एक आदेश दिखाते हुए बताया कि कल ही संभागायुक्त ने उन्हें निलम्बित कर दिया है, और वो विभागाध्यक्ष कार्यालय में इसके विरुद्ध अभ्यावेदन देने के लिए आये हुए हैं। किसी भी पीड़ित की अंतिम सुनवाई और निर्णय हेतु आख़िरी पड़ाव नियोक्ता कार्यालय ही होता है। सेवानिवृत्ति के छह दिन पूर्व किसी के निलम्बन को लेकर हम सब सन्न रह गए। उन पर लगाये गए सभी आरोप सतही थे। उनपर आरोप ये थे कि यह अधिकारी अपने उच्चाधिकारी से बहस करने व दुर्व्यवहार करने का आदी है। दूसरा आरोप ये था कि एक जाँच समिति के बतौर सदस्य इनकी आरोपी सरपंच से मिली-भगत है। विभागाध्यक्ष कार्यालय द्वारा, जिले के इस स्तर के अधिकारियों पर कार्रवाई हेतु संभागायुक्त को अधिकार प्रत्यायोजित किये गए थे। पीड़ित के अभ्यावेदन पर कार्यवाही प्रारम्भ करने के बाद भी निराकरण हेतु कम से कम चार से छह महीने का समय लगना तय था। निलम्बन के कारण अब किसी भी स्थिति में इनके पेंशन प्रकरण पर कार्यवाही नहीं की जा सकती थी। कोई अधिकारी इतना भी संवेदनहीन हो सकता है, यह तो कल्पना से भी बाहर की बात थी। इनके विरुद्ध निलम्बन हेतु प्रस्ताव भेजने वाले अधिकारी के साथ ही साथ इन्हें निलम्बित करने वाले अधिकारी को भी पता था कि यह व्यक्ति हफ़्ते भर बाद सेवानिवृत्त होने वाला है। पीड़ित अधिकारी कार्यकुशल था, यह उनके कार्यालय के अतिरिक्त राज्य कार्यालय के अधिकारियों को भी ज्ञात था। कुछ लोग अपने पद और अधिकारों का दुरूपयोग कैसे करते हैं, यह उसका उदाहरण भर था। किसी आदमी को मुसीबत में डालने पर बहुतों के अहम की तुष्टि भर होती है। उनके साथ एक और अधिकारी भी थे, जो उन्हीं के साथ उसी जिले में कार्य कर चुके थे और पदोन्नति के बाद विभागाध्यक्ष कार्यालय में कुछ दिन पूर्व ही पदस्थ हुए थे। प्रकरण में जो कहानी थी, वो इस प्रकार थी।

जिले के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने दो शिकायतों की जाँच के लिये एक समिति का गठन किया था, जिसमें पीड़ित और वर्तमान में पदोन्नति पाकर विभागाध्यक्ष कार्यालय में पदस्थ अधिकारी शामिल थे। शिकायत एक ग्राम पंचायत में सरपंच द्वारा की गई अनियमितता को लेकर थी। जाँच उपरांत जाँच प्रतिवेदन जिला कार्यालय में प्रस्तुत कर दिया गया। समिति के द्वारा प्रस्तुत जाँच प्रतिवेदन से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संतुष्ट नहीं थे। चूँकि समिति के एक अधिकारी पदोन्नति उपरांत अब राज्य कार्यालय में पदस्थ हो गए थे, सो उन्होंने समिति में अन्य एक सदस्य के रूप में बचे इस अधिकारी से जाँच प्रतिवेदन को बदलने का दवाब बनाया, पर ये जाँच अधिकारी इससे सहमत नहीं हुए। इस पर उनपर आरोप लगा दिया गया कि जाँच समिति के वो सदस्य सरपंच से मिले हुए हैं, इसीलिए सरपंच को जाँच में सभी आरोपों से मुक्त कर दिया गया है। स्थानीय बड़े नेता राजनैतिक प्रतिद्वंद्विता के कारण सरपंच पर बड़े आरोप लगाकर उसे हटाना चाहते थे और जिले के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पर अपनी इच्छानुरूप जाँच प्रतिवेदन तैयार कराने के लिए दवाब बनाये हुए थे। एक अन्य प्रकरण में जिले की जनपद पंचायत के एक मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बड़ी राशि लेकर जनपद पंचायत कार्यालय में कार्यरत तीन अनियमित कर्मचारियों को जनपद की बैठक में निर्णय पारित कराकर नियम विरूद्ध उन्हें नियमित करने का नियुक्ति आदेश जारी कर दिया, और उन्हें नौकरी पर रख लिया। प्रकरण की शिकायत हुई और जाँच समिति गठित कर दी गई। संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी घुटे-पिटे अधिकारी थे, और उन पर पूर्व से भी भ्रष्टाचार के कई प्रकरण लंबित थे। एक तरह से वे ऐसे कार्यों के माहिर खिलाड़ी थे। जाँच दल के सदस्यों ने शिकायत को सही पाया। जाँच अवधि तक नियमित रूप से कार्य करते इन कर्मचारियों को आठ महीने हो चुके थे। जाँच समिति ने प्रतिवेदन सौंपा कि इस अवधि में लिये गये वेतन की समस्त राशि इन कर्मचारियों से वसूली जाए तथा दोषी अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई हेतु शासन को प्रस्ताव भेजा जाए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत चाहते थे कि समस्त राशि इन तीनों कर्मचारियों के स्थान पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत से वसूली हेतु प्रस्ताव रखे जाएँ, साथ ही केवल उसे ही दोषी माना जाए। असल में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को इन तीनों कर्मचारियों से अच्छी खासी रकम मिल चुकी थी। प्रकरण पर अंतिम निर्णय तो विभागीय स्तर पर ही होना था। जिला स्तर पर जिला पंचायत के अधिकारी जाँच प्रतिवेदन में बदलाव चाहते थे, पर इस शख़्स ने किसी तरह के बदलाव हेतु साफ़ मना कर दिया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रुष्ट हो गए और संभागायुक्त को इनके निलम्बन का प्रस्ताव भेजते हुए दूरभाष पर उनसे चर्चा भी कर ली। एक तरह से उन्होंने हलाल करने के लिए संभागायुक्त को एक मुर्गा प्रस्तुत कर दिया। संभागायुक्त तो ऐसे ही मौकों की तलाश में रहते थे। संभागायुक्त कार्यालय में हमारे एक विभागीय उपायुक्त पदस्थ थे। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए मैंने उन्हें इस संबंध में निलम्बन करने वाले संभागायुक्त से ही चर्चा करने को कहा, और इस पीड़ित को उन्हीं के पास भेज दिया। अंधे को और क्या चाहिए, सम्भागायुक्त ने उसी दिवस इन पीड़ित को बहाल करते हुए समस्त दोषों से मुक्त कर दिया। सच में पैसे में कितनी ताकत होती है। सारा खेल पैसों का ही था, और पैसों के लिये ही था। महत्वपूर्ण बात यह भी थी कि आदेश जारी करने के पूर्व आदेश प्रारूप का परीक्षण भी विभागाध्यक्ष कार्यालय से ही कराया गया ताकि सेवानिवृत्त होने वाले व्यक्ति के पेंशन प्रकरण में भविष्य में किसी तरह की दिक्कत न हो। प्रकरण के निराकरण का तरीका आदर्श नहीं था, पर मैं किसी की सहायता कर सका था, इस बात का मुझे संतोष था।

विभाग के ही एक उपायुक्त स्तर के अधिकारी जिले में पदस्थ थे। चूँकि वे प्रथम श्रेणी के अधिकारी थे, अतः विभागाध्यक्ष कार्यालय से समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कर प्रकरण हमने विभाग को भेज दिया। विभाग ने कुछ ही दिनों में पेंशन हेतु उसे 'न मांग, न जाँच, न घटना' प्रमाण पत्र जारी कर दिया। लगभग सात-आठ माह बाद इस अधिकारी का कार्यालय आना हुआ। थोड़ी देर इधर-उधर की बातें करने के बाद उन्होंने बताया कि उनके पेंशन प्रकरण में पेंशन कार्यालय द्वारा आपत्ति लगाई गई है कि उनकी सेवा पुस्तिका में उनके विरुद्ध लगभग बीस वर्ष पूर्व संभागायुक्त द्वारा संस्थित विभागीय जाँच की प्रविष्टि तो है, पर इसके खात्मे की प्रविष्टि नहीं है। इसकी जानकारी न तो विभागाध्यक्ष कार्यालय को थी, और न ही विभाग को, न ही इस सम्बंध में किसी तरह के अभिलेख थे, वरना प्रमाण पत्र जारी करने का प्रश्न ही नहीं था। संभागायुक्त कार्यालय को तब छत्तीसगढ़ सरकार ने बन्द कर दिया था और फिर लगभग चार साल बाद इस कार्यालय को पुनर्जीवित किया गया था। इस अवधि के समस्त दस्तावेज़ यहाँ-वहाँ भेज दिए गए थे। इतने पुराने इस आशय के दस्तावेज़ कहीं उपलब्ध नहीं थे। सेवानिवृत्त उपायुक्त, पेंशन कार्यालय का एक साल तक चक्कर लगाने के बाद प्रकरण रफा-दफा कराने में सफल हुए, पर पेंशन कार्यालय के अधिकारियों को तो इनकी सेवा पुस्तिका के पोस्टमार्टम करने का भूत सवार था। उन्होंने एक अन्य आपत्ति लगा दी कि सर्विस बुक में इनकी पूर्व में अन्य विभाग में की गई सेवा अवधि भी जोड़ी गई है, इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। ये उपायुक्त पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में आने के पूर्व उद्यानिकी विभाग में कार्यरत थे।

# हरियाणा चुनाव परिणाम के सबक

"हरियाणा से सबक स्पष्ट है किजाति का वर्चस्व एक बोझ बन सकता है यदि यह अन्य सामाजिक समूहों को अलग-थलग कर देता है।"



अखिलेश सुमन
(लेखिक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

**हरियाणा** में हाल ही में आए चुनाव नतीजों ने यूट्यूबर्स की चुनाव-पूर्व भविष्यवाणियों और ग्राउंड रिपोर्ट्स को पलट दिया है, जिससे भविष्य के चुनावों के लिए एक स्पष्ट संदेश गया है, खासकर बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे प्रमुख राज्यों में। तेजस्वी यादव और अखिलेश यादव जैसे नेता, जो प्रमुख यादव जाति से आते हैं, उनके लिए यह परिणाम सबक है। उनका राजनीतिक परिदृश्य हरियाणा में जाटों की स्थिति को दर्शाता है, जहाँ सामाजिक गतिशीलता प्रमुख जाति की राजनीति से दूर जा रही है। इस विकसित परिदृश्य में, उन्हें व्यापक सामाजिक भावनाओं को संबोधित करने और हाशिए पर पड़े समूहों की चिंताओं का जवाब देने की चुनौती का सामना करना पड़ता है, जो पारंपरिक जाति सत्ता संरचनाओं में उपेक्षित या वंचित महसूस करते हैं।

हरियाणा में, जाट, एक राजनीतिक रूप से प्रभावशाली समुदाय, को उनके खिलाफ अन्य सामाजिक समूहों के एकीकरण का सामना करना पड़ा, जैसा कि चुनाव परिणामों में देखा गया है। यह प्रवृत्ति बिहार और उत्तर प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण है, जहाँ प्रमुख ओबीसी समूह, विशेष रूप से यादव, दशकों से सत्ता में रहे हैं, लेकिन अब अपना प्रभाव बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। एक बार शक्तिशाली यादव के नेतृत्व वाली सरकारों ने सत्ता पर अपनी पकड़ आंशिक रूप से अन्य समुदायों की बढ़ती नाराजगी के कारण खो दी, जो खुद को दरकिनार महसूस कर रहे थे। बिहार और उत्तर प्रदेश का राजनीतिक इतिहास लालू प्रसाद यादव और मुलायम सिंह यादव जैसे नेताओं के उदय से चिह्नित है, जिन्होंने कांग्रेस विरोधी भावना और सामाजिक न्याय की वकालत करके शुरुआती लोकप्रियता हासिल की। उनका एम-वाई समीकरण (मुस्लिम-यादव गठबंधन) एक शक्तिशाली चुनावी रणनीति थी जिसने उनके प्रभुत्व को सुरक्षित किया, लेकिन इसने अन्य समुदायों में डर भी पैदा किया। उनके जातिगत आधार का एकीकरण गैर-यादव ओबीसी, दलितों और उच्च जातियों को अलग-थलग करने की कीमत पर हुआ, जिससे हाशिए पर होने का एहसास हुआ। समय के साथ, बहिष्कार की उनकी राजनीति उल्टी पड़ गई, क्योंकि निराश मतदाताओं ने विकल्प तलाशना शुरू कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप बिहार में नीतीश कुमार और उत्तर प्रदेश में भाजपा जैसे नेता उभरे, जिन्होंने सभी के लिए स्वच्छ शासन और विकास का वादा किया।

1990 और 2000 के दशक की शुरुआत की यादें, जब यादव के नेतृत्व वाले प्रशासन को सत्ता को मजबूत करने के लिए जाति की शक्ति का उपयोग करने के रूप में माना जाता था, अभी भी बनी हुई हैं। यादव एक महत्वपूर्ण चुनावी समूह बने हुए हैं, लेकिन बाकी समाज-खासकर गैर-यादव ओबीसी, दलित और उच्च जातियां-अक्सर उन वर्षों को बहिष्कार के युग के रूप में याद करती हैं। भाजपा ने अपने सबाल्टर्न हिंदुत्व आख्यान के साथ इस भावना का प्रभावी ढंग से लाभ उठाया है, यादव-केंद्रित राजनीति के विकल्प और समावेश की भावना की पेशकश करके हाशिए पर पड़े समूहों को आकर्षित किया है। सत्ता में आने के बाद अखिलेश यादव ने अपनी जाति और अन्य के बीच की खाई को पाटने का प्रयास किया। उन्होंने खुद को पुराने रक्षकों से दूर कर लिया, जिनके प्रतीक उनके चाचा शिवपाल यादव थे, जो समाजवादी पार्टी की पारंपरिक सत्ता गतिशीलता का प्रतिनिधित्व करते थे। हालांकि, उनकी जाति के कुछ सदस्यों द्वारा अन्य समुदायों के प्रति अभद्र व्यवहार की घटनाओं ने उनके लिए दूसरा कार्यकाल सुरक्षित करना मुश्किल बना दिया। पार्टी की छवि को आधुनिक बनाने और उसके अनुकूल बनाने के उनके प्रयासों को लगातार सामाजिक तनावों ने कमजोर कर दिया। इसी तरह, तेजस्वी यादव को बिहार में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जहां उनके पिता लालू की छाया से बाहर निकलने के उनके प्रयासों को दलितों और उच्च जातियों के प्रति उनके अपने जाति समूहों के दमनकारी व्यवहार ने बाधित किया है। उनकी राजनीतिक यात्रा में यादव वर्चस्व की विरासत से जूझना शामिल है, जिसे अक्सर अन्य समुदायों की आकांक्षाओं को खारिज करने के रूप में माना जाता है। भविष्य में सफल होने के लिए, तेजस्वी को इन सामाजिक गतिशीलता को अधिक समावेशिता के साथ आगे बढ़ाना होगा।

हरियाणा से सबक स्पष्ट है कि जाति का वर्चस्व एक बोझ बन सकता है यदि यह अन्य सामाजिक समूहों को अलग-थलग कर देता है। जाट अनुभव से पता चलता है कि जब अन्य समुदाय एक प्रमुख जाति के खिलाफ एकजुट होते हैं, तो यह राजनीतिक परिदृश्य को काफी हद तक बदल सकता है। अखिलेश और तेजस्वी के लिए, इसका मतलब है कि अपने जाति के सदस्यों से प्रभुत्व दिखाने के बजाय अधिक उदार रुख अपनाने का आग्रह करना। इस संदर्भ में प्रभावी नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक सद्भाव और सहयोग की वकालत करना शामिल है।

तेजस्वी और अखिलेश दोनों को यह समझना चाहिए कि केवल अपने पारंपरिक जाति आधार पर निर्भर रहकर स्थायी राजनीतिक सफलता हासिल नहीं की जा सकती। उन्हें यादवों से आगे अपनी अपील का विस्तार करने और अन्य समुदायों तक पहुँचने की ज़रूरत है जो हाशिए पर महसूस करते हैं। उनकी रणनीति में व्यापक गठबंधन बनाना शामिल होना चाहिए जिसमें हाशिए पर पड़े समुदाय शामिल हों, उनकी सामाजिक-आर्थिक ज़रूरतों को संबोधित करें और शासन के समावेशी दृष्टिकोण को बढ़ावा दें। बिहार और उत्तर प्रदेश में राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव हो रहा है। गैर-यादव ओबीसी और अन्य हाशिए पर पड़े समूहों को आकर्षित करने की भाजपा की क्षमता ने पारंपरिक यादव-केंद्रित राजनीति के प्रभाव को कमजोर कर दिया है। तेजस्वी और अखिलेश जैसे नेताओं को अपनी पार्टियों की यादव-केंद्रित छवि को त्यागना चाहिए और इसके बजाय समावेशी शासन पर जोर देना चाहिए जो सभी समुदायों की आकांक्षाओं को संबोधित करता हो।

## आप की बात

### बॉलिवुड का दोहरा चरित्र

**सभ्य समाज में** किसी की भी हत्या को स्वीकार्यता नहीं दी जा सकती परन्तु पीड़ा तब होना स्वाभाविक है जब यही स्वघोषित सभ्य समाज अपने निजी लाभएहानिएभय के कारण कभी मौन धारण करता है तो कभी मुखर होने का प्रयास करता है। मुंबई हिन्दी सिनेता बॉलीवुड में सनातनी भक्ति संगीतों का आधार माने जाने वाले गुलशन कुमार की हत्या मंदिर के बाहर ताबड़तोड़ गोलिया बरसाकर निर्ममता पूर्वक कर दी गयी थी। तब बॉलिवुड ने मौन धारण कर लिया था। क्यूंकि बॉलिवुड में इस्लामिक समाज का आधिपत्य स्थापित हो चुका था इतना ही नहीं डोंगरी से दुबई नामक पुस्तक में तो यहां तक लिखा हुआ है की जिस दिन गुलशन कुमार की हत्या हुई उससे ठीक अगले दिन ही दुबई में बॉलिवुड की विशाल दावत हुई जिसमे अनेक दिग्गजों ने भाग लिया। आज वही बॉलिवुड इस्लामिक समाज और राजनीति में लोकप्रियता प्राप्त करने वाले राजनेता बाबा सिद्दीकी की हत्या पर भयंकर विलाप कर रहा है काश इसी प्रकार का विलाप गुलशन कुमार की निर्मम हत्या पर भी किया होता तो कम से कम बॉलीवुड पर मृत्यु की संवेदनाओं और प्रतिकार करने की मुखरता में तो पक्षपाती होने का आरोप न लगता। बालीवुड लगातार हिन्दू विरोधी फिल्मों के लिए जाना जाता है। यह बात किसी से छिपी नहीं रह गयी है।

-**दिव्य अग्रवाल**

### विश्व आहार दिवस

**त्योहारी मौसम है।** ऐसे में खानपान में लापरवाही होने की आशंका काफी होती है। यह लापरवाही सेहत बिगाड़ सकती है। आने वाले 16 अक्तूबर को विश्व आहार दिवस है। सेहतमंद बने रहने के लिए संतुलित आहार यानी हेल्दी फूड बहुत जरूरी है। फिर भी डॉक्टरों के चक्कर लगाने वालों की कमी नहीं। ऐसे लोगों में विटामिन, कैल्शियम एंजाइम की कमी मिलती है। डॉक्टर उपचार के रूप में किसी को कैल्शियम और आयरन की गोली देते हैं तो किसी को जरूरी विटामिन की गोली। अगर हेल्दी फूड का मतलब जाना जाए और अपने खान-पान पर थोडम ध्यान दिया जाए तो अलग से विटामिन आदि लेने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। हेल्दी फूड का मतलब है जिस खाने से शरीर को जरूरी न्यूट्रीशन मिल जाए। इस परिभाषा को लोग अलग-अलग तरह से जानते हैं। पढ़े-लिखे लोग तो इसकी सही परिभाषा जानते हैं लेकिन जो पढ़े-लिखे नहीं है वे हेल्दी फूड का मतलब जानते हैं घी, तेल व महंगी चीजों का सेवन, जो ठीक नहीं है। हेल्दी फूड का मतलब है संतुलित आहार जो शरीर की तमाम जरूरतें पूरी कर पाए। दिन भर के खाने में हमें संतुलित और सुपाच्य आहार लेना चाहिए। हम भारतीयों का परंपरागत भोजन संतुलित ही होता था। लेकिन विदेशी फास्ड फूड संस्कृति ने हमारे भोजन को बिगाड़ दिया। विशेष तौर पर बच्चे इसका सर्वाधिक शिकार हो रहे हैं।

-**सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### सतर्कता अवश्य रखें

**चाइना की** हर चीज चाहे खिलौने हों या इलेक्ट्रॉनिक सामान हो, सस्ते के चक्कर में नुकसान होता है। खिलौने में कलर का मुद्दा उठा थाएमोबाइल की बैटरी फटने की घटनाएं घटित की होने की खबर सुर्खियों में आई थी। वर्तमान में पेजर विस्फोट से घायल और मरने की घटना से कुछ देश जूझ ही रहे हैं। इलेक्ट्रॉनिक सामान निर्माता गोपनीय रूप से इलेक्ट्रॉनिक सामान में ऐसा कुछ रखते है जिसका ज्ञान सिर्फ उन्हीं को पता होता है। जब उनको विस्फोट की घटना को अंजाम देना होता तो वे आखिरी दांव आजमाते हैं ताकि दुनिया को पता न चल सके। पहले ये बात भी सुनने को आई थी कि टीवी में भी कुछ ऐसा फिट कर देते है जिससे वे गोपनीय जानकारी निकाल सकें या उन्हें मिल सके। देश में बनी हुई चीजों पर विश्वास करें, विदेश से बनी विशेषकर चीन से बनी पर कम ध्यान दे। हिंदी चीनी भाई भाई पहले था, अब 1962 के युद्ध के बात वो बात नहीं रही। वहाँ की संस्कृति, खान पान बिल्कुल अलग है। कीड़े मकोड़े वे लोग खाते हैं। क्या हम उनका अनुसरण कर सकते हैं? कदापि नही। देशों से सम्बन्ध मित्रता पूर्ण रहे है। किंतु सतर्कता भी उतनी रखना आवश्यक है। पेजर फटने के वर्तमान उदाहरण देख कर हम भारतीयों को चीन और पाकिस्तान से और अधिक सावधान रहना चाहिए।

-**संजय वर्मा,** धार, मप्र

### एशियाई देशों की चुनौतियां

**वैश्विक** संकटों के बीच एशियाई देशों के सामने आंतरिक और बाहरी चुनौतियाँ पहले से कहीं ज़्यादा गंभीर हैं। भारत की एक्ट ईस्ट नीति की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुएए क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा देते हुए अन्य एशियाई देश चीन के साथ अपने बढ़ते तनाव को कैसे ठीक से संभाल सकते हैं? दक्षिण चीन सागर में बढ़ते सैन्यीकरण से यह और भी मुश्किल हो गया है। क्या एशियाई अपने सदस्यों के कई हितों को एक साथ लाकर बाहरी खतरों के खिलाफ कार्रवाई की एक सुसंगत योजना बना सकते हैं? यह ज़रूरी है कि तत्काल जवाब दिया जाए लेकिन क्या सदस्य देशों में ऐसा करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति है? इधर देखने में आ रहा है कि अमेरिका चीन को नियंत्रित करने के लिए भारत का साथ ले रहा है। भारत को भी चीन से खतरा है। ऐसे में चीन की आक्रामकता का उत्तर देने के लिए भारत को अमेरिका सहित अन्य देशों से गठबंधन बनाना ही पड़ेगा। चीन का अब तक का रिकार्ड बताता है कि इस पर विश्वास नहीं किया जा सकता। अच्छा हो कि चीन अपनी विस्तारवादी नीति छोड़े और सभी के साथ मिलकर रहे।

-**अंशु भारती,** बेगूसराय

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# सेलूद में कलश स्थापना के साथ गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ

## सेलूद की पवित्र धरती धार्मिक अनुष्ठान के माध्यम से इतिहास रचने वाली है : खेमिन साहू





पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com

सेलूद में गायत्री महायज्ञ की शुरुवात कलश स्थापना के माध्यम से शुरुवात हो गई। सर्वप्रथम हरिद्वार गायत्री शक्ति पीठ से आये कलश का पूजन किया गया। उसके बाद कलश को सम्मान के साथ गाजा बाजा के साथ मंगलगीत के माध्यम से स्वागत करते हुए लाया गया। तत्पश्चात कलश की महिमा बताई गई और अशोक सिंग ने संदेश दिया गया कि ये कोई मामूली कलश नही है सर्वप्रथम मंत्र आह्वान के साथ इसकी स्थापना किया गया और इसे अपने घरों में पूजा स्थल पर रखकर रोज परिवार के लिए भोजन बनाते वक्त एक मुट्ठी अनपूर्णा माता को भगवान को भोग स्वरूप कलश में डालना है। उसके बाद इसी कलश को 2 जनवरी को सिर पर धारण करके शोभायात्रा में जाना है। 3 जनवरी से 5 जनवरी तक शक्ति संवर्धन 24 कुंडीय महायज्ञ, विराट महिला सम्मेलन आयोजित किया गया है। जिसमे आसपास के गावो के पच्चीस हजार भक्तों का भी आगमन होगा। सभी माता बहनों को सिर पर कलश धारण करके संकल्पित कराया गया। सरपंच खेमिन साहू ने सभी माता बहनों को आह्वान करते हुए कहा कि हम सेलूद वासी सौभाग्यशाली है जो इस पुनीत कार्य के हमे ईश्वर ने चुना। तन, मन, धन समर्पित करके गायत्री महायज्ञ को विशाल और सफल बनाना है। सेलूद ग्राम के कोई परिवार इस अनुष्ठान से अछूता न रह जाये इसके लिए हम घर घर जाकर प्रेरित करें और सबको जोड़े। गायत्री माता ने सेलूद गांव में अपना आशीर्वाद प्रदान करने के लिए ही चुना है इसलिए हम कितना ही व्यस्त क्यो न रहे सूक्ष्म रूप में भी अपनी सेवा देते रहे। रमेश देवांगन ने कहा कि जिस प्रकार से हम सबने मिलकर 22 जनवरी 2024 को भगवान राम लला के अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व प्रभातफेरी करके धार्मिक अनुष्ठान में अपनी सहभागिता प्रदान किये थे उसी प्रकार से गायत्री माता के 24 कुंडीय महायज्ञ को सफल बनाने और धार्मिक कार्य मे पूरे गांव को जोड़ने के लिए इकतीस दिन तक प्रभातफेरी करेंगे। इस अवसर पर खेमिन साहू सरपंच सेलूद, अशोक सिंह राजपूत समन्वयक गायत्री शक्ति पीठ आमालोरी, खेमलाल साहू, रमेश देवांगन, विकास बारले, सुभद्रा साहू, सुधा देशमुख, ललिता वर्मा, नीलू गोस्वामी, सत्यभामा बंछोर, हेमलता वर्मा, लक्ष्मी बंछोर, कुमारी सेन, कामिनी साहू, रोशनी साहू, सुनीता साहू, ममता वर्मा, अनिता देवांगन, आशा वर्मा, अरुणा साहू, रूपा साहू, ममता बंछोर, उर्वशी बंछोर, पुष्पा वर्मा, योगेश्वरी साहू, ललिता बनपेला, पीताम्बरी साहू, रंजना सोनी, सरस्वती सोनी, मिथलेश बाई, शालिनी बघेल, पुष्पा बंछोर, भारती साहू, कल्याणी वर्मा, लक्ष्मी बंछोर, अमृत यादव, अनिता साहू, लीला सिंह, गंगोत्री बंछोर, देवसिर साहू, निर्मला साहू, रामसिंग पठारी, ओमकारनाथ साहू, घनश्याम पटेल, मनोज साहू, सियाराम चन्द्राकर, कृष्णा साहू, नेतराम श्रीवास, शिवरानी, रूपमती साहू सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# यज्ञ भूमि योगिदीप केशला में दशहरा मिलन, पहुंचे मन्त्री बघेल



### सिद्ध बाबा योगीराज कृतज्ञ भाव से आने पर हर कामना करते है पूरी : डॉ सौरभ निर्वाणी

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

सुदूर वन क्षेत्र में नदी के किनारे स्थित बाबा योगीराज की तपोभूमि में आयोजित दशहरा मिलन समारोह में जिले के खाद्यमंत्री दयाल दास बघेल ग्रामीणों के बीच पहुँचे, मंत्री बघेल ने राम लीला का मंचन कर रहे राम सीता और लक्ष्मण जी का आरती अभिषेक किया। उनके साथ जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी, जनपद उपाध्यक्ष डॉ हवेन्द्र वैष्णव, घनश्याम धर दीवान, संतोष चौबे, राकेश तिवारी, दिनेश सोनी, मनोज साहू, केशव ध्रुव, संजय जोशी सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु महिला एवं बच्चों की उपस्थिति में पूरी राम लीला के मंचन हुआ, लीला मंडली के सदस्यों को मंत्री बघेल ने 25 हजार की स्वेक्षानुदान की राशी स्वीकृत की। अपने संबोधन के दौरान कहा कि सिद्ध बाबा योगीराज के तपोस्थली के विकास में कोई कसर नही छोड़ेंगे, बाबा योगीराज के चमत्कार को सभी ने कभी न कभी हम सब ने अपने जीवनकाल में प्रत्यक्ष महसूस किया है, दुर्गा मंडली के सदस्यों ने मुख्य अतिथि मंत्री बघेल का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया, योगीराज समिती के उपाध्यक्ष डॉ सौरभ निर्वाणी ने कहा कि सिद्ध बाबा योगीराज की महिमा से हम सभी अपने पूर्वजों के समय से ही परिचित हैं, बाबा के पास कृतज्ञ भाव से आने पर सभी मनोकामना पूर्ण करते हैं, मंत्री बघेल की अपार आस्था बाबा योगीराज पर है और यही कारण है कि लगातार कई वर्षों से मंत्री दयाल दास बघेल अपना समय बाबा योगीराज की सेवा में देते हैं, तपोभूमि में इस अवसर पर मेले का आयोजन भी पूर्व वर्षो की चली आ रही परंपरा के अनुरूप हुआ, आयोजन मंडल प्रमुख बेमेतरा जनपद उपाध्यक्ष डॉ हवेन्द्र वैष्णव ने उपस्थित अतिथियों और ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

# विधायक ने शीतला मंदिर जीर्णोद्वार और पुनर्निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन



पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत ग्राम रसमड़ा में माँ शीतला की पूजा-अर्चना कर जय मां शीतला मंदिर के जीर्णोद्वार और पुनर्निर्माण के भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक मंदिर हमारे क्षेत्र की सांस्कृतिक और धार्मिक आस्था का केंद्र है। माँ शीतला से प्रार्थना कि वे हम सभी पर अपना आशीर्वाद बनाए रखें और क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि का संचार हो। इस पुनर्निर्माण कार्य से मंदिर का वैभव पुनः स्थापित होगा, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू, सरपंच ममता भागवत साहू, नंदू निर्मलकर, जनपद सदस्य अजय वैष्णव, चेतन साहू, रुपेश साहू, रामखिलवान यादव, चमन यादव, किशन यादव, लालजी गुप्ता, मीना यादव, पीताम्बर साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# भगवान राम सत्य के प्रतीक : ललित चंद्राकर

पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com



कालिका ट्रस्ट एवं दशहरा उत्सव समिति हथखोज पारा उतई में दशहरा उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ललित चंद्राकर थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमेशा सत्य की जीत होती है। सत्य के प्रतीक भगवान राम तथा असत्य के प्रतीक राजा रावण थे। जिसमें भगवान राम की जीत हुई। पश्चात उन्होंने भगवान रामचंद्र की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर आयोजन समिति के विजय यादव, मुकेश साहू, टुकेश्वर साहू, गिरजानंद, टाकेस्वर, संतराम सपहा, जिला भाजपा मंत्री रोहित साहू, उतई मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, महामंत्री सोनू राजपूत, नगर पंचायत अध्यक्ष डिकेन्द्र हिरवानी, पार्षद सतीश चंद्राकर, प्रहलाद वर्मा, दीपमाला देशलहरे, वीरेन्द्र गोस्वामी, विष्णु देशलहरे, रुपेश पारख, लक्ष्मीनारायण साहू, नरेन्द्र साहू, चंदू देवांगन, सोहन रिगरी, केशव साहू, नीलम गढ़े, हुबलाल चंद्राकर, पीयूष गंभीर, आशीष साहू, चिंटू सिन्हा, लता सोनवाणी, विमला कामड़े, शीतल रात्रे, ममता चंद्राकर, दानेश्वरी देशमुख, शुभम वर्मा, तुकेंद्र ठाकुर, विनोद, वैभव देवांगन, बृजमोहन साहू, सुमरन साहू, संगीता रजक, सुनीता वर्मा, भीषम देवांगन सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# करसा में मानस संगोष्ठी का आयोजन कल

पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com

तहसील मानस संघ पाटन मानस शक्ति केन्द्र सेलूद द्वारा 17 अक्टूबर को ग्राम करसा (घुघुवा) मे वाल्मिकी वचनामृत मानस महोत्सव का आयोजन सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक किया गया है। कार्यक्रम के शुभारंभ दीप प्रज्वलन के मुख्य अतिथि भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधायक पाटन होंगे। अध्यक्षता अश्वनी साहू पूर्व अध्यक्ष कृषि उपज मंडी दुर्ग, विशेष अतिथि निर्मल कोसरे महापौर भिलाई तीन चरौदा, डाकेश्वरी ठकेन्द्र धनकर जनपद सदस्य, देवेन्द्र साहू सरपंच करसा, टीकाराम साहू अध्यक्ष तहसील मानस संघ पाटन, पुरुषोत्तम तिवारी पूर्व अध्यक्ष सहकारी समिति पहंडोर, दिनेश साहू अध्यक्ष स्थानीय साहू समाज करसा खेमलता कार्तिक राम साहू उपाध्यक्ष कार्यकारणी मानस शक्ति केन्द्र सेलूद होंगे। समापन समारोह के समापन समारोह के मुख्य अतिथि हर्षा लोकमणि चन्द्राकर जिला पंचायत सदस्य दुर्ग, अध्यक्षता मेहत्तर वर्मा अध्यक्ष जिला मानस संघ दुर्ग, विशेष अतिथि राजू साहू महामंत्री भाजयुमो उत्तर पाटन, लोकेश साहू सरपंच घुघुवा, रंजना तिवारी उपसरपंच करसा होंगे।

मानस के मुख्य वक्तागण नीलकंठ ठाकुर ग्राम बोरिद,बेदराम साहू ग्राम धौराभाठा, राजेश देशमुख ग्राम चिंगरी, हेमलता साहू अंबागढ़ चौकी, ललिता साहू चिरपोटी होंगे। संगोष्ठी में जागृति महिला मानस मंडली करसा, नवज्योति मानस मंडली फेकारी, नव जागृति मानस मंडली गनियारी, किशन गोपाल मानस मंडली उदयपुर (बेंदरी) मनचस्थ होंगे।

# लावातरा के दाऊ दानीराम ने दिया 350 बच्चों को नेवता भोज

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेरला विकासखंड के ग्राम लावातरा में ग्राम के नागरिक, प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं समाजसेवी दाऊ दानी राम साहू एवं उनके परिवार द्वारा नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हाईस्कूल लावातरा के लगभग 350 विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को न्योता भोज कराया गया। इस अवसर उनके द्वारा सर्वप्रथम विद्यालय परिसर में स्थित गणेश जी की प्राचीन प्रतिमा का पूजन किया गया। उसके पश्चात दानीराम साहू तथा उनकी धर्मपत्नी नीलकमल साहू द्वारा विद्यार्थियों को भोजन परोसा गया। इस अवसर पर उनके द्वारा बच्चों को खीर-पूड़ी, मिठाई, चांवल, दाल, सब्जी परोसा गया। तीनों विद्यालयों के विद्यार्थियों ने न्योता भोज का भरपूर आनंद लिया। न्योजा भोज खाकर विद्यार्थी आनंदित नजर आए। हाई स्कूल लावातरा व्याख्याता भुवन लाल साहू के द्वारा न्योता भोज को पुण्य का काम बताते हुए बताते हुए न्योता भोज के आयोजनकर्ता दानी राम साहू एवं उनके परिवार को इस पुनीत कार्य के लिए बधाई दिया गया तथा विद्यालय परिवार की ओर से आभार व्यक्त किया गया। इस आयोजन में प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला पुष्कर कुमार परगनिहा का विशेष प्रयास तथा संकुल प्राचार्य रविशंकर देशलहरे, संकुल समन्वयक अब्राहम एक्का, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक ओंकार प्रसाद साहू, शिक्षकगण हेमचंद साहू, भुवन लाल साहू, अनुज राम साहू, शोभाश्विनी मेटिया, शहनाज खान, जमुना साहू, टीका राम साहू, वीणा देवी सारथी, दिनेश कुमार साहू, हुलसी साहू, लोमिका साहू, युवराज साहू का विशेष योगदान रहा।

# सत्य की हमेशा जीत होती है : भूपेश बघेल

### रिसाली में विशाल दशहरा का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com



आदर्श सास्कृतिक व क्रीड़ा मंडल के द्वारा दशहरा मैदान रिसाली में विशाल दशहरा उत्सब का आयोजन किया गया। जिसका आनन्द हजारों दर्शको ने लिया। रात्रि में रंगारंग सास्कृतिक् कार्यक्रम लोकरंग की प्रस्तुति हुई। जिसने दर्शको को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल थे। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि सत्य की हमेशा जीत होती है। जीवन मे कभी भी अहंकार नहीं पालना चाहिए। अन्यथा सब की स्थिति रावण जैसे होती है। कार्यक्रम को अति विशिष्ट अतिथि सांसद विजय बघेल, दूर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चन्द्राकर, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने भी सम्बोधित किया। नगर निगम रिसाली की महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन, पूर्व विधायक प्रतिमा चन्द्राकर व इंजी एम के साहू विशेष अतिथि थे। कार्यक्रम में लोकरंग की प्रस्तुति के बाद रामलीला का मंचन हुआ। पश्चात भव्य आतिशबाजी के साथ रावण, मेघनाथ व कुंभकर्ण के पुतले का दहन हुआ। कार्यक्रम का संचालन चन्द्रकुमार वर्मा व गेंदलाल वर्मा तथा आभार मडंल के अध्यक्ष शिवराज शर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रमुख़ रूप से जितेंद्र साहू, भुनेश्वर वर्मा, कोषाध्यक्ष चन्द्रशेखर देवागन, दिलीप चन्द्राकर, सरजुराम वर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, राजकुमार देसमुख, महामंत्री चुम्मन देशमुख, जनक राम वर्मा, रेवा राम चन्द्राकर, विक्की सोनी, सुधीर खिचरिया सहित मण्डल के पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित थे।

# सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक न कराने के बजाय अस्पताल पहुंचें

## अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में एन्टीवेनम दवाइयां उपलब्ध

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

वर्तमान वातावरण में नमी और उमस बढ़ने के कारण जमीन में रेंगने वाले जहरीले कीट, सांप, बिच्छु अपने बिलों, रहवासों से बाहर आ जाते है, और लोगों को काटने का खतरा बढ़ जाता है। वर्षा का पानी उनके बिलों में भर जाने तथा अपने भोजन की तलाश में ये बाहर आते है तथा सुरक्षित स्थान की तलाश में अक्सर लोगों की घरों में घुस जाते है जिससे सर्पदंश की घटनाएं बढ़ जाती है। जिला स्वास्थ्य विभाग ने जनहित में सूचना जारी करते हुए कहा है कि सांप-बिच्छु या जहरीले कीड़े-मकोड़े के काटने पर पीड़ित का तत्काल उपचार कराने से उसकी जान बचाई जा सकती है। बेमेतरा जिले के सभी प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व जिला अस्पताल में सर्पदंश व जहरीले कीड़ों के काटने का उपचार उपलब्ध है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सह सिविल सर्जन डॉ. यशवंत कुमार ध्रुव व जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक बसोड़ ने विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा है कि सर्पदंश होने पर या जहरीले कीट के काटने पर एक से डेढ घंटे के भीतर पीडित को सही उपचार न मिलने से उसकी मृत्यु भी हो सकती है, इसलिये पीड़ित को शीघ्रता-शीघ्र निकट के स्वास्थ्य केन्द्र में ईलाज के लिये लेकर आना चाहिए। कभी भी बैगा गुनिया या झाड़-फूंक के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। यद्यपि सभी सर्प जहरीले नहीं होते लेकिन सर्पदंश होने पर पीड़ित को घबराहट होती है, जो ऐसी स्थिति में जानलेवा हो सकती है। सर्पदंश के उपचार हेतु एंटीस्नेक वेनम का पर्याप्त डोज जिला अस्पताल सहित सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में उपलब्ध है। अतः बिना देर किये नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में पहुँचकर उपचार कराना चाहिए। सर्पदंश पीडित को सही समय में ईलाज मिलने से उसकी जान बचाई जा सकती है। ग्रामीण क्षेत्र के लोग अक्सर जमीन पर सोते है और खेतों जंगलो में काम करने जाते है, जिससे उनकी सर्पदंश होने की संभावना बढ़ जाती है। अतः सोते समय चारपाई और केमिकल युक्त मच्छरदानी का उपयोग करने, घरों के आसपास सफाई रखने और अंधेरे स्थानों में जाने के लिऐ टार्च का उपयोग करने तथा खेतों में काम करने के दौरान घुटने तक वाले जुते पहनने की सलाह दी गई है।

# नेवता भोज में बच्चों ने गुणवत्ता युक्त भोजन

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शासकीय प्राथमिक शाला डीहपारा बासीन विकासखण्ड साजा में शाला विकास समिति के सदस्यों द्वारा नेवता भोजन का आयोजन रखा गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित पालकों से बच्चों की शिक्षा गुणवता को कैसे और बढाया जाए इस पर सविस्तार चर्चा करते हुए त्रैमासिक आकलन पेपर को पालकों से साझा किया गया। संस्था के प्रधान पाठक गोपी चरण साहू ने उपस्थित पालकों से आग्रह किया कि बच्चों को अधिक से अधिक समय दे। शाला विकास समिति बच्चों की शिक्षा में सहयोग करे। बच्चों देश की भावी नागरिक है। बच्चे भी पुरी तन्मयता लगन से अपने सपनों को साकार करें। आयोजित नेवता भोजन में बच्चों ने खीर पुडी पापड फल दाल चांवल सब्जी का गुणवता युक्त गरम भोजन का आनंद लिया। इस अवसर पर माखन लाल वर्मा संकुल समन्वयक, हृदय निषाद शाला समिति अध्यक्ष सीमा रानी देवांगन शिक्षिका रेखा बाई जमुना ठाकुर सहित किशन निषाद, राजा राम, विनोद, जगदीश भैरव किरन जानकी तिरिथ बाई रुबीना बी, सविता, जांत्री, कुंती, कलेसिया बाई सहित महिला एवं पुरुष सदस्य उपस्थित रहे।

# नवाचारी शिक्षक शांत कुमार पटेल ने कराया स्कूल में नेवता भोज

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला लालपुर विकासखंड नवागढ़ जिला बेमेतरा में छत्तीसगढ़ी भाषा एवं संस्कृति के जिला नोडल डाइट के व्याख्याता थलज कुमार साहू के जन्मदिवस के अवसर पर नवाचारी शिक्षक शांत कुमार पटेल के द्वारा लालपुर स्कूल में नेवता भोजन करवाया गया। छत्तीसगढ़ी भाषा मास्टर ट्रेनर्स जिला बेमेतरा शांत कुमार पटेल ने बताया कि व्याख्याता थलज कुमार साहू सहज व सरल व्यक्तित्व के धनी, डाइट बेमेतरा में शिक्षकीय कार्य करने के साथ ही साथ पूरे बेमेतरा जिला में छत्तीसगढ़ी भाषा, सभ्यता, संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाने, व छत्तीसगढ़ी भाषा के प्रति रुचि जागृत करने के लिए प्रशिक्षण एवं सभी स्कूलों तक पहुंच कर शिक्षकों एवं बच्चों को मार्गदर्शन दे रहे हैं। व्याख्याता थलज कुमार साहू के कुशल मार्गदर्शन से ही आज सांस्कृतिक कला मंच टीम तैयार कर पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छ्ता एवं मतदाता जागरूकता प्रस्तुति जिला बेमेतरा दी गई। जिसको कलेक्टर एवं जिला जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग सभी ने सराहा। नेवता भोज के अवसर पर प्रधान पाठक बृजपाल सिंह डाहिरे, रामायण मनहरे, शिक्षक घनश्याम प्रसाद साहू, मोतीराम पात्रे, शांत कुमार पटेल एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने सड़क दुर्घटना में कमी लाने सुरक्षात्मक उपाय करने के दिए निर्देश

## यातायात नियमों का पालन करने कलेक्टर ने की आम नागरिकों से अपील

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सड़क दुर्घटना में कमी लाने और सुरक्षात्मक उपाय करने के संबंध में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग, यातायात विभाग, परिवहन विभाग, पीएमजीएसवाय और नेशनल हाईवे को संयुक्त टीम बनाकर दुर्घटना जन्य क्षेत्र में सुरक्षात्मक कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर वर्मा ने सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान मे रखते हुए यातायात नियमों का पालन करने की अपील आम नागरिकों से की, जिससे वाहन दुर्घटना मे कमी लाई जा सके। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सभी विभागों को इस बात पर जोर देने के लिए कहा कि सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता दी जाए, विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जहां दुर्घटनाएं अधिक होती हैं। कलेक्टर वर्मा ने सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। उन्होंने कहा कि अगर सभी मिलकर काम करेंगे, तो सड़क पर सुरक्षा में सुधार लाना संभव है। कलेक्टर वर्मा ने जिले में सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम की दृष्टि से चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट, ग्रे स्पॉट और अन्य दुर्घटना जन्य क्षेत्र में क्रैश बैरियर, सावधान व अन्य सूचना फ्लक बोर्ड लगाने, रोड मार्किंग सहित आवश्यकतानुसार रंबल स्ट्रीप लगाने के साथ अन्य सभी सुरक्षात्मक उपाय करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी घाटी मार्गो में समुचित उपाय के साथ-साथ पौधरोपण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में मवेशियों के कारण सड़क दुर्घटना होने की संभावनाएं बनी रहती है। इसके लिए मवेशियों को मुख्य मार्ग से हटाकर सुरक्षित स्थान पर रखे जाने के संबंध में कार्यवाही करने एवं रिफ्लेक्टिव बेल्ट लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले के अंतर्गत यातायात व्यवस्था को बनाए रखने साथ ही यातायात नियमों का पालन कराने और उलंघन करने वालों पर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मालवाहक गाड़ियों पर सवारी बैठाने वाले वाहनों पर लगातार कार्यवाही करें। कलेक्टर ने हिट एंड रन प्रकरण में पीड़ित परिवारों को हिट एंड रन मोटरयान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकार स्कीम के तहत मुआवजा के लिए प्राप्त आवेदनों को समय-सीमा के भीतर त्वरित निराकरण करने के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में सड़क दुर्घटना के दौरान त्वरित इलाज के लिए मदद करने वाले नेक व्यक्तियों को चिन्हांकित कर सम्मानित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओं संदीप कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर निर्भय साहू, संयुक्त कलेक्टर मोनिका कौड़ो, कवर्धा एसडीएम अनुमप टोप्पो, बोड़ला श्रीमती गीता रायस्त, पंडरिया संदीप ठाकुर, सहसपुर लोहारा सुआकांक्षा नायक, जिला परिवहन अधिकारी मोहन साहू, यातायात प्रभारी प्रवीण खलखो सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### हिट एंड रन मृत्यु व गंभीर चोंट के प्रकरण में मुआवजा राशि का प्रावधान

भारत सरकार सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार हिट एंड रन टक्कर मारकर भागना मोटरयान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर स्कीम 2022 लागू किया गया है, यह 01 अप्रैल 2022 से लागू हो चुकी है। जिला परिवहन अधिकारी मोहन साहू ने बताया कि इस स्कीम के अनुसार हिट एंड रन के मृत्यु प्रकरण में 02 लाख रूपए मुआवजा राशि देय होगी तथा गंभीर चोट प्रकरण में 50 हजार रूपए मुआवजा राशि देय होगी। उन्होंने बताया कि प्रथम दुर्घटना रिपोर्ट दर्ज होने के उपरांत एक माह की अवधि तक अगर वाहन की पहचान नहीं हो पाती तो पुलिस पीड़ित परिवार को इस योजना के तहत दावा जांच अधिकारी के समक्ष दावा आवेदन प्रस्तुत करने के संबंध में सूचना देना होगा। जिला परिवहन अधिकारी मोहन साहू ने बताया कि दावा कर्ता के द्वारा मुआवजा के लिए आवेदन फार्म में दावे के प्रतिदाय के लिए वचनबंद्व तथा अन्य दस्तावेज जांच अधिकारी को प्रस्तुत करना होगा। इसके लिए आवश्यक दस्तावेज दावा कर्ता का पासबुक की कापी, अस्पताल द्वारा नगदी रहित उपचार प्रदान करने की बिल की प्रति, पीड़ित व्यक्ति का पहचान प्रामाण पत्र, पता प्रमाण पत्र की प्रति, दावाकर्ता का पहचान प्रमाण पत्र एवं पता प्रमाण पत्र की प्रति, मृत्यु प्रमाण पत्र या चोंट की रिपोर्ट, पुलिस प्रथम दुर्घटना रिपोर्ट की प्रति और मृत्यु के प्रकरण में पोस्ट मार्डम रिपोर्ट संलग्न करना होगा।

# पूर्वांचल में दशहरा महोत्सव की रही जबर्दस्त धूम महापल्ली में रावण दहन पर उमड़ा जनसैलाब

## चंडी डोंगरी में मां रामचंडी व सांपखंड में सांपखंडिन माता का वित्त मंत्री ने लिया आशीर्वाद

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ पूर्वी अंचल में नवरात्र पूजन सहित दुर्गा पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जुरडा कोतरलिया चैक स्थित चंडी डोंगरी में मां रामचंडी देवी की उपासना और नवरात्र पर्व पर प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चैधरी गत शनिवार को पूर्वांचल के सघन दौरे के बीच मातारानी के दरबार में मत्था टेका और अंचल और प्रदेश वासियों के खुशहाली की कामना की। वही सांपखंड जो कि ओडिसा और छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित है वहा माता सांपखंडिन का आशीर्वाद लिया। यहां पर अपार जनसमूह को सम्बोधित करते हुए ओपी चैधरी ने कहा कि पिछले साल जब आया था तब यहां पर सबकी मांग थी कि बिजली व्यवस्था कराई जावे। आज हमने नवरात्र के पूर्व मात्र 6 दिनों में लगभग 58 लाख की लागत से बिजली पहुंचाई है। अगले वित्तीय वर्ष में यहां 10 लाख रुपए की लागत से एक भवन का निर्माण कराया जाएगा। इसकी घोषणा वित्त मंत्री ओपी चैधरी ने अपने वक्तव्य के दौरान कही।

### दशहरा महोत्सव में उमड़ी भीड़

रायगढ़ पूर्वी अंचल में एक मात्र ग्राम महापल्ली में आयोजित होने वाले 43 वें ऐतिहासिक दशहरा सह दूर्गा पूजा महोत्सव में पिछली बार की तरह इस बार 15 हजार से अधिक लोगों की भीड़ रावण दहन और रामलीला कार्यक्रम में उमड़ी। स्थानीय मिनी स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित होने वाले रावण दहन कार्यक्रम में पूरा मैदान खचा खच भरा हुआ था, इसके अलावे सड़को पर भी भीड़ जमा रही। मां पूर्णमासी कला परिषद बरगढ़ ओडिसा के कलाकारों ने चार दिन तक रावण दरबार लगाया और रामलीला का मंचन कर दर्शकों का मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दंड नृत्य और डांस प्रतियोगिता आयोजित किया गया था जिसमें छत्तीसगढ़ और ओडिसा के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। स्थानीय दुर्गा पूजा समिति के सक्रिय क्रियाकलापों के कारण भी लगभग 10 हजार लोगों ने महाभंडारे में अन्न प्रसाद ग्रहण किया। प्रातः 7 बजे डीजे के साथ भक्तों ने मां दुर्गा के प्रतिमा का विसर्जन रघुनाथ मुड़ा तालाब में किया।

### सांप खंड में में भी रहा भक्तों का ऐतिहासिक जमावड़ा

महापल्ली से आगे शकरबोगा कनकतुरा के बीच सांप खंड जंगल में माता सांपखंडिन देवी के दरबार में भक्तों की भारी भीड़ रही। दोपहर को कीर्तन धारा ओडिसा के कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी गई जिसे सुनने व देखने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।यहां पर रामजी की भव्य रैली निकाली गई और रावण दहन किया गया। नवरात्र पूजन के अवसर पर प्रतिदिन भंडारा दी गई अंतिम दिवस में दस हजार से अधिक लोगों ने महा भंडारे में भोजन ग्रहण किया।

# सिंघल फैक्ट्री में हादसा, कंजर्वेयर बेल्ट में फंस कर मजदूर की मौत

## पीएम के बाद होगी कार्रवाई

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



लाख कोशिशो के बावजूद जहां जिले के उद्योगो में मजदूरों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा। वही इन उद्योगपतियो के खिलाफ कार्यवाई के नाम पर महज जाँच इंक्वायरी और पेनाल्टी के अलावा कोई भी ठोस करवाई नजर नही आ रही है। ऐसे ही एक मामले में एक और मजदूर की कन्वेयर बेल्ट में हांथ फंसने से मजदूर की उपचार के दौरान मौत हो गई। दर असल मामला सिंघल प्लांट का है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार जिला मुख्यालय से महज 20 किलो मीटर दूर सिंगल प्लांट में उस समय हड़कम्प मच गया जब प्लांट में काम कर रहे मजदूर रामजीत 34 वर्ष का हाँथ कंजर्वेयर बेल्ट में फंस गया और उसकी चीख से पूरा प्लांट गूंज उठा। उक्त घटना से मजदूर का हाँथ किसी तरह बाहर निकाला गया और अनन फानन में मजदूर को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लाया गया। वहां डॉक्टरों ने मजदूर को मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस की माने तो घटना की जानकारी पुलिस को लगाते ही तत्काल मौके पर पहुंची और घटना स्थल का मुआयना किया गया। पुलिस ने यह भी बताया कि मृतक का नाम रामजीत उम्र 34 वर्ष है तथा वह सूरजपुर का मूल निवासी बताया जा रहा है। जो पिछले कुछ दिनों से प्लांट में श्रमिक का काम कर रहा था। बताया यह नही जा रहा है कि इसी प्लांट में उसका भाई भी काम करता है। इसमे खास बात यह है कि परिजनों के आने के बाद ही मृतक का पोस्टमार्टम किया जाएगा। खास बात यह है कि ऐसे मामले में उद्योगों की सुरक्षा व्यवस्था की जांच पड़ताल करने के लिए औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग तो है परंतु उद्योगों में हादसा के बाद भी जब श्रमिक की मौत हो जाती है। तब भी जांच के बाद मामले में कोई ठोस करवाई नही होती। ऐसे में इन उद्योगो में सुरक्षा मानकों के कितने मापदंडों का पालन किया जा रहा है यह समझ से परे हैं जिन पर जिला प्रशासन को संज्ञान में लेना चाहिए ताकि इस तरह के हादसे न हो और उद्योगों में सुरक्षा मानकों का पालन किया जाना चाहिए।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत

- **तेज रफ्तार कार ने मछली व्यवसायी को मारी टक्कर, मेला देखने जा रहे दम्पत्ती को मारी ठोकर, आगे की कार्रवाई में जुटी पुलिस**

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले में अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। पहली घटना में जहां तेज रफ्तार कार की ठोकर से मछली बेचने जा रहे एक ग्रामीण युवक की मौत हो गई तो वहीं दूसरी घटना में तेज रफ्तार बाईक पर नियंत्रण खो बैठने से युवक की मौत हो गई है। पुलिस ने दोनों ही मामलों में मर्ग कायम कर प्रकरण को जांच में ले लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार खरसिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिविल लाइन में रहने वाले कुर्बान अली ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसका पड़ोसी अमित यादव कल अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 13 व्ही 2766 में मछली एवं अन्य सामान को लाद कर मछली बेचने के लिए रक्शापाली जा रहा था। दोपहर करीब पौने 4 बजे के आसपास जब वह रानीसागर तिराहा से थोडा आगे पहुंचा ही था तभी रायगढ़ की तरफ से आ रहे कार क्र0 सीजी 13 एक्स 3104 के चालक आदित्य गबेल ने कार को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए अमित यादव को जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे अमित यादव के दाहिने पैर,सिर व पेट में चोट लगा है। साथ ही साथ उसकी मोटर सायकल भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। अमित यादव को गंभीर चोट लगने से उसे सिविल अस्पताल खरसिया में भर्ती कराया गया था जहां स्थिति में सुधार नही होनें पर उसे रायगढ मेडिकल कालेज अस्पताल रिफर कर दिया गया। कुर्बान अली ने बताया कि घायल अमित यादव को रायगढ मेडिकल कालेज लाया जा रहा था इसी बीच रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। बहरहाल अमित यादव की मौत हो जाने के बाद खरसिया पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ धारा 106 (1) 125 (ए) 281 के तहत अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है। इसी तरह की दूसरी घटना में तमनार थाना क्षेत्र क्षेत्र की है। जहां महलोई निवासी सूरज मिर्धा पिता नेत्रानंद मिर्धा उम्र लगभग 20 वर्ष एवं ग्राम गोढ़ी का अमन तिग्गा पिता अमित तिग्गा उम्र 15 वर्ष बाइक से दशहरा देखने के लिए 13 अक्टूबर की शाम गोढ़ी से निकले थे। बाइक सवार दोनों युवक जब झिकाबहाल के पास पहुंचे ही थे। इसी बीच बाईक चला रहा सूरज मिर्धा अपनी तेज रफ्तार बाईक पर नियंत्रण खो बैठा जिससे सड़क किनारे लगे संकेतक बोर्ड से टकरा गए। इस घटना के बाद सूरज सड़क किनारे झाड़ियों में फेंका गया और अमन सड़क किनारे ही चोटिल होकर गिर पड़ा हुआ था। घटना के बाद जिंदल के सुरक्षा गार्डो ने उपचार हेतु अमन को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया और सूरज को झाड़ियों में होने के कारण सुरक्षा कर्मी नहीं उसे देख नही पाए।

# नारायणी धाम के संस्थापक महेंद्र सावी मित्तल का महामहिम राज्यपाल ने किया सम्मान

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल रमेंन डेका के हाथों 13 अक्टूबर 2024 को राजधानी रायपुर में आयोजित अग्रसेन जयंती समारोह के दौरान श्री नारायणी धाम सेवा समिति के संस्थापक महेंद्र सावी मित्तल का सम्मान किया गया, अवसर था छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के श्री अग्रसेन जयंती समारोह एवं साधारण सभा की कार्यकारिणी बैठक का, इस अवसर पर श्री नारायणी धाम सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र मित्तल ने यह सम्मान ग्रहण किया तथा महामहिम राज्यपाल के साथ अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय चैयरमेन प्रदीप मित्तल दिल्ली, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल रायपुर,प्रांतीय अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल भिलाई,प्रांतीय चैयरमेन डॉक्टर अशोक सियाराम अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल राजू, अशोक मोदी, रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, बसना के विधायक डॉक्टर संपत अग्रवाल, दीनदयाल गोयल, जयदेव सिंघल, महेंद्र सेक्सरिया, आशीष सेक्सरिया, अग्रवाल सभा रायपुर के अध्यक्ष विजय अग्रवाल,रायपुर सेंट्रल मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष नितेश अग्रवाल,डॉ. अनिता अग्रवाल सहित संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी मंचस्थ रहे तथा इस दौरान नारायणी धाम सेवा समिति चाम्पा के संस्थापक महेंद्र मित्तल ने छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज हमारी संस्था को मिला यह सम्मान गौरव का विषय है एवं आप सभी का स्नेह इसी तरह से नारायणी धाम समिति पर बना रहे,ज्ञात हो कि विगत महीनो श्री नारायणी धाम सेवा समिति चाम्पा के संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र मित्तल के आतिथ्य में चाम्पा में छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन की भव्य एवं सफल बैठक का आयोजन किया गया था, तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न शहरों से आए संगठन के पदाधिकारीयो ने जहां नारायणी धाम में मां रानी सती दादी के दर्शन किए तो वही प्रसाद भी ग्रहण किया।

# वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गोयल को मातृ शोक, माता चमेली देवी का हुआ निधन

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश के वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गोयल (स्वर्णभूमि रायपुर) की पूज्य माताजी चमेली देवी अग्रवाल धर्म पत्नी लखीराम अग्रवाल का आकस्मिक निधन दिनांक-15 अक्टूबर 2014 दिन-मंगलवार को हो गया था, जिनकी अंतिम संस्कार यात्रा दिनांक- 15 अक्टूबर 2024 दिन- मंगलवार को उनके गृह निवास श्री अग्रसेन मार्ग अंबिकापुर से निकली, तथा अंबिकापुर के मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार हुआ, चमेली देवी अग्रवाल कैलाश अग्रवाल, अशोक गोयल, डॉक्टर सुनील अग्रवाल, एवम दिनेश गोयल की पूज्य माताजी थी, तथा चमेली देवी अग्रवाल के निधन पर छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच, छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन,अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महा सम्मेलन, वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन, स्वर्ण भूमि परिवार रायपुर सहित विभिन्न संगठनों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है, चमेली देवी अग्रवाल मृदुभाषी, मिलनसार, धर्म परायण महिला थी तथा वे अग्रवाल सभा अंबिकापुर के पूर्व अध्यक्ष समाजसेवी लक्खीराम अग्रवाल जी की धर्म पत्नी थी।

# बंगाल की परम्परा के अनुसार सिंदूर खेल कर की गयी माता की विदाई



- श्री गोगा बाबा कला समिति द्वारा किया गया दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

शहर के जुट मिल रोड स्थित गोगा मंदिर चैक में श्री गोगा बाबा कला समिति द्वारा हर दुर्गा पूजन किया गया। वहीं नवमी पर कन्या भोज के साथ ही महाभंडारा का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय माता रानी के पूजन कार्यक्रम के दौरान हजारो की संख्या में श्रद्धालुओं ने माता का दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया स वहीं दशहरा के बाद रविवार को बंगाल की परम्परा अनुसार समिति की महिलाओं ने सिंदूर खेल कर माता को विदाई दी गयी स नगर निगम द्वारा निर्धारित टूरकुमुड़ा के तालाब में माँ दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

# रेलवे ट्रैक पर 2 युवकों की लाश मिली

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com




रायगढ़ में दो अलग अलग मामलों में ट्रेन की चपेट में आ जाने से दो लोगों की मौत हो गई। घटना की सूचना पर रेलवे पुलिस आगे की कार्रवाई में जूट गई है। मिली जानकारी के मुताबिक पहली घटना रविवार की रात करीब तीन बजे की बतायी जा रही है।

इसमें करीब 24 साल के युवक का शव कोतरलिया यार्ड अप लाईन में सुबह देखा गया। जिसके बाद मामले की जानकारी जीआरपी पुलिस को दी गई। ऐसे में जीआरपी के जवान मौके पर पहुंचे और आसपास के लोगों से पूछताछ करते हुए शिनाख्त करने की कोशिश की गई, पर उसका पहचान पता नहीं चल सका है। बताया जा रहा है कि ट्रेन की चपेट में आने से इसके सिर में चोट में है और एक हाथ कट गया है। संभवना जतायी जा रही है कि यह लाईन पार कर रहा था, तभी घटना घटित हुई है। इसी तरह की दूसरी घटना में आज शाम करीब 5 बजे भूपदेवपुर थाना क्षेत्र के बड़े जामपाली के पास रेलवे ट्रेक में घटित हुई। इसमें बताया जा रहा है कि लगभग 40-45 साल के व्यक्ति का शव जामपाली से राबर्ट्सन की ओर मेन लाइन में देखा गया और धड़ से सिर अलग था। इसके बाद इसकी सूचना भूपदेवपुर पुलिस व आरपीएफ को दी गई। ऐसे में आरपीएफके जवान मौके पर पहुंचे, पर इसकी भी शिनाख्त नहीं हो सकी है और मामले में आरपीएफ पुलिस आगे की कार्रवाई में जूटी है। जामपाली रेलवे लाईन के पास जो घटना घटित हुई। उसमें मृतक पिंक रंग का शर्ट व ग्रे कलर का लोहर पहना हुआ था और कोतरलिया रेलवे लाईन पर जिस युवक का शव मिला उसने सफेद रंग की शर्ट व ब्लैक रंग की जिंस पेंट पहना हुआ था। देर शाम तक दोनों की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

# अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मान समारोह से नगर के मुखिया का नाम गायब ? ऐसे पढ़े-लिखे लोग बनवाते है आमंत्रण पत्र

पायनियर संवाददाता जैजैपुर
www.dailypioneer.com




नगर पंचायत जैजैपुर में नगर युवा मंडल जैजैपुर द्वारा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन 19 अक्टूबर 2024 को शासकीय उच्चतर ध्यमिक विद्यालय जैजैपुर में रखा गया है जिसमें दमदार बनारसी ,प्रियंका मिश्रा, अमित दुबे, बन्शीधर मिश्रा, हीरामणी वैष्णव, ईशान विघुत अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मान समारोह मे शिरकत दे रहे है। जिसका आयोजक नगर युवा मंडल जैजैपुर के द्वारा किया जा रहा है जिसमें नगर के मुख्य नगर पंचायत अध्यक्ष मा सोनसाय देवांगन का नाम निमंत्रण कार्ड से गायब है वहीं आयोजक नगर युवा मंडल जैजैपुर के द्वारा किया जा रहा है इस तरह से यह निमंत्रण कार्ड चर्चा का विषय बना हुआ है जिसमें अनेक कांग्रेसी, बीजेपी एवं सामाजिक कार्यकर्ता के साथ में अन्य जिला पंचायत सदस्यों का नाम अंकित है ।जागरूक व्यक्ति एवं पढ़ा लिखा व्यक्ति ही इसमें नगर के प्रतिष्ठित एवं प्रथम नागरिक माननीय सोनसाय देवांगन का नाम को हटाया है इससे यह क्या सिद्ध करना चाहते हैं वह तो समय ही पता पाएगा कि आखिर में नगर के प्रतिष्ठित एवं नगर पंचायत अध्यक्ष सोनसाय देवांगन का नाम निमंत्रण पत्र से बाहर क्यों रखा गया।

## मेरा घर पीएम सूर्यघर-प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना-अपनी छत, अपना बिजली घर

# विद्युत मंडल सक्ती ने की उपभोक्ताओं से योजना का लाभ लेने की अपील

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने छत्तीसगढ़ वर्ग के विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है किमेरा घर पीएम सूर्यघर,प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को राशि 78 हजार रूपये तक अनुदान सीधे उनके बैंक खाते में ट्रांसफर किया जायेगा। इस योजना से बिजली बिल कम और नवीन रोजगार सृजन होगा तथा अक्षय ऊर्जा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी,तथा इस योजनांतर्गत हितग्राहियों को प्राप्त होने वाली अनुदान राशि इस प्रकार होंगी।

**औसत मासिक विद्युत खपत (यूनिट)**-01- 0-105 यूनिट-01 से 2 किलोवॉट- अनुदान राशि ?30000 से 60000 तक 02-150-300 यूनिट 02 से 03 किलोवॉट, अनुदान राशि 60000 से 78000 रुपये तक 03- 03 किलोवाट से अधिक अनुदान राशि 78000 रुपये प्रदान की जाएगी-छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित लिमिटेड शक्ति के अधिकारी चंद्रेश पाटकर ने बताया कि ग्रुप हाऊसिंग सोसायटी / निवासी कल्याण संघ के लिए रू 18,000 प्रति किलोवाट अनुदान का प्रावधान, 500 किलोवाट तक (अधिकतम 3 किलोवाट प्रति घर) है,तथा इस योजना से जुड़ने के लिये आज ही डाऊनलोड करें प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना मोबाईल एप एवम लॉगइन करें pmsuryaghar.gov.in,QR कोड स्केन करें-मेरा घर,पीएम सूर्यघर या की नजदीकी बिजली दफ्तर में संपर्क करें,एक बार का निवेश और जीवन भर की बचत प्रधानमंत्री सूर्यघर - मुफ्त बिजली योजना

**विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उपरोक्त योजना का लाभ लेने हेतु आवेदन की प्रकिया**-स्टेप-01 सबसे पहले पोर्टल pmsuryaghar.gov.in पर रजिस्टर/पंजीयन करें।अपने राज्य का चुनाव करें, इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी चुने, अब इलेक्ट्रिसिटी कन्ज्यूमर नंबर का चुनाव करें, अपना मोबाईल नंबर और मेल आईडी प्रवृष्ट करें। स्टेप-02 कन्ज्यूमर नंबर और मोबाईल नंबर से लाग-इन करें, अब रूफटॉप सोलर के लिए आवेदन करें। स्टेप-03 अब अप्रूवल के लिए इंतजार करें। विद्युत विभाग में पंजीकृत वेंडर से ही सौर संयंत्र लगवायें। स्टेप-04 एक बार इंस्टालेशन पूरा हो जाने पर प्लांट का विवरण जमा करें और नेट मीटर के लिए आवेदन करें। स्टेप-05 नेट मीटर की स्थापना और डिस्कॉम द्वारा निरीक्षण के बाद पोर्टल से प्रमाण पत्र प्रदाय किया जावेगा। स्टेप-06 कमिशनिंग रिपोर्ट प्राप्त कर, आप अपना बैंक खाता विवरण तथा निरस्त चेक, पोर्टल के माध्यम से जमा करें,तीस दिनों के भीतर आपको सब्सिडी प्राप्त हो जायेगी,विस्तृत जानकारी के लिये क्यूआरकोड स्केन करें

**सूरज के किरपा पाबो, पी. एम. सूर्यघर योजना अपनाबो छत पर अपन बिजली बनाबो, तीन सौ यूनिट बिजली मुफ्त पाबो**-मेरा घर-पीएम सूर्यघर प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी पूरे प्रदेश के नागरिकों से आव्हान करते हुए कहा है कि-हमारे सौर मंडल में ऊर्जा का सबसे बड़ा स्त्रोत सूर्य है। सौर ऊर्जा को ग्रीन एनर्जी भी कहते हैं क्योंकि इससे बिजली उत्पादन में प्रदूषण नहीं होता। यदि लोगों के घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाकर सौर ऊर्जा का उत्पादन किया जाए तो यह बिजली आम जनता को निःशुल्क मिलेगी। ऐसी बहुत बड़ी सोच के साथ हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 'प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना' शुरू की है। जिसके तहत मार्च 2027 तक देश में एक करोड़ घरों में 'रूफ टॉप सोलर प्लांट' लगवाने का संकल्प उन्होंने लिया है। इस संकल्प को पूरा करने के लिये हमने छत्तीसगढ़ में 5 लाख रूफ टॉप सोलर प्लांट लगाने का लक्ष्य रखा है,आपको यह जानकर खुशी होगी कि एक से तीन किलोवॉट तक का सोलर प्लांट लगाने के लिये सरकार 30 हजार से 78 हजार रुपये तक का अनुदान दे रही है। तकनीकी रूप से तीन किलोवॉट के सोलर प्लांट में हर माह औसतन 300 यूनिट बिजली का उत्पादन होगा। आपकी छत पर उत्पादित पूरी बिजली, यदि आपके घर में उसी माह उपयोग नहीं होती तो वह सीएसपीडीसीएल के ग्रिड में संरक्षित कर आगामी माह के उपयोग हेतु उपलब्ध रहेगी। जिसका फायदा लाभार्थी घरेलू उपभोक्ता को निरंतर प्राप्त होता रहेगामेरा अनुरोध है कि आप पीएम सूर्यघर योजना के पोर्टल या मोबाइल ऐप में जाकर पंजीयन कराएं और इस योजना के सभी लाभ उठाएं। मुझे विश्वास है कि यह योजना 'बिजली बिल हाफ' नहीं बल्कि 'बिजली बिल समाप्त' कर देगी। यानी आपको 3 किलोवॉट के सोलर प्लांट पर 300 यूनिट बिजली हर माह मुफ्त मिलेगी। आप गर्व कर सकेंगे कि आप खुद बिजली के उत्पादक भी हैं और उपभोक्ता भी। इसलिए आइये, अपने घर को पीएम सूर्यघर बनाने के लिये जल्दी से जल्दी पंजीयन कराये

# सक्ती निवासी 30 वर्षीय अनूप शर्मा का हुआ निधन, अशोक शर्मा के सुपुत्र थे अनूप

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



शक्ति शहर के प्रतिष्ठित शर्मा परिवार के अशोक शर्मा वर्तमान निवासी रायपुर के ज्येष्ठ सुपुत्र अनूप शर्मा (उम्र 30 वर्ष) का 14 अक्टूबर की रात्रि राजधानी रायपुर में आकस्मिक निधन हो गया, तथा अनूप शर्मा का अंतिम संस्कार दिनांक- 15 अक्टूबर 2024 दिन- मंगलवार को दोपहर उनके वर्तमान गृह निवास अशोका रत्न, पंचरत्न बिल्डिंग, ब्लॉक क्र602 शंकर नगर रायपुर से अंतिम संस्कार यात्रा निकलकर देवेंद्र नगर मुक्तिधाम पहुंची, तथा अशोक शर्मा वर्तमान में गौंड ब्राह्मण समाज संस्था रायपुर के उपाध्यक्ष थे, एवं अनूप शर्मा के निधन पर गौंड ब्राह्मण समाज सहित रायपुर सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं शक्ति के भी विभिन्न संगठनों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है, ज्ञात हो कि अनूप शर्मा मृदुभाषी, मिलनसार, प्रखर व्यक्तित्व के धनी थे तथा वे पूर्व में शक्ति शहर में भारतीय जनता युवा मोर्चा के भी सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में काम कर चुके हैं एवं उनके पिता अशोक शर्मा शक्ति शहर के प्रतिष्ठित उद्योगपति एवं समाजसेवी रहे हैं, तथा अशोक शर्मा पूर्व में शक्ति के बाराद्वार बस स्टैंड में अंबिका ट्रेडर्स के संचालक भी थे।

# विद्यार्थी निरंतर सीखने की भावना जागृत रखें : राज्यपाल मंगुभाई पटेल

पायनियर संवाददाता ग्वालियर
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि विद्यार्थी भावी जीवन में निरंतर सीखने की भावना जागृत रखें और अन-लर्निंग, रि-स्किलिंग व अप-स्किलिंग पर विशेष ध्यान दें। साथ ही यह संकल्प लें कि जीवन के उतार-चढ़ाव और विपरीत परिस्थितियों में भी अपने आदर्शों, ज्ञान और आचरण के उच्चतम प्रतिमानों का निष्ठा के साथ पालन करेंगे। पटेल ने यह बात जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर के दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कही। उन्होंने गोल्ड मैडल व उपाधियाँ प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावक व गुरुजनों को बधाई दी और सभी के उज्वल भविष्य की कामना की। राज्यपाल की अध्यक्षता एवं नालंदा विश्वविद्यालय बिहार के चांसलर पद्मभूषण डॉ. विजय पी. भटकर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अविनाश तिवारी, कुलाधिसचिव प्रो. डी. एन. गोस्वामी, कुल सचिव अरूण सिंह चौहान एवं कार्य परिषद के सदस्यगण मंचासीन थे। दीक्षांत समारोह में पद्मभूषण डॉ. विजय पी. भटकर को डॉक्टर ऑफ साइंस की मानद उपाधि और साहित्यकार व वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. नरेन्द्र नाथ लाहा को डीलिट् की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। साथ ही शिक्षण सत्र 2022-23 और 2023-24 के 81 विद्यार्थियों को 126 गोल्ड मैडल, 297 विद्यार्थियों को पीएचडी (डॉक्टर ऑफ फिलोसपी) एवं 397 विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर उपाधियाँ प्रदान की गईं। विश्वविद्यालय की प्रतिभावान छात्रा अंकिता मिश्रा को 4 एवं त्रिपर्णा बारिक को 3 गोल्ड मैडल देकर सम्मानित किया गया। पटेल ने कहा कि दीक्षांत कार्यक्रम सदैव से हमारी



प्राचीन संस्कृति का हिस्सा रहे हैं। प्राचीन काल में गुरुकुल शिक्षा में अध्ययन के समापन के बाद घर वापस लौटने के लिये समावर्तन संस्कार होता था। आधुनिक दीक्षांत समारोह उसी का एक रूप है। उन्होंने कहा दीक्षांत समारोह एक भावनात्मक अनुबंध का प्रतीक भी हैं, जिसमें छात्र-छात्राएँ अपने ज्ञान और मेधा के साथ गुरुजनों के बताए मार्ग पर चलने और राष्ट्र सेवा की शपथ लेते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि तेजी से बदलते वैश्विक परिवेश में या तो आप परिवर्तन को प्रेरित करते हैं अथवा परिवर्तन आपको प्रेरित करता है। इसलिए विद्यार्थी अपने जीवन के लक्ष्य निर्धारित करें और एकाग्र होकर उन लक्ष्यों को हासिल करने के लिये प्राण-पण से जुट जाएँ। पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से समर्थ, सशक्त, समृद्ध और विकसित भारत बनाने के लिये भावी पीढ़ी को मति, गति और दिशा निर्धारण करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी विश्वविद्यालयों को सौंपी है। विश्वविद्यालयों से अपेक्षा है कि शिक्षा के इस मंदिर में विद्यार्थियों को ज्ञान, विज्ञान के साथ बौद्धिकता और संस्कारों के समन्वय की सीख भी दें। हर विधा के विद्यार्थियों को शोध एवं नवाचारों को समझने और अपनाने का अवसर भी विश्वविद्यालय में मिले। पद्मभूषण डॉ. विजय पी. भटकर ने दीक्षांत भाषण दिया। उन्होंने कहा कि अच्छे विश्वविद्यालय देश को महान बनाते हैं। खुशी की बात है कि जीवाजी विश्वविद्यालय मेक द नेशन के पथ पर चलकर देश को महान बनाने के लक्ष्य पर आगे बढ़ रहा है। हमारी कामना है कि यह विश्वविद्यालय विश्व स्तरीय विश्वविद्यालय का रूप लेकर नॉलेज बेस्ड इंडिया के निर्माण में अपना अहम योगदान दे। डॉ. भटकर ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि जीवाजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में गोल्ड मैडल व उपाधियाँ प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में छात्राओं की संख्या अधिक है। इससे निश्चित ही महिला सशक्तिकरण के प्रयासों को बल मिलेगा। जीवाजी विश्वविद्यालय के कुलगुरू (कुलपति) प्रो. अविनाश तिवारी ने दीक्षांत उपदेश दिया एवं गोल्ड मैडल व उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शपथ दिलाई। डॉ. नरेन्द्र नाथ लाहा ने मानद डीलिट् उपाधि प्रदान करने के लिये जीवाजी विश्वविद्यालय के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया और यह उपाधि अपने माता-पिता को समर्पित की।

# महिला एवं बाल विकास विभाग बाल संरक्षण टीम द्वारा किया गया जागरूकता कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग एवं चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 की टीम द्वारा कार्य योजनानुसार संयुक्त टीम बनाकर जिले के देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान रेस्क्यू एवं पुनर्वास के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। जिसमे बाल श्रम, भिक्षावृत्ति, नशे की लत, शिक्षा से वंचित अपशिष्ट संग्रहकर्ता सड़क जैसी स्थिति में रहने वाले बच्चे मोबाइल की लत से ग्रसित बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से संघन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत कवर्धा शहर




के विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त दल द्वारा सघन भ्रमण कर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अपशिष्ट पदार्थ संग्राहक करते हुए पाया गया। जिसे समझाइश दिया गया और उसके परिवार वालों को जानकारी दिया गया। जागरूकता अभियान में टीम द्वारा रैली, जागरूकता कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, पम्पलेट वितरण, घर-घर जाकर परामर्श आदि माध्यमों से लोगों को बाल अधिकार संरक्षण के लिए जागरूक किया गया।

इस दौरान संयुक्त टीम में सत्यनारायण राठौर जिला बाल संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, चैतराम नंदा श्रम निरीक्षक, परमेश्वरी धुर्वे सामाजिक कार्यकर्ता, नितिन किशोरी वर्मा, श्यामा धुर्वे, अश्वनी वास्तव एन.ए.एम,महेश निर्मलकर परियोजना समन्वयक, आरती यादव, रामलाल पटेल, शारदा निर्मलकर सुपरवाइजर, ज्योति वाचकर, लक्ष्मी जाट, हीना मोंगरे मितानिन, उतरा बांधेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं वार्ड के महिला, युवा साथी बच्चे एवं उपस्थित थे।

# विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बताया धूम्रपान से परहेज आवश्यक

पायनियर संवाददाता देहरादून
www.dailypioneer.com

उत्तराखंड के ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान, पल्मोनरी विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बढ़ते लंग्स कैंसर के मामलों पर चिन्ता व्यक्त की और कहा कि कैंसर से बचाव के लिए धूम्रपान का परहेज अत्यंत आवश्यक है। मंगलवार को समाप्त हुए एम्स, ऋषिकेश के पल्मोनरी मेडिसिन विभाग के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय नेशनल लंग्स कैंसर सम्मेलन में संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने कहा कि फेफड़ों के कैंसर का सबसे मुख्य कारण धूम्रपान (बीड़ी एवं सिगरेट) को सेवन है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा विशेषज्ञों के लिए यह चिन्ता का विषय है कि देश में साल दर साल लंग्स कैंसर के मामलों में बढ़ोत्तरी हो रही है। उन्होंने कैंसर से बचाव के लिए किसी भी तरह के धूम्रपान का परहेज अत्यंत आवश्यक बताया। सम्मेलन के दौरान इंडियन सोसाईटी फॉर स्टडी ऑफ लंग्स कैंसर (आई.एस.एस.एल.सी) के अध्यक्ष डॉ. दिगम्बर बेहरा ने फेफड़ों के कैंसर के शुरुआती लक्षण को शीघ्र पता लगाने और समय रहते उपचार शुरू करने की बात कही। आयोजन समिति के अध्यक्ष व एम्स, ऋषिकेश के पल्मोनरी विभाग के हेड प्रोफेसर गिरीश सिंधवानी ने फेफड़ों के कैंसर के निदान और उपचार विषय पर विस्तृत जानकारी दी। आयोजन सचिव डॉ. मयंक मिश्रा ने एम्स में संचालित लंग्स कैंसर ओपीडी के बारे में बताया कि प्रत्येक शुक्रवार को इस ओपीडी में विशेष तौर से लंग्स कैंसर के मरीजों को देखा जाता है। उन्होंने बताया कि लंग्स कैंसर के निदान और इसके इलाज के लिए संस्थान में इंटरवेंशनल ब्रोंकोस्कॉपी सहित सभी प्रकार की आधुनिक तकनीक आधारित उपचार की सुविधाएं उपलब्ध है। सम्मेलन को इंडियन सोसाईटी फॉर स्टडी ऑफ लंग्स कैंसर (एसएसएलसी) की महासचिव डॉ. दिव्या खोसला सहित देशभर के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों से आये पल्मोनोलॉजिस्ट, मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट, सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, पैथोलॉजिस्ट और न्यूक्लियर मेडिसिन विशेषज्ञों ने लंग्स कैंसर विषय अपने अनुभव और विचारों को साझा किया। साथ ही, लंग्स कैंसर के उपचार और रोकथाम के मामलों में मरीजों की जांच, सर्जरी, कैंसर स्टेजिंग, इंटरवेंशनल ब्रोंकोस्कोपी, रेडियोथेरेपी, कीमोथेरेपी के प्रभाव एवं दुष्प्रभाव पर चर्चा की गई।

# विश्व हाथ धुलाई दिवस पर आंगनबाड़ी केंद्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता नारायणपुर
www.dailypioneer.com

विश्व हाथ धुलाई दिवस के उपलक्ष्य में जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में विशेष जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य बच्चों, अभिभावकों और समुदाय के सदस्यों को हाथ धोने के महत्व के बारे में जागरूक करना था, ताकि संक्रमण से बचाव हो सके और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा मिल सके। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने



बच्चों को हाथ धोने की सही विधि का प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने स्वच्छता बनाए रखने के सरल उपाय भी बताए। बच्चों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ इन गतिविधियों में भाग लिया और हाथ धोने के सही तरीके का अभ्यास किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने कहा, सही ढंग से हाथ धोने की आदत न केवल बच्चों बल्कि पूरे परिवार के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। यह संक्रमण के प्रसार को रोकने में सहायक होती है और बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाती है। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने भी भाग लिया और हाथ धोने के वैज्ञानिक लाभों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साबुन और पानी से नियमित रूप से हाथ धोने से डायरिया, निमोनिया और अन्य संक्रामक बीमारियों से बचाव संभव है। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पूरे समुदाय को हाथ धुलाई की आदत अपनाने का संदेश दिया गया। उपस्थित सभी लोगों ने संकल्प लिया कि वे इस सरल परंतु प्रभावी आदत को अपनाकर अपने परिवार और समाज में स्वच्छता का संदेश फैलाएंगे।

# उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक ने अपना विस्तार करते हुए रायपुर के शंकर नगर में नए बैंकिंग आउटलेट का उद्घाटन किया



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (उत्कर्ष एसएफबीएल) ने शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ में अपने नए बैंकिंग आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा की। इस लॉन्च के साथ, बैंक राज्य में अपनी उपस्थिति को मजबूत करना जारी रखता है, जिससे स्थानीय समुदायों के लिए बैंकिंग सेवाओं तक अधिक पहुंच सुनिश्चित होती है। इस अवसर पर बोलते हुए उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ गोविंद सिंह ने कहा, हमें छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में अपनी उपस्थिति का विस्तार करते हुए खुशी हो रही है, जो व्यापार और संस्कृति के लिए एक उभरता हुआ केंद्र है। शंकर नगर में हमारा नया बैंकिंग आउटलेट समुदाय को वित्तीय सेवाएँ प्रदान करने, वित्तीय समावेशन को बढ़ाने और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में एक प्रमुख प्रवर्तक के रूप में काम करेगा। यह हमारी पहुँच का विस्तार करने और स्थानीय विकास का समर्थन करने के हमारे चल रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## मामाअर्थ ने टियर 3 शहरों और कस्बों तक विस्तार करने के लिए मीशो के साथ की साझेदारी

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के सबसे तेजी से विकसित होते हुए पर्सनल केयर ब्रांड्स में से एक, मामाअर्थ ने मीशो के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के अंतर्गत उच्च गुणवत्ता के उत्पाद दूरदराज के इलाकों तक पहुँच सकेंगे जिससे उभरते हुए क्षेत्रों में ब्रांड की वृद्धि में मदद मिलेगी। टियर 3 शहर और कस्बे ई-कॉमर्स की वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इसलिए मामाअर्थ ने इन छोटे और अर्द्धशहरी इलाकों में प्रीमियम, प्राकृतिक और टॉक्सिन-फ्री पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए मीशो के विशाल नेटवर्क का सहयोग लिया है। यह नए बाजारों में पहुँचने और क्षेत्रीय इलाकों में राजस्व वृद्धि करने की मामाअर्थ की रणनीति का हिस्सा है, जिससे ब्यूटी और पर्सनल केयर की श्रेणी में मामाअर्थ को विश्वसनीयता और उच्च प्रतिष्ठा हासिल करने में मदद मिलेगी। मीशो पर सेल की अवधि में यह ब्रांड पाँच गुना वृद्धि कर चुका है। अब मामाअर्थ का उद्देश्य अगले 12 महीनों में मीशो पर 100 करोड़ रुपये के वार्षिक आवर्ती लक्ष्य (एआरआर) तक पहुँचना है।

# केंद्रीय नोडल अधिकारी पंकज ने बेमेतरा में जल संरक्षण कार्यों का किया निरीक्षण

## स्वसहायता समूह की महिलाओं से मुलाकात की और उनकी गतिविधियों का जायजा लिया

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

केंद्रीय नोडल अधिकारी पंकज कुमार (आईआरएस) ने जल शक्ति अभियानः कैच द रेन-2024 के तहत जिले में चल रहे भू-जल संवर्धन के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए किए जा रहे उपायों का मूल्यांकन किया और इन कार्यों की जमीनी हकीकत से रूबरू हुए। निरीक्षण के दौरान कुमार ने ग्राम बहेरा और बेतर में वृक्षारोपण के प्रयासों का अवलोकन किया। उन्होंने इस कार्य की सराहना करते हुए वृक्षों की सुरक्षा और उचित देखरेख पर जोर दिया। इसके बाद, उन्होंने ग्राम बनियाडीह में अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। सरोवर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने जल संचयन की प्रभावशीलता और ग्रामीणों के योगदान



की प्रशंसा की। कुमार ने ग्राम बनियाडीह की य उन्होंने महिलाओं को बाड़ी में सब्जियों के साथ आलू और हल्दी जैसी फसलों की खेती करने की सलाह दी, जिससे स्थानीय स्तर पर आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल सके। साथ ही, उन्होंने ग्रामीणों को पौधों की सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया ताकि वृक्षारोपण के प्रयास सफल हों। इसके बाद, नोडल अधिकारी ग्राम समुन्दवारा पहुंचे, जहां उन्होंने चेक डेम का निरीक्षण किया। उन्होंने मिट्टी के कटाव को रोकने के लिए बंभनी गांव में गली प्लग जैसे उपायों की आवश्यकता पर जोर दिया। इन परियोजनाओं के माध्यम से मिट्टी और जल संरक्षण के बेहतर परिणाम सामने आएंगे। निरीक्षण के दौरान, पंकज कुमार ने ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत घरों में पानी की आपूर्ति की जानकारी भी ली। ग्राम बहेरा की निवासी रोहिणी साहू ने उन्हें बताया कि सुबह 6 बजे और शाम 4 बजे दो-दो घंटे पानी की आपूर्ति की जाती है। नोडल अधिकारी ने अन्य ग्रामीणों से भी पानी की उपलब्धता के बारे में पूछताछ की और फिर पिपरभट्ठा गांव पहुंचे, जहां उन्होंने घर-घर जाकर जल आपूर्ति की स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान पंकज कुमार ने संबंधित जिला अधिकारियों और समुदायों के साथ चर्चा कर विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति और उनकी प्रभावशीलता का भी जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को इन योजनाओं को और प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए ताकि जल संरक्षण और भू-जल संवर्धन के लक्ष्य समय पर पूरे हो सकें। इस निरीक्षण के अवसर पर केंद्रीय भू-जल बोर्ड, रायपुर के डॉ. रजनी कांत शर्मा, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता चन्द्र शेखर शिवहरे, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता जे.पी. गोड़ समेत कई अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# मेनिनजाइटिस की रोकथाम आपके प्रियजनों के लिए अंतिम ढाल

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

मेनिनजाइटिस एक गंभीर टीका रोकथाम योग्य संक्रमण है जो विशेष रूप से बच्चों के लिए महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संबंधी चिंताएँ पैदा करता है। विश्व मेनिनजाइटिस दिवस का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और इस बीमारी को हराने के लिए वैश्विक प्रयासों को बढ़ावा देना, प्रारंभिक पहचान की जीवनरक्षक क्षमता को बढ़ावा देना और टीकाकरण के माध्यम से इसकी रोकथाम करना है। चंदा चाइल्ड क्लिनिक, रायपुर के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. निलय मोजार्कर के अनुसार, टीकाकरण के माध्यम से मेनिनजाइटिस को रोकना एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राथमिकता है। बीमारी का तेजी से प्रसार, विशेष रूप से स्कूलों, छात्रावासों और सीमित स्वास्थ्य देखभाल वाले क्षेत्रों जैसे भीड़-भाड़ वाले स्थानों में, टीकाकरण की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करता है। उच्च जोखिम वाले समूहों, विशेष रूप से 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का टीकाकरण न केवल उन्हें तत्काल खतरे से बचाता है, बल्कि बीमारी की समग्र घटनाओं को कम करने में भी मदद करता है, जिससे सभी के लिए एक स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। हर साल वैश्विक स्तर पर 2.5 करोड़ से अधिक मामले सामने आने के साथ, मेनिनजाइटिस एक गंभीर स्वास्थ्य संकट का प्रतिनिधित्व करता है, क्योंकि इस बीमारी से मरने वालों में से लगभग 70% पांच साल से कम उम्र के बच्चे हैं।

# आईआईएफएल फाईनेंस 19 अक्टूबर तक जीरो प्रोसेसिंग शुल्क के साथ 0.99 प्रतिमाह की ब्याज दर पर गोल्ड लोन पेश कर रही है

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

आईआईएफएल फाईनेंस, जो कि भारत की प्रमुख नॉन-बैंकिंग फाईनेंशल कंपनियों (एनबीएफसी) में से एक है, अपने गोल्ड लोन मेला में 19 अक्टूबर तक जीरो प्रोसेसिंग शुल्क के साथ 0.99 प्रतिमाह की ब्याज दर पर गोल्ड लोन पेश कर रही है। इस गोल्ड लोन मेला द्वारा आईआईएफएल फाईनेंस का उद्देश्य तत्काल वित्तीय सहयोग के जरूरतमंदों को कम लागत पर गोल्ड लोन के माध्यम से किफायती क्रेडिट प्रदान करना है। आईआईएफएल फाईनेंस भारत में अपनी शाखाओं और सुगम ऑनलाईन प्लेटफॉर्म के माध्यम से लोन निवेदनों की प्रभावी प्रोसेसिंग के लिए तैयार है, ताकि ग्राहकों को इस सीमित अवधि के ऑफर का ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। आईआईएफएल फाईनेंस में जोनल हेड, गोल्ड लोन, अनुराग यादव ने कहा, हमें मालूम है कि पैसे की जरूरत अचानक से सामने आती है, और हम जरूरत के समय पर अपने ग्राहकों को सहयोग प्रदान करने के लिए समर्पित हैं।


**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता**
**महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**

// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र.159676/निविदा सूचना क्र. 07/वलेलि/2024-25

बालोद, दिनांक 14.10.2024

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक **04.11.2024 17:30** तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैः

**कार्य का नाम :** बालोद जिले के विकासखंड गुण्डरदेही की कांदुल व्यपवर्तन योजना के शीर्ष कार्य की रिमाडलिंग एवं नहर रिमाडलिंग एवं लाईनिंग आर.डी. 0 मी. से 4140 मी., फील्ड चैनल का रिसेक्सनिंग (बांयी तरफ 0 मी. से 300 मी. तक एवं दांयी तरफ 0 मी. से 1470 मी. तक), केनाल स्ट्रक्चर (01 नग स्केप, 02 नग व्ही.आर.बी., 05 नग इनलेट, 11 नग आउटलेट) का निर्माण एवं 06 नग व्ही.आर.बी. का मरम्मत कार्य।

अनुमानित लागत : **रू. 251.02 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **21.10.2024** समय 17:31 बजे से देखें तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**नोटः** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, बालोद**
**कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,**
**जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)**

G-242503178/6



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**
**जोन क्रमांक-06, अन्तर्राज्यीय बस स्टैण्ड, तृतीय तल, रावणभाठा**
E-Mail :- rmczone6@gmail.com

Ref.:329/Zone 6/RMC/2024-25 Raipur. Date : 14/10/2024

**EXPRESSION OF INTEREST**

Notice Inviting Tender (NIT)

Raipur Municipal Corporation invites sealed tenders from eligible vendors for the construction and maintenance of a 6000 sq. feet Box Cricket Stadium at **Taigore Garden, Tagore Nagar Ward 58** garden under the annual license fees model for 5 Years. The Project includes a 10x10 Kiosk, a prefabricated toilet, and advertising rights on two mini unipoles. The tender fee is Rs. 5000, and an EMD of Rs. 1,00,000 is required. Detailed EOI documents can be obtained from the **Town Planning Branch, Room No. 24, Raipur municipal Corporation Zone No. 06** The last date for Submission id 30/10/2024 For more information, Visit zone office.

*घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।*

**Zone Commissioner**
**Zone No. 6**
**Municipal Corporation, Raipur**



**एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड** — विभिन्न आर्सिल ट्रस्ट्स की ट्रस्टी के रूप में कार्यरत

Arcil Premier ARC

आर्सिल कार्यालय: रूबी, 10 वीं मंजिल, 29, सेनापति बापट मार्ग, दादर (पश्चिम) मुंबई -400 028।
शाखा कार्यालय: एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड, कमरा नंबर 1001, 10 वीं मंजिल, सिग्नेट टॉवर, डीएन -2, डीएन ब्लॉक (कॉलेज मोर के पास), साल्ट लेक सेक्टर -5, कोलकाता - 700091। वेबसाइट: https://auction.arcil.co.in; सीआईएन-U65999MH2002PLC134884

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफासी ऐक्ट) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 6, 8 एवं 9 के तहत शक्तियों के प्रयोगांतर्गत ऑनलाइन ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना एतद्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार (रों)/ गारंटर (रों) / बंधकदाता (ओं) को सूचना दी जाती है कि असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी (इंडिया) लिमिटेड, विभिन्न आर्सिल ट्रस्ट्स की ट्रस्टी के रूप में कार्यरत (आर्सिल') (पंजीकृत समनुदेशन अनुबंधों के माध्यम से वित्तीय आस्तियों के समनुदेशन के अनुसरण में) के पास बंधक / प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति/यां, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफासी ऐक्ट) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 6, 8 एवं 9 के प्रावधानों के निबंधनों में नीचे वर्णित अनुसार बकाया राशि, आगे ब्याज, प्रभारों तथा लागतों इत्यादि सहित की वसूली के लिए ऑनलाइन ई-नीलामी द्वारा 'जैसी है जहां है', जैसी है जो है', 'जो भी है वहां है' तथा 'कोई उपाय नहीं' आधार पर बेची जाएंगी :

| कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर / बंचकदाता का नाम | एलएएन नंबर एवं विक्रेता बैंक | ट्रस्ट का नाम | सरफेसी नोटिस दिनांक 21-08-2019 के अनुसार बकाया राशि और 25-10-2019 | कब्जा का प्रकार एवं तिथि | निरीक्षण की तिथि | सम्पत्ति का प्रकार और क्षेत्रफल | धरोहर राशि जमा (ईएमडी) | सुरक्षित मूल्य | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बोरवर: 1. सोमनाथ हरिदास सुखदेव 2. नीलेश हरिदास सुखदेव 3. आदर्श सोमनाथ सुखदेव | 18600075425 & 18600088512 & 18600076233 सेलिंग बैंक मुथूट हाउसिंग फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (एमएचएफसीएल) | एआरसी आईएल-रिटेल लोन पोर्टफोलियो-086-ए-ट्रस्ट | रु. 7,80,674.17/- (रुपये सात लाख अस्सी हजार छह सौ चौहत्तर और पैसे सत्रह केवल) और रु. 1,92,479.33/- (रुपये एक लाख बानबे हजार चार सौ उनासी और पैसे तैंतीस केवल) और 2,27,903.94/- (रुपये दो लाख सत्ताईस हजार नौ सौ तीन और पैसे चौरानबे केवल) 13-08-2019 को। उस पर आगे ब्याज + कानूनी खर्च | प्रतीकात्मक 02-07-2024 | अनुरोध पर व्यवस्था की जाएगी | 92.903 चौ.मी (निर्मित क्षेत्र) | रु। 1,63,200/- रुपये (रुपये एक लाख तिरसठ हजार दो सौ केवल) | रु। 16,32,000/- (केवल सोलह लाख बत्तीस हजार रुपये) | 18-नवंबर-2024 को दोपहर 12:00 बजे |

**नीलामी की जा रही सुरक्षित संपत्ति का विवरण:**
**सोमनाथ हरिदास सुखदेवे (उधारकर्ता), नीलेश हरिदास सुखदेवे (सह-उधारकर्ता):** प्रतिमा सोमनाथ सुखदेव (सह-उधारकर्ता): प्लॉट नंबर 17/एच, केएच नंबर 845 12 पार्ट पीएच नंबर 17 मौजा उरला, आरएनएम दुर्ग – 1, तहसील दुर्ग छत्तीसगढ़, दुर्ग, 491001

| | |
|---|---|
| एआरसीआईएल को ज्ञात लंबित मुकदमे | शून्य \| एआरसीआईएल को ज्ञात ऋणभार/देय राशि \| शून्य |
| बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | नीलामी से 2 घंटे पहले एक ही दिन \| बोली वृद्धि राशि: \| जैसा कि बोली दस्तावेज में उल्लेख किया गया है |
| डिमांड ड्राफ्ट किसके नाम से बनाया जाएगा: | एआरसीआईएल-रिटेल लोन पोर्टफोलियो-086-ए-ट्रस्ट \| सममूल्य पर देय |
| आरटीजीएस विवरण | ARCIL-रिटेल लोन पोर्टफोलियो-086-A-TRUST, ट्रस्ट अकाउंट नंबर 57500001224960, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, शाखा: कमला मिल, मुंबई, आईएफएससी कोड- HDFC0000542 |
| संपर्क व्यक्ति का नाम & नंबर | जीतेश सावंत 7304559153(authorised.officer@muthoot.com ) सत्रुघन – 9570774774 (satrughan@arcil.co.in) |

नियम एवं शर्तें: 1. नीलामी बिक्री वेबसाइट https://auction.arcil.co.in पर ई-नीलामी के माध्यम से संचालित की जाएगी तथा बोली दस्तावेज में दिए गए नियमों एवं शर्तों के तहत और उसमें दी गई प्रक्रिया के अनुसार संचालित की जाएगी। 2. प्राधिकृत अधिकारी (एओ') / आर्सिल को इंटरनेट कनेक्टीविटी, नेटवर्क समस्याओं, सिस्टम क्रेश डाउन इत्यादि के लिए जिम्मेदार नहीं माना जाएगा। 3. नीलामी के किसी भी चरण में
एओ बिना कोई कारण बताएं तथा बिना कोई पूर्व सूचना दिए बोली/ऑफर स्वीकार/अस्वीकार / निरस्त कर सकता है अथवा नीलामी प्रास्थगित कर सकता है। 4. सफल खरीदार / बोलीदाता को बिक्री प्रतिफल पर कानूनी देयताएं, कर, शुल्क, लागू जीएसटी, स्टाम्प ड्यूटी, पंजीकरण शुल्क इत्यादि जो प्रतिभूत आस्ति उसके पक्ष में हस्तांतरण/सिपुर्दगी के लिए आवश्यक हैं, लागू कानून के अनुसार वहन करने होंगे। 5. इच्छुक खरीदार को अपनी बोली जमा करने से पहले प्रतिभूत आस्ति पर ऋण भार, उसके स्वामित्व तथा प्रतिभूत आस्तियों को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों / देयताओं के संबंध में अपनी स्वयं की स्वतंत्र जांच / सम्यक् सतर्कता जांच कर लेनी चाहिए। नीलामी विज्ञापन आर्सिल की ओर से कोई वादा या वचनबद्धता नहीं करता है और नहीं करेगा। आर्सिल का प्राधिकृत अधिकारी किसी तृतीय पक्ष दावों/अधिकारों / देयताओं के लिए किसी भी रूप में जिम्मेदार नहीं होगा। 6. समाचार पत्र में प्रकाशित नीलामी सूचना में विनिर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी के अनुसार बयान किए गए हैं, तथापि अधोहस्ताक्षरी किसी त्रुटि, गलती या विलोपन के लिए जिम्मेदार नहीं है। 7. उक्त बकाया राशियों के लिए जिम्मेदार कर्जदार / गारंट/बंधकदाता इस बिक्री सूचना को, उपरिवर्णित नीलामी बिक्री आयोजन के संबंध में, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली के नियम 8 एवं 9 के तहत नोटिस समझें। यदि उपरिवर्णित नीलामी किसी भी कारण से असफल होती है, तो आर्सिल को अधिनियम और नियमावली के नियम 8 (5) के प्रावधानों के तहत अन्य विधियों द्वारा प्रतिभूत आस्ति बेचने का अधिकार होगा।

**दिनांक - 15-10-2024, स्थान - छत्तीसगढ़** — **एसडी/-, अधिकृत अधिकारी, एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड**

# डॉ. रमन ने दिव्यांग बच्चों के साथ केक काटकर मनाया अपना जन्मदिन

## हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपी, नन्हे बच्चों एवं माताओं से की मुलाकात

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

15 अक्टूबर को अपने जन्मदिन पर पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह राजनांदगांव पहुंचे। यहां उन्होंने ठाकुरटोला स्थित सीआरसी सेंटर में दिव्यांगों के बीच केक काटकर जन्मदिन मनाया। इसके बाद वे विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से मिले।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज स्पीकर हाऊस राजनांदगांव में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास हितग्राही सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान सांसद संतोष पाण्डेय, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी उपस्थित रहे। विधानसभा अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपी एवं आवास के लिए नवीन स्वीकृति वाले हितग्राहियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किया। विधानसभा अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरपंचों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव जिला अंतर्गत वर्ष 2016-17 से 2022-23 तक कुल 27442 आवासों की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत आवासों में अब तक कुल 27010 आवास पूर्ण किये जा चुके है।




राजनांदगांव जिला आवास की पूर्णता में 98.42 प्रतिशत है और राज्य में प्रथम स्थान पर है। राजनांदगांव जिले को वर्ष 2024-25 में स्थायी प्रतिक्षा सूची एवं आवास प्लस से स्वीकृति हेतु 21826 लक्ष्य प्रदाय किया गया है। प्रदाय लक्ष्यानुसार अब तक 16070 हितग्राहियों का स्वीकृति प्रदान किया जा चुका है, शेष हितग्राहियों की स्वीकृति का कार्य प्रगति पर है। राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2016-17 से 2022-23 तक 5244 हितग्राहियों का आवास स्वीकृत किया गया है। जिसमें अब तक 5151 आवास पूर्ण कर लिया गया है। नवीन लक्ष्य में 825 आवास राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के लिए प्राप्त हुआ है, जिसमें से अब तक 825 आवासों की स्वीकृति प्रदान कर लिया गया है। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, भरत वर्मा, रमेश पटेल, कोमल राजपूत, शिव वर्मा, दिनेश गांधी, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, संयुक्त कलेक्टर शीतल बंसल अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी व बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

### सुपोषण की श्रेणी में आए नन्हे बच्चों से मिले

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से आज स्पीकर हाऊस राजनांदगांव में उनके जन्मदिन पर जिला प्रशासन द्वारा संचालित पोठ्ठ लईका पहल के तहत लाभान्वित नन्हे बच्चों एवं उनकी माताओं ने भी मुलाकात की। विधानसभा अध्यक्ष का यह जन्मदिन खास एवं यादगार बन गया, जब सुपोषण की श्रेणी में आए नन्हे बच्चों के साथ मिलकर केक काटकर उन्होंने अपना जन्मदिन मनाया।

### सीआरसी सेंटर का निर्माण सबसे बड़ा पुण्य का कार्य : डॉ. रमन सिंह

राजनांदगांव पहुंचने से पहले विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कौशल विकास पुनर्वास और सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी) ठाकुरटोला में दिव्यांग बच्चों के बीच पहुंचकर केक काटा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को सीआरसी सेंटर के दिव्यांग बच्चों एवं शिक्षकों ने जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने इस अवसर पर दिव्यांगजनों को निःशुल्क मोटराईज्ड ट्रायसायकल एवं सहायक उपकरण वितरण किया। इस दौरान सांसद संतोष पाण्डेय उपस्थित थे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज कौशल विकास पुनर्वास और सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी) ठाकुरटोला के दिव्यांग बच्चों के साथ केक काटकर खुशी हो रही है। इससे बड़ी खुशी बड़े से बड़े कार्यक्रम में नहीं मिल सकती है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव में सीआरसी सेन्टर की कल्पना किसी ने नहीं की थी। छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा सीआरसी सेंटर राजनांदगांव में बनकर तैयार हो गया है। उन्होंने कहा कि मानवीय दृष्टि से सीआरसी सेंटर का निर्माण सबसे बड़ा पुण्य का कार्य हुआ है।

# 353 किलो का वजन उठाया जगदीश ने जीता गोल्ड




पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश (नगरोटा बगवां कांगड़ा) खेलो इंडिया अकादमी नगरोटा बगवां में चल रही महिला-पुरूष की राष्ट्रीय भारोत्तोलन (वेट लिफ्टिंग) चैम्पियनशिप स्पर्धा सब जूनियर, जूनियर और सीनियर केटेगरी में छत्तीसगढ़ राजनांदगांव जिला जय भवानी व्यायाम शाला की वेट लिफ्टर आर्मी कैम्प पुणे में अभ्यासरत एसएससीबी की टीम से जगदीश विश्वकर्मा प्रतिनिधित्व करते 102 किग्रा वर्ग समूह में सबको पीछे छोड़ स्वर्ण पदक पर अपना नाम किया। प्रतियोगिता के संबंध में जिला राजनांदगांव भारोत्तोलन संघ व जय भवानी व्यायाम शाला के अध्यक्ष अमीत आजमानी ने बताया कि जगदीश विश्वकर्मा 353 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 157 किग्रा स्नैच और 196 किग्रा क्लीन जर्क कुल वजन 353 किग्रा भार उठाकर गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। जगदीश विश्वकर्मा स्नैच का पुराना रिकार्ड 152 किग्रा स्नैच को तोडकर नया रिकार्ड 157 किग्रा वजन उठाकर नया रिकार्ड बनाकर नया कीर्तिमान बनाया। आजमानी ने बताया कि जगदीश विश्वकर्मा स्नैच में नया रिकार्ड बनाकर राजनांदगांव जिला व जय भवानी व्यायाम शाला का मान बढ़ाया। जगदीश विश्वकर्मा राजनांदगांव की प्रथम अंतरराष्ट्रीय वेट लिफ्टर खिलाड़ी है और प्रथम गोल्ड मेडल लाने वाला खिलाड़ी जगदीश विश्वकर्मा 2011 में कैप्टाउन (दक्षिण अफ्रीका) यूथ कॉमन वेल्थ गेम्स में राजनांदगांव के लिए पहला गोल्ड मेडल लाने वाला पहले खिलाड़ी हैं।

# विमान को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले के खिलाफ मुंबई में अपराध दर्ज

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

ट्वीटर हेण्डल (एक्स) में ट्विट कर इंडिगो कंपनी के विमान क्र0 6 ई 1275 (मुम्बई से मस्कट) और उड़ान संख्या 6 ई 57 (मुम्बई से जेद्दा) में टाईम बम लगाने व एयर इंडिया एयरलाइंस की उड़ान संख्या एआई 119 (मुम्बई से न्यूयार्क) में 06 किलो आरडीएक्स एवं 06 आतंकवादी होने की बात कहते हुए विमान उडाने की धमकी देने के मामले के तार राजनांदगांव से जुड़े हैं। जांच एजेंसियों ने पाया कि ट्विटर (एक्स) के जिस अकाउंट से पोस्ट किया गया है वह राजनांदगांव से संचालित किया जा रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए राजनांदगांव रेंज पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा के मार्गदर्शन व पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के निर्देशानुसार जिसके नाम से ट्विटर अकाउंट था तथा इस ट्वीट के संबंध में जिसने इसकी सूचना एयर कंट्रोल ऑफिस में दी थी, उन दोनों से रायपुर साइबर सेल, कोतवाली पुलिस राजनांदगांव व साइबर सेल राजनांदगांव द्वारा पूछताछ कर मामले से सबंधित इलेक्ट्रॉनिक डेटा एकत्रित किया गया। इस संबंध में महाराष्ट्र मुंबई पुलिस के द्वारा एक अज्ञात आरोपी व ट्विटर हैंडलर के खिलाफ धारा 125,353(1),(बी) 351(4) बीएनएस 3(1)(क) नागरिक उड़ान सुरक्षा अधिनियम 1982 अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना क्रम में मुम्बई पुलिस की टीम आरोपी पतासाजी के लिए सोमवार को राजनांदगांव आयी थी। राजनांदगांव पुलिस के सहयोग से ट्विटर हैंण्डलर राजनांदगांव निवासी एक नाबालिग को उसके पिता के साथ नोटिस देकर व जिनके नाम पर अकाउंट था उसे मुंबई (महाराष्ट्र) में पूछताछ व अग्रिम कार्यवाही हेतु तलब किया गया है।

### रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प 16 अक्टूबर को

**राजनांदगांव।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में 16 अक्टूबर 2024 को सुबह 10.30 से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में आदित्य बिरला सन लाईफ इंश्यूरेंस कंपनी राजनांदगांव द्वारा फ ाईनेंनशियल एडवाईजर के 25 पद, राम लाईफ इंश्यूरेंस सुंदर नगर चौक रायपुर द्वारा सेल्स मैनेजर के 5 पद एवं सेफ इंटेलीजेंस सिक्युरिटी कोहका भिलाई जिला दुर्ग द्वारा सिक्युरिटी गार्ड के 200 पद व सिक्युरिटी सुपरवाईजर के 50 पद पर भर्ती की जाएगी। प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होने के इच्छुक आवेदक अपने शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फ ोटो, रोजगार पंजीयन कार्ड के साथ प्लेसमेंट कैम्प में शामिल हो सकते है।

# विद्युत विकास कार्यों के लिए मिली 40 करोड़ 82 लाख रुपए की स्वीकृति

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव/खैरागढ़/मोहला
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अन्तर्गत राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में विद्युत विकास कार्यों के लिए 40 करोड़ 82 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिससे इन जिलों के नगरीय एवं ग्रामीण अंचलों में नये विद्युत उपकेन्द्रों का निर्माण, नये 33 के.व्ही. एवं 11 के.व्ही. लाइनों का निर्माण, विद्यमान विद्युत उपकेन्द्रों की क्षमता आवर्धन तथा अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मरों के स्थापना के कार्यों को अमलीजामा पहनाया जायेगा। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन



कंपनी प्रबंधन द्वारा विद्युत विकास के लिए स्वीकृति इन कार्यो से लगभग 2.50 लाख किसानों एवं उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता शिरीष शैलेट ने बताया कि राजनांदगांव क्षेत्र के अन्तर्गत मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के तहत राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं मोहला-मानपुर-चौकी जिले के रामाटोला, जरहामहका, सिरसाही, चौथना, डूंडेरा एवं कहडबरी में नये 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेन्द्रों का निर्माण, लालबहादूर नगर, औंधी, खड़गांव, डुमरटोला, कौड़ीकसा, झुरानदी, पैलीमेंटा, धोधा, कुमरदा में विद्यमान उपकेन्द्रों में 3.15 एम.व्ही.ए. के अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मरों की स्थापना तथा इंदामरा, हाटबंजारी, अरसीटोला, बिजेभांठा, गेंदाटोला, छुरिया, पनियाजोब, मुसराकला, मेंढ़ा, मोहला, बांधाबाजार, दिघवाड़ी, मानपुर, चिल्हाटी, बैहाटोला, लिमो, राहुद, खुज्जी, धोधा, छुईखदान एवं खैरागढ में स्थित उपकेन्द्रों के पॉवर ट्रांसफामरों की क्षमता 3.15 एम.व्ही.ए. से 5 एम.व्ही.ए. में वृद्धि, 106 कि.मी. 33 के.व्ही. एवं 60 कि.मी. 11 के.व्ही. की नई लाईनों के कार्यो के लिए 40 करोड़ 82 लाख रूपये की स्वीकृति मिली है। विद्युत विकास के लिए स्वीकृति इन कार्यो के पूर्ण हो जाने से लगभग 2.50 लाख किसानों एवं उपभोक्ताओं एवं किसानों को निर्बाध रुप से उच्च गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति प्रदान की जा सकेगी।

# नगर पंचायत और पंचायत चुनावों की तैयारी, मारकंडे नियुक्त प्रेक्षक

- मोहला-मानपुर चुनावी तैयारियों की समीक्षा करेंगे सीएल मारकंडे

पायनियर संवाददाता ◄ मोहला
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग नया रायपुर के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर सीएल मारकंडे को जिला मोहला-मानपुर अंबागढ़ चौकी के नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचन नामावली तैयार/पुनरीक्षण हेतु प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। मारकंडे राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी एवं ग्राम पंचायतों के पंच/सरपंच जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत के सदस्य के लिए निर्वाचन संपन्न कराए जाने के लिए निर्वाचन नामावली तैयार पुनरीक्षित कराए जाने की तैयारी की जायजा लेंगे। निर्वाचन नामावली गुणवत्तापूर्ण एवं त्रुटि रहित तैयार किया जाए इसके संबंध में आवश्यक निर्देश देंगे आयोग द्वारा जारी तय कार्यक्रम के अनुरूप उक्त कार्यक्रम संपादित किया जा सके। मारकंडे 14 अक्टूबर को 11:00 बजे को जिला मुख्यालय मोहला में उपस्थित होंगे और 3:00 बजे तक वन विभाग की रेस्ट हाउस में रूकेंगे। अधिक जानकारी के लिए मो. 94255-40484 पर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# 20 शिक्षक एवं एक कर्मचारी अनुपस्थित पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी

- जिले के 110 विद्यालयों एवं 30 संकुलों का किया गया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

विद्यालयों में एक साथ मॉनिटरिंग करने के लिए जिला एवं विकासखंड स्तर पर गठित टीम द्वारा जिले के 110 विद्यालयों एवं 30 संकुलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान तत्काल जीओ टैग मैप के माध्यम से व्हॉट्सएप्प उपलब्ध कराया गया। गूगल शीट पर शिक्षकों की उपस्थिति एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई। शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण में सभी स्कूलों में अध्ययन-अध्यापन विधिवत संपन्न करने एवं विद्यालयों में शिक्षकों को समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए।

जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल ने शासकीय हाई स्कूल आलीवारा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिक्षक मौसमी सांकरे की विद्यालय में नियमित उपस्थिति संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुसरा के निरीक्षण के दौरान शिक्षक संजय ठाकरे, शिक्षक रोमा साहू व्याख्याता सुचिता मिश्रा अनुपस्थिता पाये गये, जिन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आतरगांव छुरिया के निरीक्षण के दौरान व्याख्याता एलबी सीके साहू, व्याख्याता एलबी किरण साहू, सहायक ग्रेड 3 टिकेश्वर कुमार लहरे अनुपस्थित पाये गये, जिन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

इसी तरह जिला एवं विकासखंड स्तर पर निरीक्षण में कुल 20 शिक्षक एवं एक सहायक ग्रेड-3 अनुपस्थित पाये गये, जिन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया और विलंब से विद्यालय आने वाले शिक्षकों को भविष्य में विलंब से शाला नहीं आने के संबंध में कड़ी चेतावनी दी गई। जिन विद्यालयों के शिक्षकों को चेतावनी दी गई उनमें व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलगोंदी रामजी लाल चन्द्रवंशी, शासकीय प्राथमिक शाला देशहाटोला के बृजेश कुमार मंडावी, शासकीय प्राथमिक शाला साल्हे के खूबलाल महलार्य, शासकीय प्राथमिक शाला सीताकसा के सहदेव सिंह ध्रुव, शासकीय प्राथमिक शाला मोरकुंटुब के मुकेश कुमार मंडावी, शासकीय प्राथमिक शाला हेताड़कसा के प्रभात कुमार मरई, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मडियान कमलेश तिवारी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोठीटोला के रवि देशमुख, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसबोड़ डोमनलाल निषाद, सूर्यकांत शर्मा, विकास सिंह बघेल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बखत रेंगाकठेरा के विश्वनाथ कम्पैला, शासकीय प्राथमिक शाला उसरी बोड़ के भगवती प्रसाद बघेल शामिल हैं।

संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को शिक्षकों एवं कर्मचारियों का ऑनलाईन अवकाश पोर्टल में मिलान करने तथा संबंधित शिक्षक व कर्मचारी ने ऑनलाइन अवकाश हेतु आवेदन हेतु प्रविष्टि किया गया है अथवा नहीं सुनिश्चित करने कहा गया हैं।

# विभिन्न विकास कार्यों के लिए 21 लाख 70 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत विकास निधि योजना अंतर्गत डोंगरगढ़ एवं छुरिया विकासखंड के ग्रामों में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 21 लाख 25 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके अंतर्गत डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम मोतीपुर में वार्ड क्रमांक 1 साहू पारा में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 1 लाख 50 हजार रूपए, ग्राम मोतीपुर में वार्ड क्रमांक 1 अजा वार्ड में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 2 लाख रूपए, ग्राम मोतीपुर में सामुदायिक भवन साहू पारा के पास टिन शेड निर्माण कार्य के लिए 50 हजार रूपए, ग्राम खुडमुड़ी में वार्ड नंबर 13 धरम वर्मा गली में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 1 लाख रूपए, ग्राम ठेकवा में रामायण मंच के सामने गली क्राकीटीकरण निर्माण कार्य के लिए 1 लाख 25 हजार रूपए, ग्राम सलोनी में वार्ड नंबर 3 से भुनेशर घर से भुलिया तक सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 2 लाख रूपए, ग्राम बिजनापुर में तालाब के पास स्टील रेंलिंग के लिए 2 लाख रूपए, ग्राम कारूटोला में वार्ड क्रमांक 1 में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 3 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी तरह छुरिया विकासखंड के ग्राम लाममेटा में गली क्रांकीटीकरण कार्य के लिए 4 लाख रूपए, ग्राम आमगांव कु में पोस्ट ऑफि स गली में सीसी सड़क निर्माण कार्य के लिए 4 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

## माता देवालय दर्शन यात्रा का प्रथम चरण 17 से

# डोंगरगांव अंचल में निकलेगी माता देवालय दर्शन यात्रा, पौराणिक मान्यताओं से नगर व अंचलवासी होंगे रूबरू

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

प्राचीन और पौराणिक संस्कृति व मान्यताओं को जन जन तक पहुंचाने तथा लोगों में ग्रामीण क्षेत्र में विराजित देवी देवताओं के प्रति आस्था और श्रद्धा जगाने की दृष्टि से अंचल में माता देवालय दर्शन यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा का शुभारंभ डोंगरगांव नगर से 17 अक्टूबर से होगी। यह यात्रा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक पहुंचेगी। इस दौरान प्रत्येक गांव में यात्रा का पड़ाव होगा।

विधायक निवास आलीवारा में आहुत प्रेस कांफ्रेस में लोक मंड़ई के सृजेता, लोक कलाकार तथा क्षेत्रीय विधायक दलेश्वर साहू द्वारा तैयार किये गये कांसेप्ट के अनुसार पूरे प्रदेश में पहली बार अपने तरह के इस अनूठे दर्शन यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से लोगों को ग्राम्य क्षेत्र में सरहद से लेकर गांव के विभिन्न स्थानों में विराजित देवी देवताओं की जानकारी से रूबरू कराया जायेगा। एक प्रेस वार्ता में माता देवालय दर्शन यात्रा के संयोजक तथा संरक्षक दलेश्वर साहू ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य नई युवा पीढ़ी को हमारे माता देवालय व ग्रामीण देवी देवताओं से संबंधित मान्यताओं और वैज्ञानिक कारणों से अवगत कराना है।

उन्होंनें बताया कि हम देखते है कि गांव में विभिन्न स्थानों पर नाना प्रकार की मूर्तियां व पत्थर लगे रहते हैं, जिन्हें देवी देवता मानकर हम नमन और वंदन करते हैं। यह परंपरा सदियों से चली आ रही है, लेकिन आज की पीढ़ी को यह नहीं मालूम



होता है कि वे कौन से देवी देवता हैं। गांव के बुजुर्ग या सियान लोगों से इस संबंध में जानकारी लेने पर कई इस संबंध में बताने में असमर्थ होते हैं। जबकि, सभी देवी देवताओं का अपना अलग महत्व होता है। उन्होंनें बताया कि शहरी क्षेत्रों को छोड़ दिया जाये तो ग्रामीण क्षेत्रों में इन देवी देवताओं की भरपूर मान्यता है और महीने में दो तीन दिन इस प्रकार के त्यौहार मनाये जाते हैं, जिसमें ग्रामीणों को अन्यत्र आना जाना वर्जित किये जाने के अलावा दैनिक चर्या पर भी रोक और पाबंदी रहती है। इसका पालन नहीं करने वालों से गांव के प्रमुख लोग दण्ड भी वसूल करते हैं। यह कई सालों से चला आ रहा है, लेकिन इसका वैज्ञानिक कारण न तो किसी को मालूम है और न ही किसी ने इसे जानने का प्रयास किया। इन्हीं सब बातों को लेकर उनके मन में इस तरह की यात्रा निकालने का विचार आया और वे पिछले एक साल से इस यात्रा के आयोजन पर काम कर रहे हैं।

विधायक साहू ने बताया कि यात्रा के माध्यम से अंचल के जीर्ण शीर्ण देवालयों के जीर्णोद्धार की एक अलग प्रकार की मुहिम वह शुरू करने वाले हैं। शासन स्तर पर ऐसी अनेक योजनाएं हैं, जिनके माध्यम से मंदिरों व देवालयों का पुनर्निर्माण व उद्धार किया जा सकता है। उन्होनें यह भी बताया कि माता देवालय दर्शन यात्रा के संबंध में वरिष्ठ साहित्यकारों के सहयोग से एक पत्रिका का प्रकाशन भी किया जा रहा है, जिसमें अंचल में विराजित विभिन्न देवी देवताओं की सचित्र जानकारी होगी। प्रसिद्ध भजन सम्राट पं. विवेक शर्मा यात्रा के विभिन्न पड़ावों में सुमधुर भजन प्रस्तुत करेंगे। प्रेस वार्ता के दौरान किसान नेता गुलाब वर्मा तथा विधायक प्रतिनिधि रवि शुक्ला उपस्थित थे।

### डोंगरगांव नगर से 17 को यात्रा प्रारंभ

माता देवालय दर्शन यात्रा का शुभारंभ 17 अक्टूबर को ब्लॉक मुख्यालय डोंगरगांव नगर से होगा। नगर के कॉलेज रोड स्थित शीतला मंदिर में विधि विधानपूर्वक पूजन के बाद यात्रा नगर के फौव्वारा चौक, चंडी मंदिर, मेन रोड, थाना रोड होते हुए किल्लापारा स्थित शीतला मंदिर पहुंचेगी। उपरांत यात्रा बरगांव, गुंगेरी नवागांव, जामसरार होते हुए मनेरी पहुंचेगी, जहां पर पहले दिन की यात्रा का समापन होगा। इस मौके 0र भजन सम्राट विवेक शर्मा का लाईव कंसर्ट होगा।

### यात्रा के साथ माता देवाला की झांकी

दर्शन यात्रा के साथ माता देवाला सहित अन्य देवी देवताओं की चलित झांकिया चलेंगी। मुख्य वाहन में माता शीतला की प्रतिमा के साथ बैरग, निशान व बना आदि रहेंगे। दूसरे वाहन में साहड़ा देव, बघारन पाठ, भैंसासुर, कंकालिन माता सहित अन्य़ देवी देवताओं की प्रतिकृति रहेगी। यात्रा के साथ भजन व गीत संगीत की टोली भी निरंतर चलायमान रहेगी। जानकारी के अनुसार यात्रा के साथ प्रसिद्ध कुंवारी माता तथा सोनेसरार की डामेश्वरी माता भी एक रथ पर सवार रहेंगी।

# जाली नोट का व्यवसाय करने वाले फरार आरोपी सुधन यादव और मंगल मालाकार भी चढ़े पुलिस के हत्थे, मंगल मालाकार अपने ससुराल ग्राम में छिपा हुआ था

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



चिकनीपानी भरारी नाला के आगे सफेद रंग के अल्टो कार सी.जी. 16 सी.एम. 9300 में बैठे चालक सम्पत कुमार टोप्पो उर्फ शोभित निवासी कोरिमा एवं ललित त्रिपाठी निवासी सिलसिला द्वारा बाहर से आये 02 व्यक्ति से नकली नोट प्राप्त कर असली के रूप में उपयोग करने हेतु नकली नोट को खपाने के लिये ग्राहक की तलाश कर रहे है। इस सूचना पर पुलिस टीम तत्काल चिकनीपानी भरारी नाला के पास पहुंचकर रोड किनारे खड़ी उक्त कार को स्टॉफ के साथ घेराबंदी की जा रही थी, घेराबंदी के दौरान 03 व्यक्ति कार से उतरकर रोड़ किनारे जंगल में भाग गये। कार में सवार एक व्यक्ति चालक की सीट में बैठे सम्पत कुमार टोप्पो उर्फ शोभित उम्र 24 वर्ष निवासी कोरिमा थाना अंबिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) को अभिरक्षा में लेकर कार की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 500-500 रू. के नकली नोट कुल 150 नग 75 हजार रू. नकली नोट के साथ 500-500 रू. के असली नोट 98 नग 49 हजार नगद एवं 04 बंडल नोट साईज का सफेद कागज मिलने पर जप्त करते हुये सम्पत कुमार टोप्पो को 30 जून को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर सम्पत कुमार टोप्पो ने बताया था कि उसने सिलसिला निवासी ललित कुमार त्रिपाठी के बतायेनुसार असली नोट के बदले में 05 गुना नकली नोट बाहर का एक पार्टी देगा। ऐसा कहने पर सम्पत कुमार टोप्पो 50 हजार नगद व्यवस्था कर वह ललित कुमार त्रिपाठी के साथ कार में सवार होकर चिकनीपानी के भरारी नाला के पास आया था। विवेचना दौरान मुखबीर सूचना पर कार्यवाही कर दबिश देकर प्रकरण के फरार सहआरोपी सुधन यादव को उसके ग्राम से अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि वह घटना दिनांक समय को वह अपने सुपर स्लेण्डर मो.सा. क्र. सी.जी. 14 एम.पी. 0381 में आरोपी अर्जून राम को बैठाकर आरोपी मंगलू उर्फ मंगल मालाकार से प्राप्त नकली नोट 75 हजार रू. को संपत कुमार टोप्पा एवं ललित त्रिपाठी को उसके कार में देकर सौदा तय करते समय पुलिस द्वारा घेराबंदी करते समय भाग जाना बताया है, आरोपी ने इनसे बात करने में उपयोग किया गया मोबाईल सेट व सिम को तोड़कर गांव के तालाब में फेंक देना बताया है। आरोपी सुधन यादव से घटना में प्रयुक्त मोटरसायकल को जप्त किया गया है। के आरोपी सुधन यादव के कथनानुसार 75,000 रुपये का नकली नोट मंगलू उर्फ मंगल से प्राप्त करना बताने पर थाना बागबहार की एक टीम तत्काल उसके निवास एवं दूसरी टीम उसके ससुराल कोड़ासीया के लिये रवाना किया गया। आरोपी मंगलू उर्फ मंगल के कोड़ासीया स्थित ससुराल ग्राम में मिलने पर उसे अभिरक्षा में लिया गया एवं पूछताछ कर तलाशी लेने पर घर में रखे एक कलर प्रिंटर से नकली नोट प्रिंट करना बताने पर उस ॥क्क ढ्ढठ्ठद्म ञ्जड्डठ्ठद्म 316 कलर प्रिंटर को जप्त किया गया है। पूछताछ में आरोपी मंगलू उर्फ मंगल ने उक्त अपराध को घटित करना स्वीकार किया गया है। दोनों आरोपियों के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने पर उन्हें 14 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। विवेचना कार्यवाही एवं आरोपियों की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी बागबहार निरीक्षक सरोज टोप्पो, स.उ.नि. नारायण प्रसाद साहू, प्र.आर. 118 लवकुमार चौहान, प्र.आर. 360 विरेन्द्र कुमार सनमानी, प्र.आर. 331 अरविन्द कुमार, प्र.आ. 266 सुखदेव साय, आरक्षक 568 राजेन्द्र रात्रे, आर.28 आकाश कुजूर, आर. 628 घनश्याम प्रजापति, आर. 326 कोसमोस तिर्की का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# बृहस्पति के उपग्रह यूरोपा में पहुंचेगें जशपुर के 30 बच्चों के नाम

## 2030 को यूरोपा क्लीपर पहुंचेगा बृहस्पति के उपग्रह यूरोपा पर

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





अमेरिका की स्पेस एजेंसी नासा के द्वारा फ्लोरिडा स्थित केनेडी स्पेस सेंटर यूरोपा क्लीपर नामक अंतरिक्ष यान बृहस्पति और उसके चंद्रमा यूरोपा के लिए रवाना हुआ। यह अंतरिक्ष यान पृथ्वी से परे जीवन की तलाश के लिए बृहस्पति के उपग्रह यूरोपा की बर्फीली परत के नीचे जमे हुए महासागर तल पर प्रकाश डालेगा। बृहस्पति के 95 ज्ञात उपग्रहों में से एक यूरोपा के लिए जब इस अंतरिक्ष यान ने उड़ान भरी तो अपने साथ सिलिकॉन चिप में 26 लाख लोगों के सपनों को भी अपने साथ अंतरिक्ष में लेकर उड़ा। जहां यूरोपा क्लीपर में रखे सिलिकॉन चिप में 26 लाख लोगों के नामों के साथ जशपुर जिले के भी 30 बच्चों, शिक्षकों एवं जिलाधीश डॉ. रवि मित्तल का नाम भी अपने साथ लेकर ऊँचाइयों को छूता गया। इस संबंध में नवसंकल्प शिक्षण संस्थान के विषय विशेषज्ञ विवेक पाठक ने बताया कि नासा के अंतरिक्ष यान यूरोपा क्लीपर के साथ जशपुर के बच्चों के नाम भी अंतरिक्ष यान के साथ बृहस्पति के उपग्रह यूरोपा की यात्रा पर निकल गए हैं। इसके द्वारा जिला प्रशासन का प्रयास है कि बच्चों को अधिक से अधिक विज्ञान विषय के प्रति रुचि बढ़ा कर उन्हें विज्ञान के अनुप्रयोगों के लिए प्रेरित करना है एवं उन्हें अंतरिक्ष विज्ञान के अदभुत ज्ञान प्रति जागरूक करना है। इससे पहले भी परसिविएन्स रोवर के माध्यम से अंतरिक्ष यान के द्वारा जिले के सैंकड़ों बच्चों के नामों को सिलिकॉन चिप द्वारा मंगल ग्रह पर भेजा गया था। ज्ञात हो कि यूरोपा क्लिपर अगले वर्ष की शुरुआत में मंगल ग्रह से निकट से गुजरेगा और फिर 2026 के अंत में पृथ्वी के निकट से गुजरते हुए 2030 में बृहस्पति के चंद्रमा यूरोपा पर पहुंचेगा। इस संबंध में गम्हरिया की छात्रा आकांक्षा तिर्की ने कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि मैं और मेरे साथियों का नाम अब अंतरिक्ष में बृहस्पति ग्रह के उपग्रह यूरोपा तक पहुंच रहा है। हमने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि हमारा नाम भी अंतरिक्ष में पहुंच पायेगा। हमारे नाम के साथ हमें महसूस हो रहा है जैसे हम भी अंतरिक्ष में पहुंच गए है। हम इस पहल के लिये मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं जिला प्रसाशन को धन्यवाद देते हैं जो हमें ये अवसर दिया। छात्रा प्रीति निराला ने कहा कि हम तो आज तक जमीन से टेलीस्कोप के द्वारा बृहस्पति को देखा था अब जब भी आसमान में बृहस्पति को देखेंगे तो सभी को गर्व से बताएंगे कि यहां से 290 करोड़ किमी दूर भी हमारा नाम बृहस्पति के यूरोपा उपग्रह पर जा चुका है। इसके लिए हम छत्तीसगढ़ शासन और जिला प्रशासन के आभारी हैं।

# बढ़ते अपराध को नियंत्रित करने कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ रानीतराई
www.dailypioneer.com



बढ़ते अपराध को नियंत्रित करने के लिए युवाओं को नशा मुक्त भारत अभियान से जुड़ना होगा। सामाजिक कुरीतियों की जड़ "नशा" है। युवा संकल्प ले की "एक युद्ध नशे के विरुद्ध" सक्रिय रूप से आगे आए। दुर्ग पुलिस द्वारा दुर्ग जिलों को नशा मुक्त जिला बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।उपरोक्त विचार स्व. दाऊ रामचंद्र साहू शासकीय महाविद्यालय एवं रानीतराई पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष बंछोर ने व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये जिला पंचायत के उपाध्यक्ष अशोक साहू ने युवाओं से कहा कि उन्हें नशे की प्रवृत्ति को रोकना होगा ताकि आपका परिवार, समाज, ग्रामीण अंचल का विकास हो सके और हम नशा मुक्त राष्ट्र के निर्माण में आगे बढ़ सके। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जनभागीदारी विकास समिति के अध्यक्ष एवं रानीतराई के सरपंच निर्मल जैन ने युवाओं को आह्वान करते हुए कहा कि छात्रों को नशा अपनी पढ़ाई से करना चाहिए तथा मोबाइल के अधिक उपयोग नहीं करना चाहिए। अनावश्यक मोबाइल के उपयोग से बचे। जीवन को विकसित करने का नशा करे। इस अवसर पर जनपद सदस्य पाटन, रवि सिन्हा ने कहा कि युवाओं को संकल्प लेना चाहिए कि वह नशा को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे। युवा शक्ति राष्ट्र शक्ति है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं नशा मुक्ति केंद्र के संयोजक अजय कल्याणी जी ने कहा कि आज नशा मुक्त अपराध - अपराध मुक्त समाज निर्माण में सक्रिय होना चाहिए। नीदरलैंड एक ऐसा देश है जहां हमें अपराध कम हो रहा है और पुलिस का काम खत्म हो रहा है। दुर्भाग्य से युवा सपूत नहीं कपूत बन रहे हैं। नशे की प्रवृत्ति एक घर घर में प्रवेश की तो पूरा घर बर्बाद हो जाता है। युवा संस्कृति एवं सभ्यता से दूर होते जा रहे है।

# रानीतराई में बने स्टेट लेबल के स्टेडियम का नहीं हो रहा है देखरेख

पायनियर संवाददाता ◄ रानीतराई
www.dailypioneer.com



पाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रानीतराई में बने स्टेट लेबल के स्टेडियम का नहीं हो रहा है देखरेख। उग गए हैं घास भुस। आपको बता दें राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता के लिए खेल अभ्यास के लिए बने इस स्टेडियम का किसी भी प्रकार की देखरेख विभाग के द्वारा नहीं की जा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के शासनकाल में निर्मित यह स्टेडियम सर्व सुविधा युक्त है। जिसमें क्षेत्र के बच्चे अभ्यास कर अपना प्रतिभा राज्य और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दिखा सकते हैं। लेकिन उक्त स्टेडियम में ताला लगने से आसपास के बच्चे या दुर्ग जिला के बच्चे उक्त स्टेडियम का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार अभी तक स्टेडियम का लोकार्पण नहीं हो पाया है पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा बनाया गया स्टेडियम अभी के डेट में अनुपयोगी साबित हो रहा है। स्टेडियम के अंदर घास घोष भुस उग गए हैं। जिसका साफ सफाई भी नहीं की जा रही है और ना ही स्टेडियम का रखरखाव हो रहा है। इसी तरह चलता रहा तो स्टेडियम को जर्जर होने में ज्यादा समय नहीं लगेगा।सत्ता परिवर्तन होने के बाद भी सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधी नही ले रहा है सुध आखिर साल भर बने स्टेडियम का लोकार्पण अभी तक क्यों नही करा पाए विभाग। वहीं पाटन के गोठ रिपोर्टर करन साहू ने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी आर के शुक्ला से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि अभी खेल विभाग को हैंड वोवर नहीं किया गया है, जल्द ही लोकार्पण की तैयारी के बारे में चर्चा की जाएगी और अति शीघ्र खेल विभाग को हैंड वोवर कर दिया जाएगा कुछ टेक्निकल इशू था जिसे कंप्लीट कर दिया गया है। और घास भुस बरसात में उग गया है उसे देखकर साफ सफाई करा दिया जाएगा।

वही जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू ने बताया कि स्टेडियम का निर्माण पूर्ण होने के बाद भी विभाग लोकार्पण कराने में रुचि नहीं ले रहा है। रख रखाव के अभाव में मैदान खराब हो रहा है। मैने निरीक्षण करने की कोशिश की लेकिन विभाग के अधिकारी रुचि नहीं दिखाई। साहू ने डबल इंजन के सरकार पर भी निशाना साधा कहा कि दुर्ग सासंद भी स्टेडियम के सुध नहीं ले रहा है। लोकार्पण नहीं होने के कारण क्षेत्र के बच्चे सर्व सुविधायुक्त स्टेडियम का लाभ नहीं ले पा रहा है।

# समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का की खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन 31 अक्टूबर तक

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

खरीफ विपणन 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान और मक्का की खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन एक जुलाई से चल रहा है, जो 31 अक्टूबर तक चलेगा। पंजीयन के लिए सभी किसान अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सहकारी समिति प्रबंधक से संपर्क कर नया पंजीयन करा सकते हैं। खाद्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार खरीफ विपणन 2024-25 में नया पंजीयन, फसल, रकबा संशोधन एवं कैरी फारवर्ड हेतु 1 जुलाई 2024 से किसानों का पंजीयन प्रारंभ किया गया है। सभी किसान अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, समिति प्रबंधक से संपर्क कर नया पंजीयन, फसल, रकबा संशोधन एवं कैरी फारवर्ड शीघ्र पूर्ण करा सकते हैं एवं वारिसान पंजीयन हेतु तहसील कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं, ताकि धान विक्रय करने वाले किसान को कृषक उन्नति योजना का लाभ प्राप्त हो सके। कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रदेश के किसानों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने की दृष्टि से कृषक पंजीयन की प्रकिया के सरलीकरण हेतु एकीकृत किसान पोर्टल विकसित किया गया है। एकीकृत किसान पोर्टल के नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल और रकबे में संशोधन की कार्यवाही 31 अक्टूबर तक सहकारी समिति के माध्यम से पंजीयन की जाएगी। एकीकृत किसान पोर्टल में धान एवं मक्का उपार्जन योजना को भी सम्मिलित किया गया है।

# नवरात्रि के महापर्व पर हुआ देवी भक्तों का सम्मान समारोह, मेडल और प्रतीक चिन्ह किया भेंट

पायनियर संवाददाता ◄ अम्लेश्वर
www.dailypioneer.com



दुर्ग जिला अंतर्गत नगर पालिका परिषद अमलेश्वर में बहुत ही धूमधाम से नवरात्रि के महापर्व को मनाया गया। विभिन्न स्थानों पर चौक चौराहा पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई थी। आज मां दुर्गा जगत जननी जगदंबा की विसर्जन यात्रा नगर में निकाली गई तिरंगा चौक से लेकर के पूरे नगर का भ्रमण माता रानी को कराया गया। डीजे के धुन में देवी भक्त झूम उठे। बाना और सांग युवाओं ने धारण किया था। जो आकर्षण का केंद्र रहा। तत्पश्चात माता रानी महादेव घाट पहुंचे और खारु नदी में माता जी का विसर्जन किया गया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेंद्र साहू महेंद्र (कंस्ट्रक्शन) के तत्वाधान में मां दुर्गा के पंडाल के प्रमुखों का मेडल एवं प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। तिरंगा चौक पर सम्मान समारोह का आयोजन महेंद्र साहू के नेतृत्व में किया गया था।जहां कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सभापति मोनू साहू कांग्रेस नेता संजय यदु पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष उमेश साहू उपस्थित रहे। महेंद्र साहू ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा की नवरात्रि के इस पावन पर्व पर माता रानी दुर्गा की 9 दिन तक भक्ति भाव में लीन रहे आयोजक समिति के प्रमुखों को मेडल और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया है। माता रानी की कृपा हम सब पर बनी रहे यही कामना समस्त नगर वासियों के करता हूं। माता रानी से सब की उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। सभी नगर वासियों को असत्य पर सत्य की जीत, बुराई पर अच्छाई की जीत विजयदशमी की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

# मछली पालन से गणेश महिला स्व सहायता समूह की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति हुई मजबूत

- समूह की महिलाएं 2 लाख 50 हजार रूपए की आमदनी कर रही अर्जित

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा मछली पालन अर्थात जलीय कृषि करने वाले किसानों को बढ़ावा देने के लिए राज्य में मत्स्य पालन को बढ़ावा दे रहे हैं। साथ ही महिलाओं को आर्थिक रूप से समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने हेतु खेती किसानी के साथ-साथ अन्य रोजगार से जोड़ा जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाओं का संचालन भी किया जा रहा है। मत्स्य विभाग द्वारा शासकीय तालाब को पट्टे पर देकर मछली पालन कार्य हेतु महिलाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। विभाग द्वारा 50 प्रतिशत अनुदान पर मत्स्य बीच के साथ ही विभागीय योजना अंतर्गत निःशुल्क जाल और आईस बॉक्स भी दिया जा रहा है। इसी कड़ी में मनोरा विकासखण्ड में गणेश महिला स्व सहायता समूह के द्वारा मनोरा के बथानडीपा शासकीय तालाब को पट्टे पर लेकर मछली पालन का कार्य किया जा रहा है। समूह की अध्यक्ष गुड़िया साहू ने बताया कि गणेश महिला स्व सहायता समूह की 11 महिलाओं द्वारा मनोरा में शासकीय तालाब को पट्टे पर लेकर मछली पान का कार्य किया जा रहा है। तालाब 0.801 हेक्टर में निर्माण किया गया है। उक्त तालाब में मच्छली पालन के लिए विभागीय योजना के तहत् 50 प्रतिशत अनुदान पर मत्स्य बीज उपलब्ध कराया गया है। साथ ही योजना अंतर्गत् निःशुल्क जाल एवं आईस बॉक्स भी दिया गया है। मछली पालन से समूह की महिलाओं ने 2 लाख 50 हजार रूपए की आय अर्जित किया है। समूह की सदस्यों ने बताया कि पहले से ही मछली पालन विभाग द्वारा वे लाभान्वित हो चुके हैं। मछली पालन के व्यवसाय से जुड़ने के बाद उनकी आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति मजबूत हुई है।

# पत्नी की बड़ी बहन के चेहरे पर किया फावड़े से वार, दूसरी शादी करने की बात के विरोध से हुआ युवक खफा

## अकलोरडीह में देर रात की घटना का आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

छोटी बहन के पति को दूसरी शादी करने से मना करना एक महिला को भारी पड़ गया। इस बात पर दोनों के बीच तकरार बढ़ी और गुस्साए युवक ने पत्नी की बड़ी बहन के चेहरे पर फावड़े से करारा वार कर दिया। मामला भिलाई-3 थाना क्षेत्र के अकलोरडीह गांव का है। गंभीर रूप से घायल महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस के अनुसार घायल महिला का नाम रुक्मणी ठाकुर पति मतरु राम ठाकुर है। वहीं ओमन लाल ठाकुर आरोपी है। आरोपी ओमन लाल रिश्ते में रुक्मणी ठाकुर का बहनोई है और मतरु राम ठाकुर का साढ़ू भाई है। ओमन लाल की शादी रुक्मणी की छोटी बहन कविता ठाकुर से हुई है। बीती रात 10 बजे के आसपास अकलोरडीह में दशहरा के अवसर पर आयोजित रावण दहन कार्यक्रम देखकर लौटने के बाद रुक्मणी ठाकुर और ओमन लाल ठाकुर के बीच विवाद हुआ। विवाद की वजह ओमन लाल द्वारा रुक्मणी की छोटी बहन कविता ठाकुर को छोड़कर दूसरी शादी करने की जिद करना बताया जा रहा है। रावण दहन कार्यक्रम से लौटने के बाद ओमन लाल ठाकुर ने फिर एक बार दूसरी शादी करने की बात छेड़ दी। इस दौरान रुक्मणी, ओमन लाल और कविता ठाकुर अंदर कमरे में थे। इसी दौरान रुक्मणी ने तल्ख लहजे में ओमन लाल को दूसरी शादी करने से मना किया। यह बात ओमन लाल को बुरी लगी और उसने घर में रखे फावड़े से रुक्मणी के चेहरे पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। अचानक कविता ठाकुर चीखती हुई बाहर निकली और आंगन में खड़े अपने जीजा मतरु राम ठाकुर को ओमन लाल द्वारा रुक्मणी पर फावड़े से वार करने की जानकारी दी। मतरु राम कमरे के अंदर गया तो देखा कि रुक्मणी ठाकुर का चेहरा चोट के चलते विभत्स और लहूलुहान था। आनन-फानन में पुलिस को सूचना देने के बाद रुक्मणी ठाकुर को सुपेला के लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रिफर किया गया है।


## एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19-A, धुलेशवर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

### सिक्योरिटाइजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र

अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी है। ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13 (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी ने ऋण खातों के गैर निष्पादनीय आस्तियों (एन.पी.ए.) होने पर नीचे दी गई तालिका के अनुसार ऋणीयों/ सह-ऋणीयों/ गारण्टर/ बंधककर्ताओं (जिन्हें आगे ऋणी/ऋणीयों के नाम से सम्बोधित किया जायेगा) को 60 दिनो के नोटिस प्रेषित किये थे, नोटिस के अनुसार यदि ऋणी 60 दिनों के भीतर सम्पूर्ण ऋण राशि जमा नही करवाते है तों प्राधिकृत अधिकारी प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में अधिनियम की धारा 13 उपधारा 4 व 14 के अन्तर्गत कदम उठाने हेतु स्वतंत्र होगा।जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ उसे प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा लेने की शक्ति तथा उनका विक्रय करना सम्मिलित है। अतः आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि निम्न सूची में दी गई सम्पूर्ण बकाया ऋण राशि भविष्य के ब्याज तथा खर्चो एवं लागतों इत्यादि के साथ 60 दिवस के भीतर जमा करवा दें।इसके अतिरिक्त आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त 13(13) में निर्दिष्ट सूचना की प्राप्ति के पश्चात प्रतिभूत लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना सूचना में निर्दिष्ट अपनी किन्ही प्रतिभूत आस्तियों को विक्रय द्वारा या पट्टे द्वारा अथवा किसी भी माध्यम से अन्तरित नहीं करेंगे। ऋणीयों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(8) सपठित नियम3(5) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अनुसार ऋणी अपनी बंधक सम्पत्ति को उसके द्वारा उपगत सभी खर्चों प्रभारों और व्ययों के सहित प्रतिभूत लेनदार द्वारा विक्रय या अन्तरण के लिये नीलामी सूचना के प्रकाशन से पूर्व किसी भी समय भुगतान करके मुक्त करवा सकते है।

| ऋणी/ सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर का नाम / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) L9001060127771590, रामाधार सिन्हा (ऋणी), श्रीमती धन्नी सिन्हा (सहऋणी) | 12-सितम्बर-24 ₹ 3,79,169/- तीन लाख उनयासी हजार एक सौ उहनत्तर रूपये मात्र 10-सितम्बर-24 तक | संपत्ति स्थित खसरा नं. 699, ग्राम थंकमरिया, तहसील एवं जिला राजनंदगांव, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 85 वर्ग मीटर |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060128591420, यतेन्द्र कुमार चन्द्रकार (ऋणी), यतेन्द्र कुमार चन्द्रकार (सहऋणी), आरती अरूण कुमार मिश्रा (सहऋणी) | 13-सितम्बर-24 ₹ 62,45,690/- बासठ लाख पैंतालीस हजार छः सौ नब्बे रूपये मात्र 10-सितम्बर-24 तक | संपत्ति स्थित खसरा नं. 967/5 का भाग, एलआईजी नं. 18, पद्मनाभपुर, तहसील एवं जिला दुर्ग, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 184.04 वर्ग मीटर |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060735932259, आजम किराना स्टोर (ऋणी), शेख मंजूर हसन (सहऋणी), श्रीमती जीनत बी (सहऋणी), श्रीमती मुमताज निशा (सहऋणी) | 13-सितम्बर-24 ₹ 29,79,566/- उनतीस लाख उनयासी हजार पांच सौ छियासठ रूपये मात्र 10-सितम्बर-24 तक | संपत्ति स्थित खसरा नं. 657, पीएच नं. 23-40, ग्राम पंचायत तिफरा, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 0.020 हैक्टयेर |

दिनांकः 15-10-2024 स्थानः छत्तीसगढ प्राधिकृत अधिकारी ए.यू.स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड


## बसंती मिंज साल में 01 लाख रूपए की कर रही है अतिरिक्त आमदनी

# कोसा कीटपालन बना जीवन यापन का उत्तम साधन

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के सार्थक प्रयास कर रहे हैं। जिला मुख्यालय से लगभग 60 किलोमीटर की दूरी पर स्थित कुनकुरी विकासखंड में ग्राम बोडाटांगरी को शासकीय टसर विस्तार केन्द्र वर्ष-2001-02 स्थापित किया गया है। रेशम विभाग के द्वारा शासकीय टसर विस्तार केन्द्र बोडाटांगरी अन्तर्गत 20 हेक्टयर वनभूमि में साजा, अर्जुना पौधरोपण कराया गया है। यह क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। इसी ग्राम के 20 हितग्राही टसर कीट पालन कर अपना स्थिति सुधार कर अच्छा आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। वर्ष 2023-24 में ग्राम बोडाटोंगरीं सी.एस.बी. मधुपुर जिला देवघर (झारखण्ड) के द्वारा यहाँ के हितग्राहियों को अच्छे स्व.डिम्ब समूह प्रदाय किया जाता है जिससे यहाँ के हितग्राहियों को अच्छा आमदनी तथा उत्पादन भी भारी मात्रा में होता है। आदिवासियों के उत्थान एवं रोजगार मूलक कार्य हेतु रेशम उत्पादन का कार्य प्रारंभ किया गया है। जिससे जुडकर आज एक अच्छी जिन्दगी जी रहे है। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार के दिशा-निर्देश में ग्राम बोड़ाटोगरी के निवासी मती बसंती मिंज द्वारा कोसा पालन कार्य किया जाता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कोसा उत्पादन कार्य में सतुष्ट है एवं गरीब परिस्थिति व पारिवारिक जिम्मेदारियों के कारण अपना सपना पूरा नहीं कर पाते थे छोटी-मोटी जरूरतों पर दूसरों के आगे हाथ फैलाना पड़ता था, कृषि भूमि भी कम होने के कारण अनाज का भी उत्पादन ज्यादा नहीं हो पाता था। परन्तु रेशम विभाग से जुड़कर उनकी आर्थिक स्थिति मजबुत हो गई है खेती किसानी के अलावा अतिरिक्त आय अर्जित कर पाते हैं। बंसती ने बताया कि उनकी वार्षिक आय लगभग 01 लाख तक हो जाती है। जिससे अपने बच्चों को अच्छे स्कूलों में शिक्षा दिला रहे तथा अपनी छोटी-मोटी जरूरतों को पूरा कर पा रही है। उन्होने बताया कि रेशम विभाग अधिकारी द्वारा रोजगार हेतु अथक प्रयास कर उन्नत किस्म के स्व.डिम्ब समूह प्रदाय करते है। ताकि हमारी आमदनी अधिक से अधिक हो तथा आर्थिक स्थिति पर सुधार हो सके और जिस प्रकार से विभाग की पहल से हमारे जैसे दूरवर्ती क्षेत्र में बसे लोगों तक शासन का योजना का लाभ पहुंचा रहे हैं निश्चित तौर पर आने वाले पीडियों को रोजगार हेतु किसी अन्यत्र राज्य में पलायन नहीं करना पड़ेगा।

# प्रमुख सचिव ने की अधिकारी-कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों से चर्चा

## संघों की मांगों का परीक्षण कराकर कार्यवाही का दिया आश्वासन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रमुख सचिव तथा राज्य शासन के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों की समस्याओं एवं मांगों की समीक्षात्मक प्रक्रिया आरंभ करने एवं मार्ग प्रशस्त करने गठित समिति की अध्यक्ष निहारिका बारिक सिंह ने मंगलवार को मंत्रालय में विभिन्न मान्यता प्राप्त पंजीकृत अधिकारी-कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रतिनिधि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष कमल वर्मा, उपाध्यक्ष नंदलाल चौधरी, महासचिव अविनाश तिवारी और छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जी आर चंद्रा शामिल हुए। प्रमुख अधिकारियों-कर्मचारियों की विभिन्न मांगों के संबंध में चर्चा कर मांग पत्र एवं आवेदन लिया। प्रमुख सचिव निहारिका बारीक सिंह ने विभिन्न स्तरों पर इनका परीक्षण कराकर आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया। प्रमुख सचिव और विभिन्न अधिकारी-कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों के बीच बैठक में प्रदेश के शासकीय सेवकों एवं पेंशनरों को केन्द्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता दिए जाने और जुलाई-2019 से लंबित महंगाई भत्ते के एरियर्स को भविष्य निधि खाते में समायोजित किए जाने के साथ ही राजपत्रित अधिकारियों के सर्वोत्तम हित में एक राज्य-एक भर्ती नियम प्रणाली लागू किए जाने, आई.ए.एस. अवार्ड हेतु एलायड सर्विसेस के अधिकारियों को एक तिहाई पदों पर अवसर प्रदान किए जाने, विभिन्न विभागों में विभागाध्यक्ष के पदों पर विभागीय संवर्ग के अधिकारियों की पदोन्नति कर पदस्थ किए जाने तथा शासकीय सेवकों को चार स्तरीय पदोन्नत वेतनमान क्रमशः 8,16, 24 एवं 32 वर्ष में दिए जाने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में राजपत्रित अधिकारियों के गोपनीय प्रतिवेदन व अचल संपत्ति विवरण ऑनलाइन किए जाने पर चर्चा की गई, ताकि समय पर पदोन्नति एवं समयमान वेतनमान का लाभ मिल सके। शासकीय सेवकों एवं पेंशनरों के लिए स्वास्थ्य सुविधा हेतु राज्य के मान्यता प्राप्त चिकित्सालयों से कैशलेस इलाज की सुविधा दिए जाने, मध्यप्रदेश की तरह छत्तीसगढ़ के शासकीय सेवकों को अर्जित अवकाश नगदीकरण 240 दिन के स्थान पर 300 दिवस किए जाने, राजपत्रित अधिकारियों द्वारा गठित संचालनालयीन राजपत्रित अधिकारी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित, रायपुर को नवा रायपुर में रियायती दर पर भूमि आबंटित किए जाने, राज्य सरकार के अंतर्गत विभिन्न विभागों में कार्यरत तकनीकी अधिकारियों की सेवाएं सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अधीन लेते हुए संचालक स्तर तक का तकनीकी पद निर्मित किए जाने, शासकीय सेवकों को समय पर पदोन्नति एवं समयमान वेतनमान का लाभ दिए जाने, पूर्व कमिश्नर कार्यालय के समान समस्त विभागों के संभागीय कार्यालय स्थापित किए जाने और राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को अन्य प्रशासनिक विभागों में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ नहीं करते हुए उन्हें सामान्य प्रशासन विभाग अथवा राजस्व विभाग में ही पदस्थ किए जाने के संबंध में भी बैठक में चर्चा की गई। प्रमुख सचिव और अधिकारी-कर्मचारी संघों की बैठक में मंत्रालय की भांति सभी विभागों के विभागीय सेट-अप पुनरीक्षित किए जाने, बैकलॉग एवं सेवानिवृत्ति से रिक्त पदों की भर्ती तत्काल किए जाने, पशुधन विकास विभाग में तृतीय समयमान वेतनमान हेतु 15 अंक के स्थान पर 12 अंक निर्धारित किए जाने, प्रदेश के शासकीय सेवकों को केन्द्र के समान गृह भाड़ा भत्ता दिए जाने, प्रदेश सरकार द्वारा वेतन विसंगति एवं अन्य मुद्दों के लिए गठित पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट को सार्वजनिक किए जाने, मंत्रालय की भांति संचालनालय में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों को समान सुविधाएं दिए जाने, पेंशनरों को त्वरित पेंशन भुगतान हेतु 23 वर्षों से लंबित राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49(6) को विलोपित किए जाने तथा विभागाध्यक्ष कार्यालयों में पदस्थ राजपत्रित अधिकारियों को मंत्रालय प्रवेश हेतु अस्थायी पास जारी किए जाने के संबंध में भी चर्चा की गई।

# राजेश मूणत के प्रयास से शुक्रवारी से स्टेशन तक 27 करोड़ से फोरलेन की मिली मंजूरी

## सीएम साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव का जताया आभार

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर पश्चिम को फिर चमकाने में जुटे पूर्व मंत्री तथा दिग्गज भाजपा नेता राजेश मूणत के प्रयासों पर सीएम विष्णुदेव साय ने मुहर लगाते हुए गुढ़ियारी को एक और फोरलेन सड़क प्रदान कर दी है। यह सड़क शुक्रवारी से शुरू होकर प्लेटफार्म-5 स्थित रेलवे फाटक को जोड़ेगी तथा पूरी तरह फोरलेन होगी। अभी यह सड़क कई जगह बेहद संकरी है। लगभग पौन किमी की इस सड़क के निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ शासन ने 26.52 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति भी जारी कर दी है। सड़क निर्माण की मंजूरी और फंड मंजूर करने के लिए पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने सीएम विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि रायपुर पश्चिम क्षेत्र में सड़कों का इंफ्रास्ट्रक्चर और बढ़ाने के लिए और बड़ी कोशिशें की जाएंगी। रायपुर पश्चिम के विधायक तथा तीन बार के मंत्री रहे राजेश मूणत को इस विधानसभा क्षेत्र में सड़कों के साथ-साथ बुनियादी सुविधाओं का बड़ा और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के लिए माना जाता है। रायपुर पश्चिम से गुजरनेवाली अन्य सड़कों के चौड़ीकरण तथा फ्लाईओवर्स का निर्माण मूणत के कार्यकाल में बड़े पैमाने पर हुआ है। जहां तक शुक्रवारी से स्टेशन तक करीब 0.78 किमी के नए फोरलेन का सवाल है, राज्य शासन से जारी आदेश में कहा गया है कि इस सड़क के निर्माण का टेंडर जारी करने से पहले सक्षम अधिकारी से तकनीकी स्वीकृति ली जाए। इस सड़क पर पुल-पुलिया बनानी हो तो उसका ड्राइंग-डिजाइन भी फाइनल करवा लिया जाए। सड़क की चौड़ाई बढ़ाने के लिए भूअर्जन करना होगा। प्रस्ताव के अनुसार भूअर्जन की राशि भी स्वीकृत कर दी गई है।

### मूणत ने शासन को भेजा था इसका प्रस्ताव



पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने गुढ़ियारी समेत समूचे रायपुर पश्चिम की फ्री तथा क्लीयर एंट्री के लिए इस सड़क का प्रस्ताव तैयार करवाया था। यह सड़क केवल स्टेशन ही नहीं, बल्कि गुढ़ियारी को स्टेशन इलाके से जोड़नेवाली महत्वपूर्ण सड़क भी है। यह कई जगह संकरी है, इसलिए ट्रैफिक में दिक्कतें होती हैं। विशेषज्ञों तथा शुक्रवारी इलाके के लोगों से लंबे विचार-विमर्श के बाद मूणत ने प्रस्ताव में सभी सुझावों को शामिल किया था। उन्होंने इस बारे में सीएम विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव से आग्रह किया था और उन्हें जानकारी दी थी कि किस तरह यह सड़क पूरे गुढ़ियारी तथा रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के अधिकांश इलाके के लिए रायपुर रेलवे स्टेशन की बेहद महत्वपूर्ण एंट्री हो सकती है। इस आधार पर सीएम साय ने पहल कर न केवल इस सड़क की वित्त विभाग के मंजूरी दिलवाई, बल्कि पीडब्लूडी महकमे ने इसके निर्माण की औपचारिक प्रक्रिया शुरू कर दी।

# कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह की अध्यक्षता में नियमितिकरण का लिया गया निर्णय, 256 प्रकरणों का हुआ निराकरण

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर सभाकक्ष में अनाधिकृत विकास का नियमितिकरण प्राधिकार समिति की बैठक हुई। इस बैठक में अनाधिकृत तरीके से निर्माण किए गए 256 प्रकरणों का निराकरण किया गया। कलेक्टर डॉ. सिंह ने सभी प्रभारी अधिकारियों को कहा कि अनाधिकृत निर्माणों के लंबित प्रकरणों का जल्द से जल्द चरणबद्ध तरीके से निपटारा किया जाए।

# शुद्ध एवं त्रुटिरहित निर्वाचन नामावली तैयार करने व्यापक प्रचार-प्रसार करें : सिंह

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायतों एवं नगरीय निकायों के आम/उप निर्वाचन 2024-25 हेतु निर्वाचक नामावली तैयार एवं पुनरीक्षण किये जाने का कार्यक्रम प्रक्रियाधीन है। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने सभी जिला के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्वाचक नामावली कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने कहा है, जिससे शुद्ध एवं त्रुटिरहित निर्वाचक नामावली तैयार की जा सके। उन्होंने बताया कि नगरीय निकायों हेतु प्रारंभिक निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 16 अक्टूबर 2024 एवं त्रिस्तरीय पंचायत हेतु प्रारंभिक निर्वाचक नामावली प्रकाशन 24 अक्टूबर 2024 निर्धारित है। निर्वाचन आयुक्त सिंह ने सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्वाचक नामावली के प्रचार-प्रसार के साथ ही 16 अक्टूबर को अपने-अपने जिले में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर मीडिया के माध्यम से निर्वाचन से जुड़ी जानकारी देने कहा है। निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रारंभिक प्रकाशन हेतु चिन्हांकित विविध स्थानों की जानकारी, दावें एवं आपत्तियों को प्राप्त करने हेतु निर्धारित स्थलों की पंचायतवार, निकायवार एवं वार्डवार कुल संख्या की विस्तृत जानकारी देने कहा है। इसी तरह दावें एवं आपत्तियों को प्राप्त करने तथा उनका निराकरण करने हेतु निर्धारित तिथियां, निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन के संबंध में जानकारी तथा पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में जिले द्वारा 'जाबो' अंतर्गत किये गये जागरूकता संबंधी कार्य सहित निर्वाचन संबंधी आवश्यक विषय पर जानकारी मीडिया को देने कहा है। जिससे मीडिया के माध्यम से निर्वाचन संबंधी जानकारियां लोगो तक पहुंच सके।

# मंत्री देवांगन ने 441.07 लाख के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

वाणिज्य, उद्योग, एवं श्रम मंत्री एवं कोण्डागांव जिले के प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन ने कोण्डागांव प्रवास के दौरान जिला खनिज न्यास निधि अंतर्गत जिले में लगभग 441.07 लाख रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इसमें कोण्डागांव व केशकाल विधानसभा अंतर्गत माध्यमिक शाला निर्माण, जर्जर एवं भवन विहीन प्राथमिक शाला भवन का जीर्णोद्धार, आंगनबाड़ी भवन निर्माण सहित विभिन्न कार्यों के कुल 181.38 लाख रूपए, केशकाल विधानसभा अंतर्गत उद्यानिकी रोपणी नर्सरी में आहता निर्माण एवं रनिंग मीटर में चैनलिंक फेसिंग कार्य सहित कुल 124.42 लाख रूपए और ईको पर्यटन केन्द्र टाटामारी में विभिन्न निर्माण कार्यों के कुल 96.32 लाख रूपए शामिल है। इसी प्रकार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत विधानसभा कोण्डागांव हेतु 22 विकास कार्यों के कुल 38.95 लाख रूपए सहित कुल 441.07 लाख रूपए के कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

### बस्तर ओलंपिक रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल से छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बस्तर क्षेत्र के युवाओं की खेल प्रतिभा को निखारने और संवारने के उददेश्य से बस्तर ओलंपिक का शुभारंभ किया गया है। बस्तर ओलंपिक के बारे में जिले के विभिन्न क्षेत्र के लोगों को जानकारी देने और अधिक से अधिक पंजीयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज मंत्री लखन देवांगन ने बस्तर ओलंपिक रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भगवती पटेल, जनपद पंचायत कोण्डागांव के अध्यक्ष शिवलाल मंडावी, दीपेश अरोरा, मनोज जैन, सोनामनी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों सहित एडीएम चित्रकांत चाली ठाकुर सहित बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही और आवास मित्र उपस्थित थे।

# रियल एस्टेट सेक्टर में पारदर्शिता बढ़ाने रेरा की महत्वपूर्ण बैठक



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) ने रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स में बैंक खातों की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अधिसूचित बैंक अधिकारियों एवं बिल्डर्स के संगठन (क्रेडाई) के सदस्यों के साथ आज स्थानीय न्यू सर्किट हाऊस में संयुक्त बैठक किया गया। बैठक में रेरा के अध्यक्ष संजय शुक्ला, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक महेन्द्र डोहरे, पंजाब नेशनल बैंक के जोनल मैनेजर और 28 राष्ट्रीयकृत और निजी बैंकों के अधिकारी, साथ ही क्रेडाई (रायपुर और बिलासपुर) के सदस्य शामिल हुए। रेरा के अध्यक्ष संजय शुक्ला ने कहा कि बैठक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि रियल एस्टेट परियोजनाओं के लिए बैंकों द्वारा खाता संचालन रेरा के नियमों के अनुसार हो। रेरा ने कई अवसरों पर पाया है कि कुछ बैंकों द्वारा खातों के संचालन में अनियमितताएं हो रही हैं, जिससे निवेशकों और बैंकों के हितों की सुरक्षा प्रभावित हो रही है। इसके लिए बैंकों को नियमों का कड़ाई से पालन करने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि रेरा प्रावधानों के अनुसार, किसी भी प्रोजेक्ट के लिए तीन प्रकार के खाते आवश्यक हैं।




# दीपावली पर्व के पूर्व शहर की स्ट्रीट लाईटों को प्राथमिकता से सुधारने आवश्यकतानुसार नवीन स्ट्रीट लाईट सेट लगाने के अपर आयुक्त के निर्देश

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेशानुसार नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन में तृतीय तल स्थित सभाकक्ष में अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय ने कार्यपालन अभियंता शरद ध्रुव, सहायक अभियंता संदीप शर्मा की उपस्थिति में जोनों के विद्युत विभाग के उप अभियंताओं की बैठक लेकर उन्हें दीपावली पर्व को देखते हुए राजधानी शहर रायपुर में अभियान चलाकर स्ट्रीट लाईटों को सुधारकर बन्द पड़ी स्ट्रीट लाईटों को चालू करवाने, स्ट्रीट लाईटों से सम्बंधित सभी जनशिकायतों का जोनों से गैंग उप अभियंता सहित स्थल पर भेजकर दीपावली पर्व के पूर्व त्वरित निराकरण करवाने, व्यवहारिक आवश्यकता के अनुरूप वार्डों में स्ट्रीट लाईटों के नवीन सेट सेंट्रल स्टोर से शीघ्र उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए है। बैठक में अनुबंधित फर्म ईईएसएल कम्पनी के प्रतिनिधि उपस्थित थे। उन्हें स्ट्रीट लाईटों के शहर में संधारण का कार्य प्राथमिकता से अनुबंध की शर्तों के अनुसार सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए गए है। अपर आयुक्त ने राजधानी शहर रायपुर निगम क्षेत्र में दीपावली पर्व के पूर्व स्ट्रीट लाईट व्यवस्था सुधारकर समुचित प्रबंधन प्राथमिकता से करवाने के निर्देश दिए है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403